नई दिल्ली

सोमवार 22 जून 2026

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 64
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41.0°C
न्यून. 32.0°C

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 एलोय बने दीवार, इक्वाडोर के 15 हमले किए नाकाम, हासिल किया पहला अंक










कोलकाता के रेड रोड पर पीएम मोदी ने किए 5 योगासन, लोगों को भी सिखाया

21 जून को सूरज की रोशनी देर तक रही, ठीक वैसे ही जैसे योग की रोशनी जिंदगी में होती है

# योग के लिए 'बड़ा दिन'

**मोदी बोले- 70 की उम्र में 50 जैसा दिखें योग इसमें मददगार, यह सबको जोड़ता है**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह शामिल हुए। पीएम के साथ कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर हजारों लोगों ने योग किया। पीएम ने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित 5 आसन किए। कॉमन प्रोटोकॉल योग सत्र के दौरान पीएम लोगों के बीच पहुंचे और उनकी योग मुद्राओं को सुधारने में मदद करते नजर आए। योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' यानी बढ़ती उम्र के लिए योग है।




नरेंद्र मोदी

पीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य 40 साल की उम्र में 20 साल की उम्र से ज्यादा लचीले होना, 50 साल की उम्र में 30 से ज्यादा ऊर्जावान और 70 की उम्र में 50 साल से ज्यादा स्वस्थ रहना होना चाहिए। योग दिवस पर मैं बंगाल के लोगों की उस सफाई मुहिम के लिए खास तौर पर तारीफ करना चाहता हूं जो चलाई गई है। यह एक शानदार पहल है। पूरा देश योग की उर्जा के चैत्नय से भरा हुआ नजर ▶▶ शेष पेज 5 पर



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया, ध्यान मुद्रा में ।



पीएम मोदी ने लोगों को योग के तरीके भी बताए

## पैंगोंग झील के किनारे हिमवीरों ने किया योग

आईटीबीपी की 24वीं बटालियन ने पैंगोंग झील के किनारे लुकुंग पोस्ट पर एक योग सत्र आयोजित किया। स्वास्थ्य, सद्भाव और कल्याण का संदेश फैलाते हुए हिमवीरों, सेना के जवानों, स्थानीय ग्रामीणों और महाबोधि संस्थान के सदस्यों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## योग शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा कक्षा 3 से 9 तक पाठ्यक्रम में होगा शामिलः नायब

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बड़ी घोषणाएं

▶▶ **मोरनी में बनेगा प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग का राज्य स्तरीय संस्थान एचएसएससी और एचपीएससी परीक्षाओं में पूछे जाएंगे योग से जुड़े प्रश्न**

▶▶ **सरकारी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान राज्य गीत का सामूहिक गायन होगा सुनिश्चित**





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2026 के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय योग दिवस समारोह में योग को जन-आंदोलन के रूप में विकसित करने तथा विद्यार्थियों एवं युवाओं में स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में कक्षा 3 से लेकर कक्षा 9वीं तक सभी कक्षाओं के पाठ्यक्रम में योग शिक्षा को लागू किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

कहा-विश्व कल्याण के लिए योग की नई पहचान

## राष्ट्रपति मुर्मु ने जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड पर किया योग



जबलपुर में राष्ट्रपति मुर्मू और सीएम डॉ. यादव योग करते हुए

योगाभ्यास में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व 3 मंत्री मौजूद थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि योग को विश्व कल्याण के एक सशक्त माध्यम के रूप में नई पहचान और व्यापक स्वीकार्यता मिली है। विदेशों में भी योग के प्रति लोगों का आकर्षण निरंतर बढ़ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### योग, वैश्विक शांति के लिए एकमात्र उपायः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योग दिवस वैश्विक शांति और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के करीब 2500 स्थानों पर योगाभ्यास किया। 210 से अधिक दूतावासों ने भी सामूहिक योग में भागीदारी की। भारत ने योग के रूप में दुनिया को मानव कल्याण का उपहार सौंपा है। मुख्यमंत्री आदि देव शंकर और आष्टांग योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि को नमन करते हुए कहा कि यह मप्र का सौभाग्य है कि 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम संस्कारधानी जबलपुर में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ने सदैव संसार को एक परिवार के रूप में देखा है। हमने कभी ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एनटीए डीजी संग की परीक्षा की समीक्षा

# सुरक्षाबलों, सीसीटीवी की कड़ी निगरानी में संपन्न हुई नीट-यूजी परीक्षा, 20 लाख से अधिक छात्र बैठे

- देश-विदेश में कुल 5,454 केंद्रों पर हुई परीक्षा, अकेले एनटीए नहीं 'टीम भारत' की रही भूमिका
- पिछले महीने 3 मई को पेपरलीक की वजह से रद्द होने के बाद 21 जून को फिर से हुई यह परीक्षा
- पीएम मोदी ने छात्रों को ट्रैफिक की असुविधा से बचाने के लिए दिल्ली हवाई से अपने आवास तक की यात्रा पर कुछ देर के लिए लगाया विराम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रविवार को राष्ट्रीय राजधानी सहित देशभर में बड़ी तादाद में की गई सुरक्षाबलों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों और जैमर्स की कड़ी निगरानी में फिर से हुई नीट-यूजी की प्रवेश परीक्षा सफलता के साथ संपन्न हुई। जिसमें कुल 20 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कोलकाता यात्रा से करीब सवा एक बजे लौटने पर परीक्षा के लिए जाने वाले छात्रों को ट्रैफिक से जुड़ी किसी भी तरह की असुविधा से बचाने के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआई) से अपने आधिकारिक निवास स्थान तक की यात्रा को कुछ देर के लिए टाल दिया। जबकि दूसरी ओर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने परीक्षा के आयोजन पर सख्त नजर बनाए रखी। राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बताया कि इस बार यह परीक्षा देश-विदेश मिलाकर कुल 5 हजार ▶▶ शेष पेज 5 पर



### परीक्षा में बैठा कीमोथेरेपी कराने वाला छात्र

सभी उम्मीदवारों के लिए परीक्षा केंद्रों पर व्यापक रूप से इंतजाम किए गए थे। जिसमें 10 हजार से अधिक दिव्यांग अभ्यर्थी भी शामिल रहे। मेडिकल कंडीशन वाले 81 छात्रों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। जिनमें सड़क दुर्घटना वाला एक छात्र और कीमोथेरेपी से गुजर रहा एक अन्य छात्र शामिल है। यह दोनों छात्र किसी भी सूरत में अपनी परीक्षा को छोड़ना नहीं चाहते थे। क्योंकि इसके लिए उन्होंने कई वर्षों से तैयारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वायुसेना ने पहुंचाए प्रश्नपत्रों के सेट

यहां बता दें कि पूर्व में पिछले महीने 3 मई को नीट-यूजी की परीक्षा हुई थी। लेकिन पेपरलीक की वजह से केंद्र सरकार ने उसे रद्द कर दिया था। बाद में इसके लिए 12 जून की तारीख निर्धारित की गई। रक्षा मंत्री के आवास पर बीते वक्त में हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक में तय किया गया कि प्रश्नपत्रों को देश में विभिन्न जगहों तक सुरक्षित अंदाज में पहुंचाने के लिए भारतीय वायुसेना की मदद ली जाएगी। बल के मी-17वी-5 हेलीकॉप्टरों की मदद से नीट के प्रश्नपत्रों के सेट पहुंचाए गए। यह पहला ऐसा ऐतिहासिक मौका था। जब वायुसेना का इस्तेमाल किसी राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 7 लाख अधिकारियों की रही तैनाती

एजेंसी ने बताया कि परीक्षा दोपहर 2 बजे से लेकर शाम सवा पांच बजे तक हुई। जिसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। केंद्र-राज्यों की पुलिस की टीमों, पर्यवेक्षकों और परीक्षा कराने वाले स्टाफ सहित कुल 7 लाख कर्मियों की देश में तैनाती की गई। जिसमें रिकॉर्ड 37 दिन का वक्त लगा। एनटीए ने विशेष रूप से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के उन तमाम विशेषज्ञों के प्रति आभार जताया है। जिन्होंने प्रश्नपत्रों के कई सेट तैयार करने के लिए अपना व्यक्तिगत समय दिया।

### राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों की अहम भूमिका

एनटीए की मानें तो नीट-यूजी परीक्षा में राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों और उनके प्रशासन की बेहद अहम भूमिका रही है। उन्होंने एक बार 21 जून को इस परीक्षा को पुनः कराए जाने की केंद्र की घोषणा के बाद एजेंसी को हर प्रकार का जरूरी सहयोग प्रदान किया। प्रदेश की सरकारों ने छात्रों और उनके अभिभावकों को परीक्षा केंद्रों पर कोई परेशानी न हो। उसके लिए तमाम जरूरी इंतजाम किए। जिसमें गर्मी के मौसम को देखते हुए पीने के पानी, ओआरएस से लेकर खाने की व्यवस्था, बैठने के लिए ठंडी और आरामदायक शेडनुमा जगह बनाई गई, परीक्षा के दिन छात्रों को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा भी इसमें शामिल है। कई राज्यों में किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस और अन्य आवश्यक मेडिकल सुविधाओं को स्टैंडबाय पर रखा गया। एनटीए ▶▶ शेष पेज 5 पर

तमिलनाडु में भीषण हादसा

## सी फूड फैक्ट्री में अमोनिया गैस रिसाव से 7 महिलाओं की मौत



एजेंसी ▶▶ तिरुवल्लूर

तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में रविवार को एक बड़ा औद्योगिक हादसा हो गया। पेरियापालयम के पास कन्निगाइपैर स्थित सेंट पीटर्स पॉल सी फूड्स एक्सपोर्ट्स फैक्ट्री में अचानक अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। इस जहरीली गैस की चपेट में आने से 7 महिला श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि ▶▶ शेष पेज 5 पर






## वर्ल्ड रिकॉर्ड : वैभव सूर्यवंशी का श्रीलंका में नया 'वैभव'



11 गेंदों में 5 चौके और 5 छक्के

श्रीलंकाई खिलाड़ी ने धक्का-मुक्की की थी तब वैभव बोले थे- अब नहीं छोड़ूंगा

# लंका की लगा दी 'लंका' 11 गेंद में ठोक डाले 50

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इसे कहते हैं तूफान। इसे कहते हैं चक्रवात। इसे कहते हैं सुनामी। कोई भी नाम दे दो, बल्ला वैभव सूर्यवंशी का ही रहेगा। सुनील गावस्कर ने कह भी दिया- भारत को हर रिकॉर्ड चूर-चूर करने वाला बल्लेबाज मिल गया है। उसे बनाए रिकॉर्ड शायद ही तोड़े जा सकें। वैभव सूर्यवंशी ने इंडिया ए के लिए ट्राई नेशन सीरीज के फाइनल में श्रीलंका ए के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। वैभव वनडे क्रिकेट यानी लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अर्धशतक तक पहुंचने के लिए वैभव को सिर्फ 11 गेंदें लगीं और अपनी ▶▶ शेष पेज 5 पर

**वैभव सूर्यवंशी**
**प्लेयर ऑफ द मैच**

| | |
|---|---|
| 94 | रन |
| 29 | गेंद |
| 10 | चौके |
| 08 | छक्के |

### बल्ले से दिया करारा जवाब

वैभव सूर्यवंशी के आखिरी मैच में उनके साथ धक्का-मुक्की कर दी थी। हर कोई इस बात की दलील दे रहा था कि वैभव को अपने बल्ले से जवाब देना चाहिए और श्रीलंका ए की पूरी टीम को उन्होंने अपने बल्ले से ही जवाब दिया।

## नीट परीक्षा: लगभग 45 हजार अभिभावकों व परीक्षार्थियों ने उठाया कूलिंग जोन का लाभ

# परीक्षा के दौरान दिल्ली सरकार की व्यवस्थाओं को मिला व्यापक समर्थन: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान परिक्षार्थियों और उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए दिल्ली सरकार द्वारा किए गए विशेष प्रबंधों को व्यापक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। लगभग 45 हजार अभिभावकों व परीक्षार्थियों ने दिल्ली सरकार की इस सुविधा का लाभ उठाया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि परीक्षा के दिन प्राप्त फीडबैक से स्पष्ट है कि सरकार की व्यवस्थाओं ने विद्यार्थियों और उनके परिवारों को बड़ी राहत प्रदान की। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार ने देश में इस तरह की नई पहल शुरू की है, जब परीक्षार्थियों के साथ अभिभावकों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए सरकार के कई विभागों के समन्वित प्रयास की सराहना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा से पहले यह सुनिश्चित किया गया था कि किसी भी परिक्षार्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परिवहन संबंधी कठिनाई का सामना न करना पड़े और न ही अभिभावकों को भीषण गर्मी में असुविधा झेलनी पड़े। इसी उद्देश्य से सभी नीट अभ्यर्थियों के लिए डीटीसी बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा राजधानी के सभी 97 परीक्षा केंद्रों के बाहर विशेष कूलिंग जोन स्थापित किए गए। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने वैध एडमिट कार्ड के आधार पर डीटीसी की निःशुल्क यात्रा सुविधा का लाभ उठाया। विद्यार्थियों ने कहा कि इससे उन्हें समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने में मदद मिली और परीक्षा के दिन परिवहन संबंधी चिंता कम हुई।




### लंबे समय तक प्रतीक्षा करना अधिक सहज और आरामदायक रहा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के बाहर स्थापित विशेष कूलिंग जोन को भी अभिभावकों और परिजनों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। कूलिंग जोन में बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, ओआरएस, शिकंजी, चाय और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। अभिभावकों ने कहा कि इन व्यवस्थाओं से लंबे समय तक प्रतीक्षा करना अधिक सहज और आरामदायक हो गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार करीब वहां पहुंचे करीब 45 हजार परीक्षार्थियों व अभिभावकों ने सरकार की इस सुविधा का लाभ उठाया। वे इस बात से संतुष्ट थे कि पहली बार उन्हें इस तरह की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### वास्तविक जरूरतों को समझते हुए किया सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं युवाओं के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होती हैं। ऐसे अवसरों पर सरकार का दायित्व केवल प्रशासनिक व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि परिक्षार्थियों और उनके परिवारों की वास्तविक जरूरतों को समझते हुए उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने कहा कि जब अभिभावक निश्चिंत रहते हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रदर्शन पर भी पड़ता है।

### परीक्षा केंद्रों पर रहा कड़ा सुरक्षा पहरा



नई दिल्ली। राजधानी में रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पुनर्परीक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सहित सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए ताकि परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी और प्रवेश केंद्रों पर सख्त जांच की गई। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन की भी व्यवस्था की गई थी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि परीक्षा केंद्रों के बाहर प्रतीक्षा कर रहे अभिभावकों के लिए मुफ्त पेयजल और जलपान की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की गई थी।

---

एक आरोपी गिरफ्तार

# झगड़े में दंपति को चाकू मारे, महिला की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले के बिंदापुर थाना इलाके में कुछ लोगों ने झगड़े में पति पत्नी को चाकू मार दिया। दोनों को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया जहां आरती नामक महिला को मृत घोषित कर दिया गया। महिला के पति को बाद में बेहतर इलाज के लिये सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। घायल का नाम विक्की बताया गया है। गली में मोटर साइकिल खड़ी करने को लेकर झगड़ा हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये पप्पू नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर 2:50 बजे बिंदापुर पुलिस स्टेशन को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि दो से तीन लड़कों ने कॉलर की बेटी और दामाद के पेट में चाकू घोंप दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस बिंदापुर के सेक्टर-3, जेजे कॉलोनी में घटनास्थल पर पहुंचे। पता चला कि घायलों को पहले ही डीडीयू अस्पताल ले जाया जा चुका था। इसके बाद आईओ अस्पताल पहुंचे और पाया कि आरती को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था, जबकि उनके पति विक्की पुत्र मदन लाल का इलाज चल रहा था। बाद में घायल विक्की को इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल भेज दिया गया। स्थानीय पूछताछ के दौरान पता चला कि पति पत्नी और उनके पड़ोसी पप्पू व नाबालिग लड़के के बीच सड़क पर मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर झगड़ा हुआ था। इस झगड़े के दौरान आरती और विक्की को चाकू मारा गया। 40 वर्षीय आरोपी पप्पू को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

---

# जंतर-मंतर पर दूसरे दिन भी डटे रहे कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक विवाद को लेकर धरना प्रदर्शन कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के समर्थक लगातार दूसरे दिन रविवार को भी जंतर मंतर पर डटे रहे। सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके व उनके समर्थक प्रदर्शनकारियों की मांग है कि नीट पेपर लीक के जिम्मेदार शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाया जाए या खुद वह पद त्याग करें। अभिजीत दीपके ने दूसरे दिन रविवार को जहां दिल्ली वालों से जंतर मंतर पहुंचने की अपील की वहीं किसानों से भी समर्थन देने की अपील की है। दिपके ने कहा कि किसानों के अधिकारों की जब जब लड़ाई हुई छात्रों ने हमेशा उनका साथ दिया है। लेकिन अब जब छात्रों को किसानों की एकजुटता व समर्थन की आवश्यकता है, तो उन्हें भी जंतर मंतर पर आकर हमारा समर्थन करना चाहिए। दीपके ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि प्रदर्शन में शामिल होने आएं, हम मोर्चा संभाले हुए हैं। क्योंकि छात्रों की यह मुहिम आप सबके व किसानों के समर्थन के बिना सफल नहीं हो सकती।

### किसानों से समर्थन की अपील

दीपके ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति शनिवार शाम समाप्त होने को लेकर कहा कि हम दिल्ली पुलिस से अपील करते है कि वह हमें प्रदर्शन के लिए अलग से एक स्थान आवंटित कर दे। उन्होंने कहा कि लेकिन जब तक दूसरा स्थान आवंटित नहीं होगा हमारा धरना प्रदर्शन यू ही जंतर-मंतर पर चलता रहेगा। दीपके ने कहा कि हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है, एक भी प्रदर्शनकारी ने कुछ भी गलत कार्य या यूं कहे कि कानून हाथ में नहीं लिया है। इसलिए पुलिस को चाहिए कि वह हमारे प्रदर्शन के लिए एक अलग से स्थान सुनिश्चित कर दें। दीपके ने पुलिस प्रशासन से मौके पर ही सार्वजनिक शौचालयों में पानी की आपूर्ति बहाल करने का भी अनुरोध किया। उनका दावा है कि शनिवार रात से यहां पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई है। पानी के अलावा लाइट बंद करने के भी आरोप दीपके ने लगाए है। दिपके ने आह्वान किया है कि हमारा विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से चलते रहेगा, हम केंद्र सरकार से एक बार फिर बातचीत की अपील करते है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के दोषी शिक्षा मंत्री को तुरंत पद से हटाया जाए अथवा वह इस्तीफा दे। दीपके ने साफ कहा कि मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से नीचे हमें कुछ भी मंजूर नहीं है। दीपके ने कहा कि हम जंतर मंतर से तब तक नहीं हटेंगे जब तक प्रदर्शन के लिए कोई दूसरा स्थान नहीं दिया जाता।



---

# दिल्ली को अब मानसून का इंतजार, पारा पहुंचा 38 डिग्री पार, बिजली की खपत 7 हजार मेगावाट पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में एक बार फिर मौसम के बिगड़े मिजाज के चलते पारा चढ़कर 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। भीषण गर्मी और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसे में अब दिल्ली वालों को बारिश का इंतजार है, लेकिन प्री मानसून भी राजधानी से मुंह मोड़े हुए है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आईएमडी के अनुसार रिज एरिया में सबसे ज्यादा 41.8 डिग्री और पालम में 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी का अनुमान है कि सोमवार को दिल्ली में 40-60 किमी प्रति घंटा की गति से तेज हवाएं चलेगी। आसमान पर आंशिक तौर पर बादलों को आना जाना लगा रह सकता है। कहीं कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। आईएमडी ने बताया कि मंगलवार से आसमान साफ रहेगा और अधिकतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी। वहीं दूसरी तरफ मौसम के बदले मिजाज का असर बिजली की मांग की बढ़ोतरी पर भी दिख रहा है। जिसके चलते एक बार फिर राजधानी में बिजली की मांग का ग्राफ चढ़कर 7 हजार मेगावाट के पार दर्ज हो रहा है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली के अनुसार शनिवार को जहां बिजली की खपत 7407 मेगावाट रही, वहीं वीकेंड रविवार को मांग का ग्राफ 7350 मेगावाट दर्ज हुआ। निजी बिजली कंपनियों टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस का दावा है कि बिजली की मांग बढ़ने के बावजूद कहीं कोई कटौती नहीं की जा रही।

---

# सूबेदार बनकर चूना लगाने वाला पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य जिले की साइबर पुलिस ने ऑनलाइन रेंटल स्कैम में प्रॉपर्टी मालिक से 35 हजार की धोखाधड़ी करने वाले बैंक अकाउंट होल्डर को गिरफ्तार किया है। फ्रॉड करने वाले ने पीड़ित का भरोसा जीतने के लिए खुद को भारतीय सेना का सूबेदार बताया था।

पुलिस के अनुसार करोल बाग के रहने वाले एक व्यक्ति से शिकायत मिली कि ऑनलाइन प्रॉपर्टी पोर्टल के जरिए अपना फ्लैट किराए पर देने की कोशिश के दौरान उनसे 34,999 की धोखाधड़ी हुई है। शिकायतकर्ता से एक व्यक्ति ने संपर्क किया, जिसने प्रॉपर्टी किराए पर लेने में दिलचस्पी दिखाई और डील पक्की कर ली।

किराये का पेमेंट करने के बहाने आरोपी ने शिकायतकर्ता से उनकी यूपीआई डिटेल्स मांगी और वेरिफिकेशन के लिए एक रुपया भेजने को कहा। इसके बाद आरोपी ने फोनपे पर 34,999 का रिक्वेस्ट मनी ट्रांजैक्शन जेनरेट किया और इसे शिकायतकर्ता को भेजा जा रहा पेमेंट बताकर गुमराह किया। इसे आने वाला पेमेंट समझकर शिकायतकर्ता ने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली और अपना यूपीआई पिन डाल दिया, जिससे उनके अकाउंट से पैसा कटकर आरोपी के अकाउंट में ट्रांसफर हो गया था। पुलिस ने दिल्ली, हापुड़, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में बड़े पैमाने पर टेक्निकल और फील्ड जांच की। बैंकिंग ट्रांजैक्शन, डिजिटल फुटप्रिंट और टेक्निकल सर्विलांस की जांच से पता चला कि धोखाधड़ी की रकम हिमांशु मंडल के नाम पर खुले केनरा बैंक अकाउंट में जमा हुई थी। जांच के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस गुरुग्राम में सेक्टर-7 पहुंची, जहां आरोपी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने साइबर धोखाधड़ी से मिली रकम को प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल होने वाले बैंक खातों को चलाने और उपलब्ध कराने में अपनी भूमिका स्वीकार की। इसके अन्य साथियों की संलिप्तता का पता लगाने के लिए जांच जारी है।


---

# आत्महत्या करने कश्मीरी गेट आईएसबीटी पर चढ़ा शख्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कश्मीरी गेट आईएसबीटी पर शनिवार को एक शख्स आत्महत्या करने के इरादे से चढ़ गया। सुरक्षाकर्मियों ने इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शख्स को समझा बुझाकर नीचे उतार लिया।

पुलिस के अनुसार शनिवार को कश्मीरी गेट थाने को एक पीसीआर कॉल मिली कि आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर एक व्यक्ति इमारत से कूदने की धमकी दे रहा है। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए आईएसबीटी पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल अजय और कॉन्स्टेबल पीयूष तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति इमारत की पांचवीं मंजिल की खिड़की के बाहर खड़ा था और बार-बार कूदने की धमकी दे रहा था, जिससे उसकी जान को तुरंत खतरा था। कुछ मिनटों बाद, चौकी



इंचार्ज एसआई नवीन संधू भी मौके पर पहुंचे। हालात का जायजा लेने के बाद पुलिसकर्मी खिड़की से सटे कमरे के अंदर गए और समझदारी से उस व्यक्ति से बातचीत शुरू की ताकि उसे शांत किया जा सके व उसका ध्यान कोई बड़ा कदम उठाने से हटाया जा सके। उन्होंने उसे बचाने की योजना भी बनाई। कॉन्स्टेबल पीयूष की मदद से एक सुरक्षा रस्सी का एक सिरा उसकी कमर के चारों ओर मजबूती से बांधा गया, जबकि दूसरा सिरा इमारत के अंदर एक मजबूत ढांचे से बांधा गया। अपनी सुरक्षा को जोखिम में डालकर हेड कांस्टेबल अजय सावधानी से खिड़की से बाहर निकले और इमारत के बाहरी छज्जे

### दिल्ली पुलिस ने सूझबूझ से बचाया

पर खड़े परेशान व्यक्ति की ओर बढ़े। सही मौके पर हेड कांस्टेबल ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया और कॉन्स्टेबल पीयूष की सक्रिय मदद से उसे सुरक्षित रूप से इमारत के अंदर वापस ले आए। पुलिसकर्मियों की समय पर की गई कार्रवाई और आपसी सहयोग से एक कीमती इंसानी जान बच गई। बचाए गए व्यक्ति का नाम मोहम्मद कामरान (32) पता चला। वह शुक्लागंज, उन्नाव, यूपी का रहने वाला है। वह शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। पहले वह लोनी में ब्रेड बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। लगभग एक साल पहले दिल्ली आया था और मुस्तफाबाद में मजदूरी का काम कर रहा था। वह पिछले कुछ दिनों से परेशान था। बाद में कामरान को उसके पिता खालिद जुबेर को सौंप दिया गया।

---

# हत्या और डकैती केस का दोषी किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एक ऑपरेशन में क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने ऐसे कैदी को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार किया, जो फरलो की अवधि खत्म होने के बाद जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर न करके फरार हो गया था। आरोपी का नाम नांगलोई स्थित अमर कॉलोनी निवासी राकेश (50) बताया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी को डायरेक्टर जनरल (जेल) के आदेश पर 30 अप्रैल 2026 को दो हफ्ते के लिए फरलो पर रिहा किया गया था। उसे 15 मई 2026 को सेंट्रल जेल नंबर 14, मंडोली में सरेंडर करना था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया और फरार हो गया था। 28 फरवरी 2002 को आरोपी राकेश ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर आनंद पर्वत इलाके में सत्य नारायण मंदिर के सामने मिलिट्री रोड के पास 25 लाख रुपये नकद और एक सैंट्रो कार लूटी थी। अपराध करते समय आरोपियों ने पीड़ित की गर्दन पर गोली मारी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस संबंध में आनंद पर्वत पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। आरोपी राकेश को उक्त अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया था और 12 दिसंबर 2012 को मुकदमे के बाद उसे हत्या और डकैती के अपराध का दोषी पाया गया। मामले में इसे तीस हजारी कोर्ट ने आजीवन कारावास और 15 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। आरोपी नांगलोई पुलिस स्टेशन का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। वह हत्या, हत्या की कोशिश, डकैती और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन जैसे कई गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। उसके आपराधिक रिकॉर्ड में नांगलोई, केशव पुरम, उत्तम नगर और आनंद पर्वत पुलिस स्टेशनों में दर्ज मामले शामिल हैं।

### फरलो लेकर हो गया था फरार

---

### पंजाब से आए 141 श्रद्धालुओं का दिल्ली भाजपा कार्यालय में स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की विरासत को समझने और उनके जीवन से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन करने के लिए पंचतीर्थ यात्रा पर गए 141 श्रद्धालुओं का रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में भव्य स्वागत किया। पंजाब से आए श्रद्धालुओं का यह जत्था मध्य प्रदेश के महू तथा महाराष्ट्र के नागपुर और मुंबई स्थित डॉ. आंबेडकर से जुड़े तीर्थ स्थलों के दर्शन करने के बाद शनिवार शाम दिल्ली पहुंचा था। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली आगमन पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य कर्म सिंह कर्मा और उनकी टीम ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा उनके भोजन और विश्राम की व्यवस्था की। रविवार सुबह श्रद्धालु अलीपुर रोड स्थित पंचतीर्थ-4 पहुंचे, जहां बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के जीवन का महत्वपूर्ण समय बीता था।


---

# खालिस्तानी और गैंगस्टरों के नाम पर वसूली करने वाले गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच के एंटी रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल (एआरएससी) ने खालिस्तानी और दूसरे बड़े गैंगस्टरों के नाम पर धमकी भरे कॉल करके जबरन वसूली की कोशिश करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी से जबरन वसूली के दो मामलों को सुलझाया गया है, जिसमें पंजाब में दर्ज जबरन वसूली के लिए फायरिंग का मामला भी शामिल है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के नाम गुरपिंदर सिंह उर्फ प्रिंस (32), शमशेर सिंह उर्फ सैम (35), निवासी तरनतारन और जसवंत सिंह (59) निवासी अमृतसर, पंजाब हैं। दरअसल क्राइम ब्रांच ने जबरन वसूली और



आपराधिक धमकी के एक हाई-प्रोफाइल मामले को सफलतापूर्वक सुलझाया है, जिसमें खालिस्तानी और गैंगस्टर तत्वों के नाम पर धमकियां दी गई थी। यह मामला गत वर्ष चाणक्यपुरी पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। एफआईआर विजयन त्रिशूल डिफेंस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक साहिल लूथरा की शिकायत पर दर्ज की गई थी। कंपनी के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि उन्हें गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और खालिस्तानी तत्वों के नाम पर 10 करोड़ की रंगदारी की मांग और जान से मारने की धमकी दी गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें अगस्त और सितंबर 2025 के दौरान कई बार रंगदारी के लिए कॉल और धमकी भरे मैसेज मिले। इसके बाद इसी महीने 4 जून को उन्हें एक इंटरनेशनल नंबर से धमकी भरा व्हाट्सएप वॉयस नोट मिला, जिसमें खालिस्तानी तत्वों के नाम पर फिर से 10 करोड़ की मांग की गई और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। जांच 10 जून को क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपियों गुरपिंदर सिंह और शमशेर सिंह ने बताया कि उन्होंने सह-आरोपी जसवंत सिंह के कहने पर शिकायतकर्ता को धमकी भरा वॉयस नोट भेजा था। जसवंत सिंह शिकायतकर्ता की कंपनी के पंजाब ऑपरेशन्स की देखरेख के लिए जिम्मेदार था। आगे की जांच से पता चला कि पहले की रंगदारी कॉल और धमकी भरे मैसेज कथित तौर पर स्पेन से काम करने वाले मन्नी द्वारा उसी व्हाट्सएप नंबर का इस्तेमाल करके जसवंत सिंह की मिलीभगत से किए गए थे। पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि आरोपी पंजाब में शिकायतकर्ता पर हुई गोलीबारी की घटना में भी कथित तौर पर शामिल थे। शिकायतकर्ता साहिल लूथरा 'विजयन त्रिशूल डिफेंस सॉल्यूशंस' (वीटीडीएस) के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। यह एक भारतीय डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है, जिसे 2024 में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहलों को समर्थन देने के मकसद से स्थापित किया गया था। यह कंपनी भारतीय सशस्त्र बलों के लिए छोटे हथियार, गोला-बारूद और अन्य रक्षा उपकरण विकसित करने और बनाने का काम करती है। वीटीडीएस को गृह मंत्रालय से हथियार और गोला-बारूद बनाने और उनकी टेस्टिंग करने का लाइसेंस मिला है। कंपनी का मकसद एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और रणनीतिक साझेदारी के जरिए डिफेंस प्रोडक्शन में भारत की आत्मनिर्भरता में योगदान देना है। आरोपी जसवंत सिंह अभी पंजाब के अमृतसर में रहते हैं। वह पहले पंजाब पुलिस में असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर थे, लेकिन 2006 में उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया था। वह शिकायतकर्ता की कंपनी से जुड़े थे और पंजाब में कंपनी के कामकाज की देखरेख करते थे। गुरपिंदर सिंह शादीशुदा हैं और जिम ट्रेनर का काम करता था। शमशेर सिंह अविवाहित हैं और अपने परिवार के फोटोग्राफी के बिजनेस में काम करता था। इनके पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए पांच मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।


---

# शेयर बाजार में भारी मुनाफे का झांसा देकर 80 लाख की ठगी, दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शेयर बाजार में निवेश पर भारी मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से ऑनलाइन निवेश के माध्यम से करीब 80 लाख की ठगी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम करोल बाग निवासी पीयूष कुमार (31) और गुरुग्राम निवासी जतिन खजोतिया (31) बताये गये। जांच के दौरान धोखाधड़ी से जुड़े लगभग 25 लाख रुपये के शेयर फ्रीज भी करवाये गए हैं।

पुलिस के अनुसार, इस संबंध में राजेंद्र नगर थाने में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसे भारी मुनाफे की पेशकश करने वाली शेयर बाजार की योजनाओं में बड़ी रकम निवेश करने के लिए प्रलोभित किया गया था। झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने विभिन्न लेनदेन के जरिए लगभग 80 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन वादे के मुताबिक मुनाफा और निवेश की गई राशि न मिलने पर शिकायतकर्ता ने पुलिस से संपर्क किया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पैसों के लेन-देन के स्रोत का पता लगाया और धोखाधड़ी में कथित रूप से शामिल व्यक्तियों की पहचान की। पुलिस ने बताया कि आरोपी कुमार को एक पांच सितारा होटल से पकड़ा गया, जबकि खजोतिया को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया।





## प्रवेश साहिब सिंह ने कई कार्यक्रमों में की भागीदारी

दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने नई दिल्ली के चार अलग-अलग स्थानों पर आयोजित योग कार्यक्रमों में भाग लेते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन में संतुलन और समाज में सकारात्मकता लाने का सशक्त माध्यम है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वास्थ्य देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण आधार के रूप में योग को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग स्वास्थ्य और समग्र कल्याण का वैश्विक जन-आंदोलन बन चुका है। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने सोनिया विहार से वजीराबाद तक यमुना के तटों और विभिन्न पुश्तों पर नागरिकों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में योग विश्वव्यापी जनभागीदारी का अभियान बन गया है। वहीं, कैबिनेट मंत्री आशीष सूद और रविंद्र इंद्राज सिंह भी विभिन्न सरकारी एवं सामाजिक योग कार्यक्रमों से जुड़े रहे।



## महापौर ने विद्यार्थियों के साथ किया योगाभ्यास

दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, निगम आयुक्त संजीव खिरवार ने निगम विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया। दिल्ली नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग आज एक वैश्विक जन-आंदोलन बन चुका है। उन्होंने नागरिकों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। वहीं, निगम में नेता सदन जयभगवान यादव ने बेगमपुर मंडल द्वारा एम.डी. इंद्रप्रस्थ स्कूल में आयोजित योग शिविर में भाग लिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह यह दर्शाता है कि हम सभी एक स्वस्थ जीवनशैली के प्रति कितने जागरूक हैं।



## एलजी सहित जगह-जगह लोगों ने किया योग

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरी तरह से योगमय नजर आई। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू सहित अनेक छोटे बड़े नेताओं, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, निजी संस्थान, अर्ध सरकारी व सरकारी विभागों ने रविवार को अपने तरीकों से योग दिवस मनाया। वहीं दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने एलजी तरनजीत सिंह संधू की अगुवाई में कुल 29 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, उद्यानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर योग कार्यक्रम आयोजित किए। जबकि मुख्य योग कार्यक्रम यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया। जिसमें उपराज्यपाल संधू, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, डीडीए के उपाध्यक्ष एन. सरवण कुमार तथा अन्य विशिष्ट प्रतिभागियों ने योग किया।



## डीयू में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने लिया भाग

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, विद्यार्थियों के साथ योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि योग विज्ञान में जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान निहित है। डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि भारत ने मानवता को कई अमूल्य उपहार दिए हैं, जिनमें योग सबसे महान देन है। वहीं, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपी यूनिवर्सिटी) में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।



# योगमय हुई राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी दिल्ली में योग को लेकर व्यापक उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, महापौर, केंद्रीय मंत्री, सांसदों, विधायकों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, आम नागरिक ने सामूहिक योग कार्यक्रमों में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से समृद्ध असोला भाटी के नीली झील क्षेत्र में आयोजित विशेष योग कार्यक्रम में सहभागिता की और नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। इस वर्ष दिल्ली सरकार की ओर से 'एक दिल्ली, एक योग' की भावना के साथ राजधानी की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न हिस्सों में योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली और सामूहिक जनभागीदारी का संदेश दिया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विद्यार्थी, योग प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि योग स्वस्थ, समरस और सकारात्मक समाज निर्माण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच को योग के वैश्विक विस्तार का प्रमुख आधार बताया।

### योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : रेखा गुप्ता

*मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की वह अमूल्य धरोहर है, जिस पर पूरे देश को गर्व है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे विश्व समुदाय ने अभूतपूर्व समर्थन दिया और आज दुनिया के लगभग हर देश में लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह हमारी जीवनशैली, हमारी चेतना और शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली संपूर्ण जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को जीवनपर्यंत स्वस्थ और सकारात्मक बनाए रखने का माध्यम है।*



मुख्यमंत्री से लेकर आम नागरिकों ने किया योगाभ्यास

### असोला भाटी दिल्ली का अनमोल प्राकृतिक उपहार

मुख्यमंत्री ने कहा कि असोला भाटी दिल्ली में स्थित प्रकृति का अनमोल उपहार है, जिसके बारे में अभी भी अनेक दिल्लीवासी अनभिज्ञ हैं। नीली झील, दूर-दूर तक फैले हरित वन, विविध प्रकार के पशु-पक्षी और प्राकृतिक वातावरण ऐसा अनुभव कराते हैं मानो व्यक्ति राजधानी से दूर किसी प्राकृतिक पर्यटन स्थल पर हो। यहां तेंदुए, हिरण, नीलगाय, विभिन्न पक्षी प्रजातियां और अन्य वन्यजीव निवास करते हैं और यह स्थान प्रकृति के साथ जुड़ने का अद्भुत अवसर प्रदान करता है।




### राजनीतिक स्तर पर भी योग दिवस की व्यापक भागीदारी

दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राजधानी के सभी 256 मंडलों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए। प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को साकार करता है। सांसद बांसुरी स्वराज और स्वाति मालीवाल ने महिलाओं से नियमित योग और ध्यान अपनाने की अपील करते हुए कहा कि बदलती जीवनशैली और कार्यस्थल के बढ़ते दबाव के बीच योग महिलाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाता है।









### भाजपा सांसद, नेता कई कार्यक्रमों में रहे शामिल

योग दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों में सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चांदोलिया, प्रवीण खंडेलवाल, पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सतीश उपाध्याय, आदेश गुप्ता, भाजपा नेता संजय मयूख, विष्णु मित्तल, गजेंद्र यादव और विधायक राजकुमार भाटिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिल्ली में आयोजित सैकड़ों कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि योग केवल स्वास्थ्य का साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज, सकारात्मक सोच और समग्र कल्याण का मार्ग भी है।

### एनडीएमसी ने 6,000 प्रतिभागियों के साथ मनाया योग दिवस


नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने भी 9 प्रमुख स्थलों पर लगभग 6,000 प्रतिभागियों के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। शांति पथ पर एनडीएमसी द्वारा आयोजित योग कार्यक्रम में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, आयुष मंत्रालय के सचिव तथा आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। वहीं, भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने नई दिल्ली स्थित लोधी गार्डन में आयोजित योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम में सहभागिता की। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के स्वयंसेवकों, एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ पीएसओआई क्लब, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम में भाग लिया।

### योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : देवेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर कहा कि बेशक योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। लेकिन योग दिवस के बावजूद दिल्ली के बदहाल पार्क, चारों तरफ फैली गंदगीभाजपा सरकार व एमसीडी की विफलता का प्रमाण और सरकार के दावों की पोल खोलती तस्वीर है। यादव ने दिल्ली, देश और दुनिया के सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और संतुलित जीवन का संदेश देता है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से योग और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की पक्षधर रही है। यादव ने कहा कि योग दिवस के अवसर पर बड़े-बड़े सरकारी आयोजन और प्रचार अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन दुखद है कि दिल्ली के अनेक पार्क बदहाली, अव्यवस्था और गंदगी का शिकार हैं। राजधानी के कई क्षेत्रों में पार्कों में नियमित सफाई का अभाव, टूटी हुई सुविधाएं, खराब लाइट, सूखी हरियाली और कूड़े के ढेर देखने को मिलते हैं, जिससे नागरिकों को योग, व्यायाम और सुबह की सैर के लिए उचित वातावरण नहीं मिल पाता। यादव ने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि स्वच्छ वातावरण, हरियाली और बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं योग संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उतनी ही आवश्यक हैं जितना कि योग का अभ्यास। इसलिए भाजपा सरकार और एमसीडी को प्रचार से आगे बढ़कर जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।



### दिल्ली पुलिस ने योग दिवस पर हर जिले में किये सत्र आयोजित



**नई दिल्ली।** पुलिस ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी भर में योग सत्रों का आयोजन किया। मुख्य कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस आयुक्त समेत तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुये। दिल्ली पुलिस के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा विभिन्न पदों के पुलिसकर्मियों ने भी योगाभ्यास में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पुलिस के अनुसार योग तनाव प्रबंधन और निवारक स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करने वाले पुलिस कर्मियों के लिए योग बेहद जरुरी है। इसे हर पुलिसकर्मी को अपने रूटीन दिनचर्या में शामिल करना चाहिये।

## दिल्ली भर में गड्ढों की मरम्मत का अभियान शुरू : प्रवेश

- एक ही दिन में 2,000 से अधिक चिन्हित गड्ढों की मरम्मत का लक्ष्य
- प्रवेश साहिब सिंह ने किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** मानसून के आगमन से पहले दिल्ली की सड़कों को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने रविवार को राजधानी भर में विशेष गड्ढा मरम्मत अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत इंजीनियरों, फील्ड स्टाफ और रखरखाव टीमों को विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया गया ताकि चिन्हित गड्ढों की समयबद्ध मरम्मत सुनिश्चित की जा सके। दिल्ली सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया और अभियान की प्रगति की समीक्षा की। रविवार होने के बावजूद विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पूरे दिन मैदान में मौजूद रहे और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने में जुटे रहे। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि विभागीय आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी से 4 जून 2026 के बीच लोक निर्माण विभाग की सड़कों पर कुल 14,757 गड्ढों की पहचान की गई थी, जिनमें से 12,762 गड्ढों की मरम्मत पहले ही की जा चुकी थी। शेष चिन्हित स्थलों पर मानसून से पहले कार्य पूरा करने के लिए आज विशेष अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत राजधानी में 2,000 से अधिक गड्ढों की मरम्मत का लक्ष्य रखा गया।



## बाल रंग महोत्सव में नन्हें कलाकारों ने नाटकों से दिया देशप्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**नई दिल्ली।** द सेंटर ऑफ थिएटर आर्ट एंड चाइल्ड डेवलपमेंट द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए), संस्कृति मंत्रालय की साझेदारी में आयोजित रंग संस्कार बाल रंग महोत्सव में नन्हें कलाकारों ने अभिनय प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोहा। बाल कलाकारों ने जहां नाटकों से देशप्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, वहीं आरएसएस संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाटक आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। इस बारे में संयोजक व निदेशक संजय टुटेजा ने बताया कि इस महोत्सव में पांच नाटक एवं एक एकल अभिनय की प्रस्तुति दी गई। आईजीएनसीए के समवेत सभागार में आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ प्रख्यात रंगकर्मी, लेखिका एवं साहित्यकार मालविका जोशी तथा कलादर्शन विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा कंबोज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर संजय टुटेजा ने बाल रंगमंच कक्षाओं की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि रंगमंच बच्चों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। यह बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता, नेतृत्व कौशल, रचनात्मक सोच और सामाजिक संवेदनशीलता का विकास करता है।

## खबर संक्षेप

### ठगी मामले में दो आरोपी मथुरा से पकड़ाए

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच देकर 41.50 लाख रुपए की ठगी करने के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खाता धारक सहित दो आरोपियों को मथुरा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मनीष व रविंद्र मथुरा से गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद निवासीव्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी कि उसने एक टेलीग्राम चैनल ज्वॉइन किया था।



### एक सप्ताह में 21 साइबर अपराधी धराए

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार प्रभावी कार्रवाही की जा रही है। 13 जून से 19 जून के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने 21 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 75,07,078 बरामद किये हैं। फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 6 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 21 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।



### ठगी के मामले में 2 खाता गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने 19 जून को सीतापुर बिहार से खाता उपलब्ध कराने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान राम हर्ष व हर्षित निवासी जिला सीतापुर उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-86 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी शिकायत में बताया कि 19 दिसम्बर 2025 को व्हॉट्सएप पर उसके पास एक लिंक प्राप्त हुआ। लिंक पर क्लिक करने के बाद वह एक व्हॉट्सएप ग्रुप से जुड़ गया, जहां पर ठगों द्वारा उसे स्टॉक्सए प्री.आईपीओ एवं ब्लॉक डील्स में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच दिया गया।



# जनता का विश्वास जीतकर अंत्योदय तक पहुंचा रहे सरकारी सुविधाएं: राजेश नागर

## मंत्री राजेश नागर के निवास पर खुले दरबार में मिली जनता को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

रविवार को हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर के निवास पर खुले दरबार का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इसमें से अधिकांश का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। यहां पार्षद लाल मिश्रा के साथ आये नहर पार स्थित साईं धाम कॉलोनी के निवासियों ने मंत्री राजेश नागर से कहा कि बिजली निगम उनको कनेक्शन उपलब्ध नहीं करवा रहा है जिससे उनको बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनको बिजली के कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाएं।

इस पर मंत्री राजेश नागर ने मौके पर बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता को फोन कर कल इन सब लोगों की समस्या को सुनकर व्यवस्था को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। वहीं मलेरना गांव के रामनगर निवासियों ने डीटीपी इंफोर्समेंट द्वारा की जाने वाली तोडफ़ोड़ से बचाने की गुहार लगाई। मंत्री राजेश नागर ने डीटीपी अधिकारी को बताया कि इस कॉलोनी का नाम नियमितीकरण के लिए गया हुआ है। जल्द ही कॉलोनी नियमित होने का नोटिफिकेशन जारी होने की संभावना है। इसलिए इस काम में जानकारी लेने के बाद आगे की कार्रवाई करें।

लोगों के साथ आये पार्षद प्रदीप टोंगर ने बताया कि मंत्री राजेश नागर के प्रयास से रामनगर में तोड़फोड़ की गुंजाइश खत्म होने पर लोगों ने खुशी प्रकट की है। उन्होंने बताया कि मंत्री राजेश नागर के घर से कोई खाली हाथ नहीं जाता है। वह सभी को यथासंभव मदद करते हैं। आज भी सैकड़ों गरीब परिवारों के आशियाने पर लटकी तलवार को हटा दिया गया है। जल्द ही कॉलोनी जब नियमित हो जाएगी तो यहां सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

*जल्द ही कॉलोनी नियमित होगी, फिर सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी*

*समस्या को सुनकर व्यवस्था को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए*



### जनता के विश्वास के निरंतर कायम रखेंगे

इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि सभी लोग सरकार की नीति नियमों का पालन करें और प्रदेश एवं देश के विकास में अपना सहयोग करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास में विश्वास रखती है। जनता का भी विश्वास भारतीय जनता पार्टी सरकार को मिल रहा है यही कारण है कि जनता ने तीसरी बार लगातार केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकारों को चुना है। हम जनता के विश्वास को निरंतर कायम रखेंगे।

## डीपीजी डिग्री यूनिवर्स में विश्व योग दिवस 2026 का भव्य आयोजन

# योग है जीवन जीने का ज्ञान, जिसके आगे नतमस्तक है विज्ञान: चेयरमैन गहलोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

विश्व योग दिवस 2026 के अवसर पर डीपीजी डिग्री यूनिवर्स में योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीपीजी यूनिवर्स, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन गुरुग्राम तथा अग्रवाल आई हॉस्पिटल, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में डीपीजी डिग्री कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में स्वच्छ भारत मिशन, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन गुरुग्राम के ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिंदुस्तानी, बुलंद आवाज वेलफेयर सोसाइटी की वाइस प्रेसिडेंट प्रियंका यादव तथा अग्रवाल आई हॉस्पिटल, गुरुग्राम के मार्केटिंग मैनेजर दीपक कहारवार शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और सकारात्मक जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और अतिथियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। चेयरमैन राजेंद्र गहलोत ने कहा कि योग जीवन जीने का ज्ञान है, जिसके आगे विज्ञान भी नतमस्तक है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन और आत्मा को संतुलित करने की एक प्रभावशाली विधा है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि विश्व योग दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं है। यदि शरीर को स्वस्थ, मन को शांत और जीवन को अनुशासित रखना है तो योग को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीपीजी इंस्टीट्यूट के वाइस चेयरमैन दीपक गहलोत, सेक्रेटरी नरेंद्र गहलोत, डीपीजी डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एस.एस. बोकेन, रजिस्ट्रार अशोक गोगिया, चौधरी प्रताप सिंह मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रिंसिपल डॉ. संगीता यादव, डायरेक्टर एवं डीन अकादमिक डॉ. प्रह्लाद, डीन अकादमिक डॉ. प्रियंका, सभी विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नियमित योग करने तथा स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शारजाह कॉर्निश में गूंजा स्वास्थ्य, सद्भाव और एकता का संदेश

**गुरुग्राम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आईपीएफ बिहार काउंसिल ने शारजाह कॉर्निश पर भव्य योग शिविर का आयोजन किया। शिविर में विभिन्न राष्ट्रीयताओं और समुदायों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन आईपीएफ बिहार काउंसिल के आर के महतो के नेतृत्व में किया गया। योग शिविर में प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान सत्रों में हिस्सा लिया। आयोजन ने योग के सार्वभौमिक संदेश स्वास्थ्य, सद्भाव और एकता को मजबूती से प्रस्तुत किया। आईपीएफ केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष अशोक दोषी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता को जोडने वाला माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, अनुशासित और तनावमुक्त जीवन की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। आर के महतो ने अपने संबोधन में योग को भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि आज योग विश्वभर में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली के लिए प्रेरित कर रहा है।



कार्यक्रम को सफल बनाने में आईपीएफ बिहार काउंसिल की टीम के सदस्य संजीत झा, शैलेश पांडेय, रजनीश सिन्हा, विकास सिंह, मानस पांडेय, अतुल कुमार, ओम प्रकाश, हेमंत सिंह और अमृता सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के दौरान प्रतिभागियों के बीच स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े उत्पादों का भी वितरण किया गया। प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामुदायिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक समरसता और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने वाली प्रेरक पहल बताया। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मक सोच, सद्भाव और नियमित योगाभ्यास अपनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि मंत्री नागर विशिष्ट अतिथि डॉ. अर्चना गुप्ता ने की सहभागिता

# 190 से अधिक देशों में मनाया जा रहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, भारत की संस्कृति का बढ़ा गौरव : राजेश नागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प एवं दूरदर्शी नेतृत्व के परिणामस्वरूप अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज वैश्विक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। इसी कड़ी में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 का आयोजन देश एवं विश्वभर में उत्साहपूर्वक और अभूतपूर्व स्तर पर किया जा रहा है। फरीदाबाद में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में हरियाणा सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले, मुद्रण एवं लेखन सामग्री राज्यमंत्री राजेश नागर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर राज्य मंत्री राजेश नागर एवं प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित जीवनशैली का संदेश दिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थए संतुलित एवं सफल जीवन जीने की भारतीय संस्कृति का अमूल्य उपहार है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों युवाओं एवं नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि आज भले ही अनेक विद्यार्थी विद्यालयों के माध्यम से योग कार्यक्रम में शामिल होने आए हों, लेकिन यदि वे योग के महत्व को समझकर इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें तो यह उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। योग एवं प्राणायाम के माध्यम से शरीर की प्रत्येक कोशिका तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचती है, जिससे शरीर स्वस्थ एवं ऊर्जावान बना रहता है। कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योग क्रियाएं फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करती हैं। हरियाणा सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले, मुद्रण एवं लेखन सामग्री राज्यमंत्री राजेश नागर ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और जीवन पद्धति का अभिन्न अंग हैं।

ब्लैकमेल कर वसूली मांगने वाले दो अन्य आरोपी भी दबोचे

# पॉक्सो के मामले में बिहार से मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस ने एक संवेदनशील पॉक्सो एक्ट के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार से 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी पर नाबालिग युवती का यौन शोषण करने और अश्लील वीडियो बनाकर उसे लंबे समय तक ब्लैकमेल करने का आरोप है, जबकि दो अन्य आरोपियों ने उसी वीडियो के आधार पर पीड़िता से रुपए ऐंठने की कोशिश की थी और वीडियो भेजे थे।

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर संगीन अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपराध शाखा सेक्टर-16 और महिला थाना सेंट्रल की संयुक्त टीम ने यह सफलता हासिल की। तीनों आरोपियों को बिहार से गिरफ्तार कर फरीदाबाद लाया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कमर राजा निवासी सरियां, जिला मुजफ्फरपुर बिहार, मोहम्मद शहनवाज निवासी मंसूरपुर चमरूआ, मुजफ्फरपुर तथा सादमान निवासी गांव बथना डीहए जिला मुजफ्फरपुर बिहार के रूप में हुई है।



# योग से हम खुद को ही नहीं अपने समाज व देश को भी स्वस्थ रख सकते हैं : अध्यक्ष संतोष यादव

## राजनगर रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया: साधकों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसियेशन ने राजनगर के सेक्टर 3 स्थित पार्क में 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। योगाचार्यों ने स्वस्थ उम्र बढ़ाने के लिए योग को अपनाने का संदेश दिया।

योगाचार्य शालिनी दत्त योगाचार्या ने साधकों को तनाव व भागदौड वाली जिदंगी में खुद को माानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के टिप्स दिए। उन्होंने ताड़ासन,पदहस्त आसान,अर्धचक्रासन वज्रासन, मंडूकासन, उष्ट्रासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, शवासन का सामूहिक रूप से अभ्यास कराया,और उनसे होने वाले लाभ की जानकारी दीं। संस्था के अध्यक्ष सीए डी के गोयल, महामंत्री अमरीश त्यागी



व कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी ने सभी अथितियों का स्वागत किया। समाजसेवी व संस्था की प्रशासनिक समन्वय समिति के अध्यक्ष योगाचार्य देवेंद्र हितकारी ने प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया, और बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है बल्कि जीवन भर निरोग रहने की कला है। मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग में प्राणायाम और ध्यान अत्यंत आवश्यक है। आयु बढ़ाने में भी प्राणायाम का विशेष महत्व है। योग करने का मतलब ही निरोगी रहना है। कपालभाति, पलावनी, शीतली, ब्राह्मरी कपालशोधनं, नाड़ी शोधनं का प्रयोगात्मक अभ्यास कराया। योगी देवेंद्र हितकारी ने बताया कि योग के मुख्य रूप से आठ भाग, अंग होते हैं, जिन्हें अष्टांग योगश कहा जाता है। यम में अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह (संग्रह न करना) शामिल हैं। यह समाज के प्रति हमारे व्यवहार को सुधारता है। नियम में शौच (शुद्धि), संतोष, तप, स्वाध्याय (स्व-अध्ययन) और ईश्वर-प्रणिधान (समर्पण) शामिल हैं। यह हमारे आत्म-अनुशासन के लिए है। मुख्य अतिथि डॉ अनिल अग्रवाल पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा कि इस बार के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की गूंज पूरी दुनिया में है।

जीडीए ने कराया बुनकर मार्ट कम एक्सपो सेंटर में सामूहिक योगाभ्यास

# योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग : कामिनी चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुरूप तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुसार योग को जन-जन तक पहुंचाने, स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने एवं जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही मधुबन बापूधाम योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन बुनकर मार्ट कम एक्सपो सेंटर, मधुबन बापू धाम में सामूहिक योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव, राज्य कर विभाग की मुख्य कामिनी चौहान रतन भी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है तथा स्वस्थ, तनावमुक्त एवं संतुलित जीवन का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी से नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। यह आयोजन जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल के नेतृत्व मे किया गया। बल्कि स्वस्थ, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की जीवन पद्धति है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को जनभागीदारी आधारित अभियान के रूप में संचालित करते हुए अधिकाधिक लोगों को योग से जोड़ने, नियमित योगाभ्यास को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं निरोग समाज के निर्माण हेतु प्रेरित किए जाने पर विशेष बल दिया गया है। इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान संबंधी अभ्यास कराए गए।

मंत्री गुर्जर ने इनडोर स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स, टाउन पार्क और मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया

# हरित पर्यावरण और आधुनिक कनेक्टिविटी से बदल रही है फरीदाबाद की तस्वीर: मंत्री कृष्णपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान देश में आधारभूत संरचना विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिनकी बदौलत भारत आज तीव्र गति से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज सेक्टर. 31 स्थित इनडोर स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स, टाउन पार्क और मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे का निरिक्षण किया। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पार्षद अनिल नागर भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सेक्टर-31 स्थित इनडोर स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स का अवलोकन करते हुए कहा कि फरीदाबाद को खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स खिलाडिय़ों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अधिकारियों से खेल अवसंरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा युवाओं को खेलों से जोडऩे के लिए आवश्यक



व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री ने टाउन पार्क का निरीक्षण किया और पार्क में विकसित की गई विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि टाउन पार्क को बने 10 साल हो चुके है इसका फिर नवीनीकरण किया जाएगा ताकि लोग स्वास्थ्यवर्धक वातावरण में समय व्यतीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि टाउन पार्क फरीदाबाद के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण हरित स्थल के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि शहर के बढ़ते विस्तार के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर मनोरंजन एवं पर्यावरणीय सुविधाएं उपलब्ध कराना भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। अधिकारियों को पार्क की स्वच्छताए रखरखाव और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने दिल्ली-मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेसवे का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक्सप्रेससवे के साथ लगती ग्रीन बेल्ट पर अधिक से अधिक पेड़ लगाए। यह एक्सप्रेसवे फरीदाबाद की कनेक्टिविटी को नई गति प्रदान कर रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बॉल फैडरेशन ने प्रतिभागियों को किट एंव प्रमाण पत्र प्रदान किए

# शूटिंग बाल टेक्निकल ऑफिशियल सर्टिफिकेट कोर्स 2026 का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित शूटिंग बाल टेक्निकल ऑफिशियल सर्टिफिकेट कोर्स 2026 का समापन रविवार को एच.आर.आई. टी. यूनिवर्सिटी, मेरठ रोड, गाजियाबाद में किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर अनिल अग्रवाल,पूर्व सांसद अध्यक्ष-अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बॉल फैडरेशन ने प्रतिभागियों को किट एंव प्रमाण पत्र प्रदान किये।

इस अवसर पर एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र




सिंह तोमर, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव जीतराज तोमर, शूटिंग वॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चैयरमैन अजय पाल प्रमुख, एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के कोषाध्यक्ष जयप्रकाश कादियान, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष जितेंद्र बघेल (मध्य प्रदेश) रणजीत काले( महाराष्ट्र), सुरेश कुमार बिश्नोई, प्रवीण कुमार नीटू उपस्थित रहे। शूटिंग बॉल टेक्निकल ऑफिशियल सर्टिफिकेट कोर्स 2026 में विभिन्न राज्यों के महिला एवं पुरुष ऑफिशल्स ने भाग लिया।

# योग भारत की विरासत, स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार

## 21 जून केवल एक दिन नहीं, जीवन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झांसी

मुख्यमंत्री विश्व योग दिवस के अवसर पर झांसी में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कहा कि योग केवल 21 जून तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार है। भारतीय ऋषि परंपरा ने जो भी पर्व और उत्सव निर्धारित किए, उनके पीछे प्रकृति के साथ सामंजस्य का भाव रहा है। हमारी संस्कृति का उद्देश्य प्रकृति के साथ रहकर जीवन को संतुलित बनाना है।'योग फॉर हेल्दी एजिंग' (स्वस्थ आयु के लिए योग) थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम योगी ने आयुष विभाग की आयुष ई-पत्रिका का विमोचन भी किया।



### सैकड़ों लोगों के बीच डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी भी शामिल हुए। सुबह की ताजी हवा और रेजिडेंसी के ऐतिहासिक वातावरण के बीच सैकड़ों लोगों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लोगों को संबोधित करते हुए योग को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि योग मन और शरीर दोनों को स्वस्थ रखने का माध्यम है।





### योग से बनेगा स्वस्थ भारत, पीएम मोदी के प्रयासों ने दुनिया में बढ़ाया भारत का मान

**प्रयागराज।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रयागराज के पावन त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित भव्य योग शिविर में यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया और योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### पाटलिपुत्र खेल परिसर में सीएम सम्राट समेत कई दिग्गजों ने किया योगाभ्यास

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को राजधानी पटना में कई स्थानों पर सामूहिक योग शिविरों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में आम नागरिकों से लेकर जनप्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।योग के अलग-अलग आसानों का अभ्यास किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम में शामिल होकर योगाभ्यास किया। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, मंत्री निशांत कुमार, पूर्व मंत्री



मंगल पांडेय, पटना की महापौर सीता साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए योग को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताया।

## खबर संक्षेप

### पीएलएफआई कमांडर मुठभेड़ में हुआ घायल



**खूंटी।** झारखंड के खूंटी से पुलिस और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के बीच मुठभेड़ की खबर आई है। मुठभेड़ में सक्रिय कमांडर श्रवण दास जख्मी हो गया है। गोलीबारी में उसके पैर में गोली लगी है। घायल दास को पुलिस ने फौरन इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया है। यह मुठभेड़ कर्रा और जरियागढ़ थाना की सीमा से सटे जंगलों में हुई है।

### पटना में गंगा नहाते 3 बच्चों की दर्दनाक मौत

**पटना।** गंगा नदी में स्नान के दौरान 3 किशोरों की डूबकर मौत हो गई। 5 बच्चे डूबे थे जिनमें से दो बच्चों को लोगों ने जिंदा निकाल लिया। घटना दानापुर इलाके की है। तीनों बच्चों के परिजनों को सरकारी मुआवजा देने की मांग की गई है। पुलिस ने तीनों लड़कों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## सीएम योगी ने महोबा में 88 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास, कहा-

# दूषित मन और मलिन आत्मा वालों ने बुंदेलखंड को किया था बदनाम

*चंदेल राजाओं ने जल संरक्षण के लिए तालाब खोदकर लोक कल्याण कार्यक्रम को बढ़ाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महोबा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महोबा में कहा कि जो लोग अवैध कब्जा करते हैं, नकारात्मक बुद्धि के साथ नकारात्मकता पैदा करते हैं। उनकी आत्मा मलिन और मन दूषित है। बीमार मानसिकता के साथ काम करने वाले ऐसे लोगों ने प्रदेश को डुबोया और बुंदेलखंड को बदनाम किया था। सीएम ने मोदी ग्राम में 697 करोड़ से अधिक की लागत से 88 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास किया। यहां महोबा के विकास को समर्पित लघु फिल्म भी दिखाई गई।

### पर्यटन स्थल के नए केंद्र के रूप में स्थापित हुआ गोरखगिरि



सीएम ने गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली महोबा की आध्यात्मिकता, ऐतिहासिकता, वीरता पर प्रकाश डाला। कहा कि 12-13 वर्ष बाद गोरखगिरि पर्वत पर ऊपर जा पाया। वहां भोलेनाथ से प्रार्थना की, फिर बाबा गोरखनाथ की साधना स्थली (गुफा व मंदिर) में दर्शन किया। गोरखगिरि पर्यटन स्थल के नए केंद्र के रूप में स्थापित हुआ। सीएम ने इस पहल, सहयोग व योगदान के लिए विधायक राकेश गोस्वामी, पूर्व सांसद पुष्पेंद्र चंदेल समेत स्थानीय पदाधिकारियों

### गोरखगिरि एडवेंचर टूरिज्म के केंद्र के रूप में होगा विकसित

सीएम ने कहा कि गोरखगिरि में रोपवे लगाएंगे और इसे एडवेंचर टूरिज्म के केंद्र के रूप में विकसित करेंगे। सीएम ने महोबा महोत्सव से पहले इस पहाड़ी पर चढ़ने के लिए एक सप्ताह तक स्थानीय, जनपद, बुंदेलखंड, राज्य, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित करने और यहां रेस्तरां, होटल आदि खोलने की संभावनाओं को बढ़ाने पर जोर

### यहां की धरती व युवाओं में गजब की ऊर्जा

सीएम ने कहा कि यहां की धरती व युवाओं में गजब की ऊर्जा है। निवेश के लिए औद्योगिक कलस्टर विकसित करने की कार्रवाई को बढ़ाया गया है। कबरई बांध के लिए जिन किसानों ने जमीन दी थी, उन्हें वर्षों से भूमि का पैसा नहीं मिला था। किसान का शोषण करने वालों पर सरकार कार्रवाई करती है।

### कहीं और नहीं मिलता दशावरी पान जैसा स्वाद

सीएम ने कहा कि महोबा कभी महोत्सव के लिए प्रसिद्ध था। यहां से निकलने वाले ग्रेनाइट पत्थर से केवल टाइल्स या मकान ही नहीं बनते बल्कि यह देश के नवनिर्माण में यह भूमि योगदान देती है। यह भूमि सिर्फ वीर-वीरांगनाओं को ही नहीं गढ़ती, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका का भी निर्माण करती है। चंदेल राजाओं ने जल संरक्षण के लिए तालाब खोदकर इस भूमि पर लोक कल्याण कार्यक्रम को बढ़ाया। हमारी सरकार ने यहां के दशावरी पान को जियो टैग के साथ वैश्विक मान्यता दिलाई है। माटी का प्रभाव है कि यहां पैदा होने वाले इस पान का स्वाद कहीं और नहीं मिलता। सीएम ने कहा कि दशकों पहले बनी अर्जुन सहायक परियोजना पूरी नहीं हो पाई। हमारी सरकार ने इसे मिशन मोड पर लेकर इसे पूरा कराया और 2021 में परियोजना के लोकार्पण में पीएम मोदी को बुलाया। इससे महोबा और बांदा के हजारों हेक्टेयर लैंड को सिंचाई की सुविधा मिली। किसानों को सम्मान मिला और उनके जमीन की कीमत बढ़ी, जिससे अन्नदाता खुशहाल हैं।

## पार्टी संविधान में बदलाव का मिला अधिकार

# नीतीश कुमार के जेडीयू राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर फिर लगी मुहर

एजेंसी ▶▶ पटना

जेडीयू के राष्ट्रीय और परिषद की बैठक पटना स्थित प्रदेश मुख्यालय के कर्पूरी सभागार में हुई। बैठक में नीतीश कुमार को चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान पर मुहर लगाई गई। इसके साथ ही उन्हें संगठन में बड़ा पावर दिया गया। नीतीश कुमार को पार्टी के संविधान में आवश्यकता पड़ने पर उचित संशोधन के लिए अधिकृत कर दिया गया। नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य की एनडीए सरकार के कामकाज की जमकर तारीफ की। बैठक में पहुंचे नीतीश कुमार का पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। जदयू नेताओं ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। निशांत कुमार ने पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।



### 7 निश्चय पार्ट- 3 को जमीन पर उतार रही सम्राट सरकार

बैठक के बाद जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह ने मीडिया को बताया कि सम्राट चौधरी की सरकार नीतीश कुमार द्वारा लाए गए सात निश्चय पार्ट- 3 की योजनाओं को जमीन पर उतार रही है। इससे पूर्व सीएम बहुत प्रसन्न हैं। उन्होंने एनडीए सरकार को इसके लिए बधाई दी। कहा कि बिहार के विकास कार्य के लिए केंद्र सरकार की ओर से काफी मदद मिल रही है।

### चार प्रस्तावों पर चर्चा

राजीव रंजन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय परिषद की बैठक में चार प्रस्तावों पर विचार हुआ और इसे पारित किया गया। बैठक में ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष पर लग रहे विराम पर प्रसन्नता व्यक्त किया गया। जदयू के एक करोड़ से अधिक सदस्य संख्या पर सभी नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## पेज एक का शेष....

### योग के लिए...

आ रहा है। पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ दिख रहा है। यही तो योग की ताकत है। योग सबको जोड़ता है।

### योग शिक्षा को ...

एवं भावनात्मक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

सैनी ने घोषणा की कि प्रदेश के सभी विद्यालयों में योग तथा योग शिक्षा को नियमित रूप से प्रोत्साहित करने के लिए सभी पीटीआई, डीपीईडी, पीजीटी तथा चिह्नित पीआरटी शिक्षकों को योगासनों का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों को नियमित रूप से योगाभ्यास करवाया जा सके। इसके अलावा, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग तथा हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं में योग से संबंधित कुछ प्रश्नों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। इसके लिए परीक्षा नीति में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि मोरनी में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के क्षेत्र में एक राज्य स्तरीय संस्थान की स्थापना की जाएगी, जहां प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग से संबंधित स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। साथ ही प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्थापित किए जा रहे पांच ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस'' में योग को भी एक प्रमुख घटक के रूप में शामिल किया जाएगा। इससे विश्वविद्यालयों में योग शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के सभी उच्चतर शिक्षा संस्थानों के स्पोर्ट्स विभागों का नाम परिवर्तित कर स्पोर्टस एवं योग विभाग किया जाएगा, ताकि योग को संस्थागत स्तर पर उचित स्थान एवं पहचान प्राप्त हो सके। उन्होंने आगे कहा कि राज्य की खेल नीति में योगासन को एक खेल विद्या के रूप में शामिल किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक नीतिगत संशोधन किये जाएगे। सैनी कहा कि योग पाठ्यक्रम में आयुर्वेद के पाठ्यक्रम के कुछ अंशों को शामिल किया जायेगा। साथ ही, पूर्व में स्वीकृत आयुष योग कोच/ प्रशिक्षक के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तियां की जाएंगी।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने...

रहा है, और यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का सशक्त उदाहरण है। राष्ट्रपति मुर्मू जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस मौके पर योगाभ्यास में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व अन्य मंत्री मौजूद थे। इस कार्यक्रम में करीब 5 हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। इसी तरह समूचे प्रदेश में योग दिवस पर कार्यक्रम हुए। भोपाल में लोकभवन, लालपरेड ग्राउंड समेत सभी स्कूल कॉलेजों में योग के कार्यक्रम हुए। इन कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज जब विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब योग मानवता को शांति, संतुलन, समरसता और सामूहिक कल्याण का मार्ग दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### योग, वैश्विक शांति ...

भौगोलिक सीमाओं तक अपनी सोच को सीमित नहीं किया है, अपितु विश्व को वसुधैव कुटुंबकम का अमर संदेश दिया , हमारे ऋषियों ने सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयः की कामना की।

### सुरक्षाबलों, सीसीटीवी...

454 केंद्रों पर बनाए गए 95 हजार कक्षों में आयोजित की गई थी। जिसमें अभ्यर्थियों ने हिंदी, अंग्रेजी सहित कुल 13 भारतीय भाषाओं में परीक्षा दी है। इस मैराथन कवायद में केवल एनटीए का नहीं बल्कि टीम भारत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**1 लाख प्लस सीसीटीवी ने रखी नजरः** एनटीए ने परीक्षा के लिए देश, विदेश कुल 95 हजार कक्ष बनाए थे और उनमें निगरानी को चाक- चौबंद बनाए रखने के लिए 1 लाख 38 हजार 560 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक गड़बड़ी को रोकने के लिए 51 हजार 311 जैमर्स लगाए, कक्षाओं की निगरानी के लिए प्रत्येक में क्रमशः 2-2 निरीक्षक तैनात किए गए। साथ ही 10 से ज्यादा अतिरिक्त परीक्षा परिचालन स्टाफ की भी तैनाती रही। पर्यवेक्षकों की संख्या 6 हजार 700, अभ्यर्थियों के वेरिफिकेशन के लिए 38 हजार 795 स्टाफ, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के लिए 48 हजार 448 कर्मी तैनात किए गए। इसके अलावा सभी 5 हजार 440 केंद्रों पर सेंटर सिस्टम अधिकारियों की मौजूदगी रही। जो सीसीटीवी से मिलने वाली लाइव फीड की निगरानी के अलावा मौके स्थल पर कैमरों में आने वाले तकनीकी समस्या को तुरंत हल करने के लिए तैनात थे।

**समूची सरकार की भावना की मिली झलकः** एनटीए ने बताया कि परीक्षा के आयोजन में समूची सरकार की भावना की झलक देखने को मिली। परीक्षा केंद्रों पर आधार आधारित बायोमेट्रिक, फेस वेरिफिकेशन, सीसीटीवी निगरानी, जैमर और दो चरण वाली जांच में राज्यों की पुलिस ने काफी सहयोग दिया। सीसीटीवी की निगरानी के लिए कमांड व कंट्रोल सेंटर बनाए गए। उन पर एनटीए, शिक्षा मंत्रालय और 34 केंद्रीय वित्त पोषित उच्च शिक्षा संस्थानों, राज्यों और जिला मुख्यालयों में व्यापक निगरानी बनाए रखी गई। परीक्षा के आयोजन में सीएपीएफ, विदेश, शिक्षा, स्वास्थ्य, गृह और रक्षा मंत्रालय, डाक विभाग, वायुसेना और एनआईसी, मेटी, वित्तीय विभागों, बैंक के सहयोगियों (एसबीआई, केनरा, पीएनबी और यूको बैंक) के साथ ही सभी हितधारकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एजेंसी सभी के प्रति विशेष आभार व्यक्त करती है।

### परीक्षा में बैठा ...

की थी। दोनों को परीक्षा केंद्रों तक पूरी योजना के साथ पहुंचाया गया। ताकि वह आराम से अपनी परीक्षा दे सकें।

दिव्यांग अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिए 6 बजकर 20 मिनट का समय दिया गया।

### वायुसेना ने पहुंचाए...

आयोजन के लिए किया गया। प्रश्न पत्र तैयार करने वाली टीम को गोपनीय स्थान पर कोरोना जैसी पाबंदियों के बीच रखा गया।

### राज्यों, केंद्रशासित ....

द्वारा तय किए गए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल को चरण दर चरण देश में 360 डिग्री लागू किया गया।

### सी फूड फैक्ट्री ...

65 से अधिक कर्मचारी बेहोश और बीमार हो गए। प्रभावित होने वाले कर्मचारियों में अधिकांश 24 से 25 वर्ष की युवा महिलाएं हैं। जिला कलेक्टर एस. कविता के अनुसार 46 मरीजों का इलाज वेल्स हॉस्पिटल में और 21 का वेंकटेश्वर हॉस्पिटल में चल रहा है। सबसे गंभीर रूप से प्रभावित 9 मरीजों को एंबुलेंस के जरिए चेन्नई के सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर किया गया है। 11 मरीजों को वेंटिलेटर सपोर्ट पर और करीब 16 मरीजों को इंट्यूबेट किया गया है। शुरुआती जांच के मुताबिक, फैक्ट्री के एक वॉल्व में आई खराबी के कारण अमोनिया गैस का रिसाव हुआ। अब सुरक्षा मानकों के पालन और संभावित लापरवाही के कोण से जांच की जा रही है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

**मौके पर एनडीआरएफ की विशेष टीम पहुंचीः** अरक्कोनम स्थित राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की चौथी बटालियन को अलर्ट किया गया। चेन्नई से 30 एनडीआरएफ जवानों की एक विशेष टीम अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। यह टीम पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई), गैस डिटेक्शन डिवाइस और रासायनिक-जैविक आपदा से निपटने वाले उपकरणों से लैस है, जो गैस रिसाव को नियंत्रित करने और क्षेत्र को सुरक्षित बनाने में जुटी है।

### लंका की लगा...

पहली फिफ्टी इस सीरीज में पूरी की। इसमें एक भी रन दौड़कर उन्होंने नहीं लिया, क्योंकि 5 चौके और 5 छक्के ही 50 रन हो गए। 12 गेंदों में श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज के वीररत्ने ने लिस्ट ए क्रिकेट में अर्धशतक बनाया था।

## सभी की वास्तुशैली एक समान होगी

# 'वन सिटी आइडेंटिटी' थीम पर गोरखपुर में 6 आइकॉनिक गेटवे

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

सीएम योगी के शहर गोरखपुर में बेहद खास काम होने जा रहा है। यहां छह नए द्वार विशेष आकर्षण होंगे। शहर को विशिष्ट और यादगार पहचान देने के लिए गोरखपुर नगर निगम ने छह आइकॉनिक गेटवे बनाने की योजना बनाई है। 'सिक्स आइकॉनिक पोर्टल्स, वन सिटी आइडेंटिटी' थीम पर तैयार प्रस्ताव में महानगर के छह प्रमुख प्रवेश मार्गों को सांस्कृतिक और वास्तुशिल्प की दृष्टि से आकर्षक नागरिक स्मारकों के रूप में विकसित किया जएगा।

प्रथम चरण में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत तीन द्वार बनाए जाएंगे, जिन पर तकरीबन 24 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के मुताबिक महानगर की संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत,



ज्ञान, शांति, जल, विकास और लोककला की झलक दिखाने वाले थीम आधारित छह भव्य द्वार डिजाइन किए गए हैं।

इन सभी द्वारों की वास्तुशैली एक समान होगी, लेकिन प्रत्येक द्वार गोरखपुर की अलग पहचान को प्रदर्शित करेगा। इनका निर्माण भारतीय तोरण परंपरा, स्थानीय सांस्कृतिक प्रतीकों और आधुनिक डिजाइन तत्वों के समन्वय से होगा। सैंडस्टोन, टेराकोटा और ब्रॉन्ज जैसी क्षेत्रीय सामग्री का उपयोग कर इन्हें आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा।यह प्रवेश द्वार हर तरफ से गोरखपुर की पहचान बनेंगे।

## धनबाद में परीक्षा केंद्र के बाहर उतरवाया जूता

# नीट परीक्षा में दुपट्टे के साथ छात्राओं को नहीं दी गई एंट्री

एजेंसी ▶▶ धनबाद

नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट (नीट) की दोबारा परीक्षा रविवार को जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर शुरू हो गई। दोपहर 1:30 बजे परीक्षा केंद्र का गेट छात्रों के लिए बंद कर दिया गया। इससे पहले ही सभी छात्र केंद्र के अंदर पहुंच गए।

सातों परीक्षा केंद्रों पर सुबह 11 बजे ही छात्र अपने स्वजन संग पहुंचने लगे। छात्रों के अभिभावकों को 100 मीटर पहले ही बैरिकेड लगाकर रोक दिया गया। इसके बाद दो चरणों की जांच के बाद छात्रों को परीक्षा के केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया।

सर्वप्रथम आधार कार्ड और परीक्षा आवेदन फार्म भरते समय ली गई लाइव तस्वीर की फोटोकापी देखने के बाद ही अंदर प्रवेश की अनुमति मिली। इसके बाद बायोमेट्रिक सिस्टम में अच्छा



छात्राओं की दस उंगलियों उंगलियां का निशान और आंखों की पुतलियों की जांच की गई।

इसके बाद सभी अपनी अपनी सीट पर जाकर बैठ गए।आईआईटी आईएसएम परीक्षा केंद्र में जांच के दौरान कई छात्र जूते पहनकर पहुंचे थे, उनका जूता बाहर ही उतरवा दिया गया।

छात्राओं से अपना दुपट्टा स्वजन को सौंपने का निर्देश दिया गया। दुपट्टे के साथ छात्राओं के प्रवेश की मनाही थी। कई छात्राएं गले में लाकेट और चेन पहनकर पहुंची थी, इसे भी उतरवाया गया।आईआईटी आईएसएम परीक्षा केंद्र में एक छात्रा काफी नर्वस दिखी।

# मास्टरमाइंड शुभम और साथियों पर कसा गया शिकंजा, 35 करोड़ से ज्यादा संपत्ति होगी कुर्क

## कोडीनयुक्त कफ सीरप तस्करी कांड

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सीरप तस्करी मामले में फरार चल रहे मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल और उसके सहयोगियों पर एसटीएफ ने शिकंजा अधिक कस दिया है। न्यायालय ने शनिवार को शुभम जायसवाल, वरुण सिंह और गौरव जायसवाल की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दे दिया है। कोर्ट से आदेश मिलने के बाद एसटीएफ जल्द ही इनकी 35 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति कुर्क करेगी। इसमें मकान, फ्लैट, पुश्तैनी संपत्ति, दुकानें, वाहन और अन्य चल-अचल संपत्तियां शामिल हैं। आगामी सप्ताह में कुर्की की कार्रवाई शुरू की जाएगी।




### निर्धारित अवधि में अदालत में पेश नहीं हुए

एसटीएफ मुख्यालय में तैनात निरीक्षक अंजनी कुमार पांडेय ने वर्ष 2024 में प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सीरप तस्करी के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान वाराणसी निवासी शुभम जायसवाल, वरुण सिंह व गौरव जायसवाल के नाम सामने आए थे। जांच में उन पर धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोप तय किए गए। चार फरवरी 2026 को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट ने तीनों के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया था। उन्हें फरार घोषित कर निर्धारित अवधि में अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया, लेकिन हाजिर नहीं हुए।

### तीनों आरोपितों को न्यायालय ने भगोड़ा घोषित किया

तीनों आरोपितों को न्यायालय ने भगोड़ा घोषित किया है। गैर जमानती वारंट जारी होने और कुर्की के नोटिस चस्पा करने के बावजूद आरोपित अदालत में हाजिर नहीं हुए। इसे अदालत की अवहेलना मानते हुए एसटीएफ ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तीनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 209 के तहत नया मुकदमा दर्ज कराया था।

### 16 आरोपित जा चुके हैं जेल

एसटीएफ इस मामले में अब तक बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह, अमित सिंह टाटा, विकास सिंह नर्वे, विभोर सिंह समेत 16 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। कई आरोपितों के खिलाफ अलग-अलग चरणों में चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। वहीं जांच में 13 अन्य लोगों के नाम सामने आने के बाद कुल 16 आरोपितों की गिरफ्तारी अभी बाकी है।



# एक्शन थ्रिलर टॉक्सिक की नई रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** टॉक्सिक इस साल की बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। सुपरस्टार यश की अपकमिंग फिल्म टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स का नई रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म अब अगस्त में रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट पहले दो बार पोस्टपोन हो चुकी है। यश के लिए ये साल काफी खास रहने वाला है। इस साल उनकी दो बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन फिल्मों में एक टॉक्सिक है और दूसरी है नितेश तिवारी की रामायण। यश की टॉक्सिक में उनके साथ नयनतारा और कियारा आडवाणी नजर आनेवाली हैं। यश की टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स 26 अगस्त, 2026 में रिलीज होगी।

लाइफ Style

# निकिता

## कॅरियर का टर्निंग प्वाइंट 'कबीर सिंह'

शाहिद कपूर की 'कबीर सिंह' को रिलीज हुए सात साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने कॅरियर पर इस फिल्म के लंबे समय तक रहने वाले असर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने इंडस्ट्री में उनके बारे में लोगों की सोच बदल दी।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड में लीड रोल पाने का रास्ता बनाया। निकिता ने 'कबीर सिंह'को अपने कॅरियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया। फिल्म ने उनके कॅरियर पर कैसे असर डाला इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि कबीर सिंह मुझे तब मिली जब मैं फिल्मों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी। कबीर सिंह के बाद कास्टिंग के मामले में मुझे अलग नजरिए से देखा जाने लगा। मैंने लीड रोल वाली अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं। इस फिल्म ने मुझे वह बदलाव दिया जिसकी मुझे जरूरत थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करने के अपने अनुभव को निकिता ने साझा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म ऐसी थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया और जिस पर काफी चर्चा हुई। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कभी भी फाइनल रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। मैंने फिल्म को दिन-दर-दिन के हिसाब से किया। बस हर सीन में जो कर सकती थी, वह करने की कोशिश की। यह वांगा सर का विजन था जिसकी वजह से ऐसा रिजल्ट मिला। शूटिंग के दौरान शाहिद का फोकस तारीफ के काबिल था। निकिता जल्द ही 'नजदीकियां' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला



# अभिनेता जियानकार्लो ने अपनाया इस्लाम

**लॉस एंजिल्स।** सऊदी गजट नाम के एक इंस्टाग्राम पेज पर अमेरिकी अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो का एक वीडियो साझा किया गया। इस वीडियो में वह सऊदी अरब की एक अदालत में नमाज अदा कर रहे थे। इसी वीडियो के कैप्शन में लिखा था, 'ब्रेकिंग बैड' के अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो ने इस्लाम अपनाया।' अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो की परवरिश कैथोलिक धर्म के अनुसार हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने पादरी बनने के बारे में भी सोचा था। एस्पोसिटो की शादी जॉय मैकमैनिगल से हुई थी। उनकी चार बेटियां हैं। बाद में अभिनेता का पत्नी से तलाक हो गया।



# तीसरी बार मां बनेंगी अभिनेत्री एनी, सेलेब्स ने लुटाया प्यार

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विनिंग हॉलीवुड एक्ट्रेस हॉलीवुड एक्ट्रेस एनी हैथवे 43 साल की उम्र में तीसरी मां बना बनेंगी। इस खुशी की खबर को उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ बांटा है। यह खबर जानकर उनके फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स खुशी से फूले नहीं समाए हैं। एनी हैथवे ने इंस्टाग्राम पर शुक्रवार देर रात एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह सफेद पहनावे में अपने लिविंग रूम में चल रही हैं। फिर वह घूमती हैं और अपना बेबी बंप दिखाती हैं। वीडियो के कैप्शन में भी लिखा है, ' बेबी, मैं तुम्हारी हूं।'एनी हैथवे और उनके पति एडम की यह तीसरी संतान होगी। दोनों ने साल 2012 में शादी की थी। इनके दो बेटे हैं। 10 साल के बेटे का नाम जोनाथन है, वहीं 6 साल के बेटे का नाम जैक है। अब एनी हैथवे तीसरी बार प्रेग्नेंट हैं। यह खुशी उन्होंने अपने फैंस के साझा की है। एनी हैथवे की पोस्ट पर फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स ने प्यार लुटाया है।



# दादाजी ने घर में कर रखे थे गोलगप्पे बैन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपनी ग्लोइंग स्किन और फिटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस के फैंस उनकी डाइट और उनकी फिटनेस रूटीन को लेकर हमेशा ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उनके घर में एक अजीब नियम था कि लड़कियां गोलगप्पे नहीं खा सकतीं। उर्वशी रौतेला ने बताया कि यह नियम उनके दादाजी ने बनाया था और घर की सभी महिलाएं यह रूल फॉलो किया करती थीं। एक्ट्रेस ने इसी इंटरव्यू में अपनी ग्लोइंग स्किन का सीक्रेट और फिटनेस का राज भी बताया। उर्वशी रौतेला ने बताया कि उस वक्त उनके घर में बाहर का खाना पूरी तरह बैन था। हालांकि, उनकी मां इतना टेस्टी खाना बनाया करती थीं कि उनका टिफिन अक्सर चोरी हो जाया करता था।



# भारतीय सिनेमा में हाईएस्ट पैड एक्टर बना रणवीर

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले तक भारतीय सिनेमा में किसी एक्टर के लिए ₹10 करोड़ की फीस बहुत बड़ी बात मानी जाती थी। 90 के दशक में, चिरंजीवी, कमल हासन और श्रीदेवी पहले ऐसे भारतीय स्टार बने जिन्होंने हर फिल्म के लिए ₹1 करोड़ की फीस ली। अब सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर्स में एक स्टार ने टॉप पर अपनी जगह बना ली है। इस स्टार ने अपने हाल ही के प्रोजेक्ट के लिए 325 करोड़ रुपए की तगड़ी फीस लेकर एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। वह सितारा कोई और नहीं बल्कि 2025 और 2026 में सिनेमाघरों में धूम मचाने वाले 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह हैं। फिल्म से मिली भारी कमाई की वजह से रणवीर सिंह अब भारत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बन गए हैं। 'धुरंधर' की दोनों फिल्मों ने दुनिया भर में ₹3200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की।

टीवी मसाला



# सांपों के स्टंट में रुबीना को देख चीखीं जैस्मीन-फरहाना

**नई दिल्ली।** 'खतरों के खिलाड़ी 15' का नया प्रोमो देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे! शो के खतरनाक स्टंट में रुबीना दिलैक के गले में कई जहरीले सांप लिपटे नजर आए, जिसे देख जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट डर के मारे जोर-जोर से चीख पड़ीं। लेकिन बवाल सिर्फ प्रोमो तक ही नहीं है, ग्रैंड फिनाले से ठीक पहले शो के टॉप 2 फाइनलिस्ट के नाम भी लीक हो गए हैं! प्रोमो में रुबीना के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता है, वहीं उन्हें इस हालत में देखकर जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट डर के मारे जोर-जोर से चीखने लगी। रिलीज हुए प्रोमो में दिखाया गया है कि रुबीना दिलैक एक बेहद मुश्किल स्टंट परफॉर्म कर रही हैं। इस स्टंट के दौरान उनके गले और पूरे शरीर पर कई खतरनाक सांप रेंग रहे हैं। वैसे तो रुबीना को बहुत हिम्मतवाली माना जाता है, लेकिन जब सांप उनके चेहरे के बिल्कुल करीब पहुंच गए, तो वह भी बुरी तरह घबरा गईं। सांपों के इस खतरनाक साये के बीच रुबीना खुद पर काबू रखने की पूरी कोशिश कर रही थीं, लेकिन उनका डर साफ नजर आ रहा था। रुबीना को इस तरह खतरों से खेलते देख बाकी कंटेस्टेंट्स की हालत खराब हो गई। खासकर जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट, जो वहां बैठकर यह स्टंट देख रही थीं, खुद को चीखने से नहीं रोक पाईं। डर के मारे दोनों की आंखें फटी की फटी रह गईं। प्रोमो में जैस्मीन और फरहाना जोर-जोर से रोते और चिल्लाते हुए नजर आ रही हैं, जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार शो में खतरों का लेवल कितना ज्यादा बढ़ गया है।

## सीआईडी में लाश बनकर कमाए 3000 रुपए

**नई दिल्ली।** कभी पहचान बनाने के लिए उन्हें ऐसे किरदार भी निभाने पड़े, जिन पर शायद ही किसी की नजर जाती हो। एक लोकप्रिय शो में वह 'लाश' बनकर घंटों बिना हिले-डुले पड़ी रहीं। सीन के दौरान कलाकार उनकी आंखें खोलकर जांचते थे और वह सब कुछ सहते हुए अपने सपनों को जिंदा रखे हुए थीं। बदले में मिलते थे सिर्फ 3000 रुपए। आज उनकी सफलता के पीछे छिपी यही अनकही कहानी लोगों का दिल छू रही है। 'बिग बॉस 16' और 'खतरों के खिलाड़ी 13' जैसे बड़े रियलिटी शोज से देशभर में अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अर्चना गौतम आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और अनफिल्टर्ड बयानों के लिए मशहूर अर्चना ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया। लेकिन, उनके लिए यह मुकाम हासिल करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। रियलिटी गेम शो 'तुम हो ना - घर की सुपरस्टार' में बतौर खास मेहमान नजर आने वाली हैं। इस शो को राजीव खंडेलवाल होस्ट कर रहे हैं।



# 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में ट्रंप की मिमिक्री, आलिया हुईं रोस्ट

**नई दिल्ली।** स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना ने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पहले एपिसोड की शुरुआत में ही आलिया भट्ट का खूब मजाक बनाया। समय के अलावा एक प्रतियोगी ने भी आलिया को रोस्ट किया, उन पर मजाकिया ढंग से तंज कसे। यह प्रतियोगी शो में डोनाल्ड ट्रंप बनकर आया था। इस शख्स की मिमिक्री ने सबका दिल जीत लिया था।


ट्रंप बने प्रतियोगी ने इंटरनेशनल मुद्दों पर मजाकिया ढंग से कटाक्ष किया। यह देखकर सब उनकी तारीफ कर रहे थे। आलिया ने भी कुछ बोलने की कोशिश की लेकिन वह सकपका गईं। इस पर प्रतियोगी ने कहा, 'कोई इनको स्क्रिप्ट दो।' यह बात जैसे ही ट्रंप बने प्रतियोगी ने कही आलिया और बाकी जजेज की हंसी छूट गई। समय रैना के शो के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट की रोस्टिंग देखकर सोशल मीडिया यूजर्स को भी खूब मजा आया। एक यूजर ने रिएक्शन देते हुए लिखा, 'आलिया आपके इसके लिए तैयार नहीं थीं।' एक अन्य ने लिखा, 'आलिया नर्वस थीं, लेकिन आपके अच्छा परफॉर्म किया।' फैंस आलिया की तारीफ करते नजर आए।





# सितारों ने दिखाया फिटनेस का जलवा

**नई दिल्ली।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में योग को लेकर उत्साह नजर आया। इस मौके पर कई सितारों ने योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं और फैंस को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। फिटनेस के लिए मशहूर शिल्पा शेट्टी ने भी गुरुग्राम में लोगों के साथ योग किया और सभी को फिट रहने के लिए प्रोत्साहित किया। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने भी इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज और पोस्ट शेयर कर योग और फिटनेस के लिए फैंस को प्रेरित किया। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी मुंबई में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ योग करते नजर आए। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। एक्टर शाहिद कपूर और श्रीलीला भी योग दिवस के मौके पर फैंस के साथ योग करते नजर आए।





हाल ही में 'पति पत्नी और वो 2' में नजर आईं रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर योगा डे की बधाई दी और योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं।



## मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में

# काजोल से लेकर संजय तक ने साझा की फादर्स-डे पर खास पोस्ट

*'मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में' एक अज्ञात शायर की यह चंद पक्तियां पिता के विराट अस्तित्व को बखूबी बयां करती हैं। आम लोगों से लेकर बॉलीवुड सेलेब्स तक ने फादर्स-डे सेलिब्रेट किया। सोशल मीडिया पर इस खास मौके पर कई सेलेब्स ने अपने पिता के लिए खास पोस्ट साझा की हैं। काजोल ने पिता और मां तनुजा की एक पुरानी तस्वीर साझा की है। फादर्स डे पर साझा की गई अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में वह लिखती हैं, 'पुरानी तस्वीरें देखते हुए यह अहसास होता है कि मेरी हंसी में आप आज भी कितने जिंदा हैं। आपकी हर दिन याद आती है, पापा। हैप्पी फादर्स डे।'*

**नई दिल्ली।** हुमा कुरैशी ने तो अपने पिता के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। एक इमोशनल कैप्शन भी वह लिखती हैं, 'बचपन में हमें लगता था कि हमारे पापा के पास हर सवाल का जवाब है। फिर हम बड़े हुए और हमें अहसास हुआ कि वे भी चीजों को समझने और संभालने की कोशिश कर रहे थे। ऐसी जिम्मेदारियां निभा रहे थे जिन्हें हम समझ नहीं पाते थे। ऐसे त्याग कर रहे थे जिनके बारे में उन्होंने कभी बात नहीं की। हर दिन डटे रहे, तब भी जब जिंदगी आसान नहीं थी। इस सफर में कहीं न कहीं, आप अपने पापा को सिर्फ एक पिता के तौर पर नहीं बल्कि उस भूमिका के पीछे छिपे इंसान के तौर पर देखने लगते हैं। इससे सब कुछ बदल जाता है।'



ईशा देओल ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में पिता धर्मेंद्र को याद करते हुए लिखा, 'लव यू पापा।' पिछले साल दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हुआ था।

संजय दत्त ने भी अपने पिता सुनील दत्त को याद करते हुए एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की है, इसके कैप्शन में वह लिखते हैं, 'पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। आपको बहुत याद करता हूं। काश आप यहां होते, आप मेरी ताकत हैं और हमेशा रहेंगे।'

'पुष्पा' फिल्म फेम और साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने पिता के नाम फादर्स डे पर एक प्यार भरा मैसेज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। वह लिखते हैं, 'मेरे पिता ही मेरे भगवान हैं। वे ऐसे भगवान हैं जिन्हें मैं देख सकता हूं, जिनकी आवाज सुन सकता हूं, जिनसे बात कर सकता हूं और जिन्हें छू सकता हूं और उन्होंने ही मुझे जिंदगी में लगभग सब कुछ दिया है। मेरे पापा और दुनिया के सभी प्यारे पिताओं को 'हैप्पी फादर्स डे'।'

*राजपाल यादव ने भी अपनी बेटियों के साथ प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। साथ ही कैप्शन लिखा है, 'मैंने जिंदगी में बहुत सारे किरदार निभाए हैं और आगे भी निभाता रहूंगा लेकिन 'पापा' का किरदार सबसे प्यारा, सबसे खास और हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा।'*

*अनन्या पांडे ने भी पिता चंकी पांडे के साथ एक पुरानी तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है। साथ ही लिखा है- हैप्पी फादर्स डे पापा।*

*करण देओल ने भी अपने पिता सनी देओल के नाम एक इमोशनल पोस्ट साझा की है। वह 'बंटवारा 1947' में सनी देओल के साथ अभिनय भी कर रहे हैं।*

*जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा ने भी फादर्स डे पर एक पुरानी तस्वीर साझा की है। इसमें जैकी श्रॉफ, टाइगर श्रॉफ और कृष्णा नजर आ रहे हैं।*

# नागरिक अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की छतों पर लगेंगे सोलर पैनल

अस्पतालों में लॉन्ड्री सेवाओं के मशीनीकरण और जच्चा-बच्चा वार्डों का सौंदर्यीकरण होगा

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक में दिए निर्देश ■ सिविल सर्जनों की वित्तीय शक्ति 1 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा के सरकारी अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर निजी अस्पतालों से भी बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिला नागरिक अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ बुनियादी सुविधाओं का स्तर भी उच्च गुणवत्ता का सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएं तथा उन्हें नेट मीटरिंग के माध्यम से बिजली ग्रिड से जोड़ा जाए। इसके अलावा अस्पतालों में पौधारोपण, पेस्ट कंट्रोल, लॉन्ड्री सेवाओं के मशीनीकरण और जच्चा-बच्चा वार्डों के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। रविवार को सिविल सचिवालय में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों के आधुनिकीकरण, मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्यों तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, हिसार, कैथल, महेंद्रगढ़, पलवल, पंचकूला, रेवाड़ी, सोनीपत और नूंह समेत 12 जिलों के नागरिक अस्पतालों में चल रहे नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में मरीजों को बेहतर उपचार के साथ स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण भी मिलना चाहिए। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है। वित्त वर्ष 2024-25 में जहां 8.83 प्रतिशत लाभार्थियों ने सरकारी अस्पतालों में उपचार कराया था, वहीं 2025-26 में यह आंकड़ा बढ़कर 32 प्रतिशत हो गया है। मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की सेवाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सिविल सर्जनों की वित्तीय शक्ति एक लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने के निर्देश दिए, ताकि छोटे विकास कार्यों में अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, एसी, पंखे, पेंटिंग और भवनों की मरम्मत करने के निर्देश दिए।



### मैमोग्राफी मशीनें स्थापित की जाएंगी

बैठक में बताया गया कि पंचकूला, रेवाड़ी, सोनीपत, कुरुक्षेत्र, पानीपत, करनाल, नारनौल और गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में महिलाओं की स्तन कैंसर जांच के लिए मैमोग्राफी मशीनें स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अन्य जिलों में भी ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराने और मातृ-शिशु वार्डों में एयर कंडीशनिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यरत और निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों की समीक्षा करते हुए सिरसा में कैंसर उपचार सुविधा विकसित करने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे निवेश का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए।

---

## मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, प्राकृतिक खेती में अत्यंत सहायक है गोमाता के गोबर-गोमूत्र से बनी खाद

# प्राकृतिक खेती अपनाने वाले राज्यों में मप्र अव्वल फसलों में रासायनिक खाद का उपयोग नुकसानदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को बरखेड़ीकला स्थित राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान (सिपेट) में 'प्राकृतिक खेती कार्यशाला सह कृषक संगोष्ठी' में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संपूर्ण संबोधन का श्रवण किया। मुख्यमंत्री ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने गांव, गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और नारी सहित सभी वर्गों के कल्याण से विश्व में भारत की अलग ही पहचान बनाई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश को दो-दो नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगात दी है। इससे प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा और उनके सूखे खेतों में फसलें लहलहाएंगी। आज देश के हर गांव-कस्बे तक बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का जाल बिछ रहा है। प्रधानमंत्री ने ही देश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि देने की योजना प्रारंभ की है। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा, अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल, आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, कलेक्टर भोपाल प्रियंक मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित थे।

*प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साकार होते देख रहे हैं रामराज्य की संकल्पना*

*गाय प्राकृतिक खेती में सर्वाधिक मददगार, गाय पालने वालों को सहायता*



### हमारी प्राकृतिक खेती से दुनिया लाभान्वित हो, यही उद्देश्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फसलों में कीटनाशक और रासायनिक खाद का उपयोग नुकसानदेह है। इससे कैंसर जैसी कई घातक बीमारियां जन्म लेती हैं। सरकार ने किसानों को पुनः प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए पहल की है, इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। आज हमारा मध्यप्रदेश देश में सर्वाधिक प्राकृतिक खेती करने वाला राज्यों में अव्वल स्थान पर है। उन्होंने कहा, प्राकृतिक खेती की उपज को उचित दाम दिलवाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। हमारी प्राकृतिक खेती से दुनिया लाभान्वित हों, इसी भाव से कार्य करते हुए प्रदेश में तेजी से गोशालाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### किसान गोबर-गौमूत्र से खाद बनाकर खेतों में डालें

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी गौमाता प्राकृतिक खेती में सबसे अधिक मददगार प्राणी है। किसान गोबर और गौमूत्र से खाद बनाकर खेतों में डालें, इसी उद्देश्य से गौपालक किसानों को हमारी सरकार हर महीने 1100 रुपए प्रति गाय की दर से आर्थिक सहायता दे रही है। गौ-आधारित कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्राकृतिक खेती के जरिए किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है। इससे धरती माता की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी और विदेशी रासायनिक खाद पर निर्भरता भी घटेगी। प्रदेश के नागरिकों को प्राकृतिक तरीके से उगाए देसी ज्वार, बाजरा और गेहूं-चना का स्वाद मिलेगा।

### आय बढ़ाने के साथ-साथ प्राकृतिक खाद निर्माण में भी मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को दूध उत्पादन से भी जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ती है। कम सिंचाई में भी फसल अच्छी होती है। प्राकृतिक खेती केवल खेती की एक तकनीक ही नहीं, धरती माता, किसान और उपभोक्ता- तीनों के स्वास्थ्य की रक्षा का अभियान है। जलवायु परिवर्तन के दौर में यह एक महत्वपूर्ण समाधान है।

## मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने कपिला गोशाला पहुंचकर किया गौ पूजन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य, बिजली मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को उज्जैन के ग्राम रत्नाखेड़ी स्थित कपिला गौशाला पहुंचकर गौ-माता की पूजा कर पशु आहार खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन की ओर से स्थानीय निकायों के माध्यम से गौशाला संचालन का मॉडल विकसित किया गया है। इसके तहत नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को गौशाला संचालन के लिए आवश्यक सहयोग एवं सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही बड़े स्तर पर सामुदायिक गौशाला संचालित करने के इच्छुक संस्थानों एवं व्यक्तियों को भी शासन कीओर से प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### गौशाला का निरीक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया

इसके अतिरिक्त गोवंश औषधालय, भूसा भंडारण शेड, गौ सेवा शाला, बायोगैस संयंत्र, प्रशासनिक भवन, प्रयोगशाला, डेयरी, गोवंश अंतिम संस्कार क्षेत्र, आगंतुकों के लिए पार्किंग एवं उद्यान क्षेत्र, वॉच टावर तथा वृक्षारोपण क्षेत्र का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने गौशाला का निरीक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौ शाला के रख-रखाव के लिए नगर निगम के किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा इस क्षेत्र का कायाकल्प कर इसे गौ संरक्षण एवं संवर्धन के एक आदर्श केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### ये लोग मुख्य रूप से रहे मौजूद

इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेश नाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एडीएम अत्येंद्र सिंह गुर्जर सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

---

## हजारों किसानों ने लिया भाग

# भाजपा किसान मोर्चा ने लगाईं कृषि कार्यशालाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा 19 एवं 20 जून को प्रदेशभर में प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में हजारों किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती की तकनीकों, लाभों एवं पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका की जानकारी प्राप्त की। प्रदेश के सभी जिलों में दो-दो प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके तहत कृषि विभाग एवं भाजपा किसान मोर्चा के समन्वय से व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यशालाओं का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना, खेती की लागत कम करना तथा उनकी आय में वृद्धि के लिए प्रेरित करना था। राज्य स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन भोपाल स्थित राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान, बरखेड़ी कला में किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### पीएम मोदी के कार्यक्रम का प्रसारण देखा

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल के कोलकाता से प्रसारित किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने देखा और सुना। संबोधन में पीएम मोदी ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया। मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने ग्वालियर जिले के बिलोआ में किसानों से संवाद किया तथा प्राकृतिक खेती को आत्मनिर्भर और लाभकारी कृषि का आधार बताया।

## कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अहम चर्चा

# महिला मोर्चा ने पर्यावरण पर आयोजित किया संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर भारतमाता चौराहे के समीप स्थित दद्दू के मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर "एक पेड़ माँ के नाम", ईंधन की खपत कम करने हेतु जन-जागरण तथा खाद्य तेल के कम उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधरोपण, ईंधन की बचत के प्रति जनजागरुकता तथा स्वस्थ जीवन के लिए खाद्य तेल के सीमित उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

---

## एसईसीएल कुसमुंडा खदान में हो रहे हादसों से कर्मचारियों में भारी रोष

# 60 टन डंपर से मिट्टी अनलोड करते समय हादसा, कर्मचारी की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



जिले की एसईसीएल कुसमुंडा खदान में लगातार हो रहे हादसों से कर्मचारियों में भारी रोष है। बीती रात एक ट्राला हादसे में ड्राइवर की मौत के बाद, शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक और दुर्घटना हुई। इसमें डंपर पलटने से एक विभागीय कर्मचारी सत्यनारायण की जान चली गई। इस घटना के बाद आक्रोशित खदानकर्मियों ने रविवार सुबह काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। जानकारी के अनुसार, 38 वर्षीय सत्यनारायण रात करीब एक बजे खोदरी फेस में 60 टन डंपर से मिट्टी अनलोड कर रहे थे।

तभी डंपर अनियंत्रित होकर करीब 150 फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में सत्यनारायण गंभीर रूप से घायल हुए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। सत्यनारायण के चार छोटे बच्चे हैं और वह परिवार के अकेले कमाने वाले थे। कर्मचारियों का आरोप है कि खदान प्रबंधन और प्रबंधक कैलाशचंद बल लगातार काम का दबाव बनाते हैं। वे कर्मचारियों की सुरक्षा और समस्याओं पर ध्यान नहीं देते हैं। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने कई मांगें रखी हैं। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले प्रबंधक कैलाशचंद बल को तत्काल हटाने की मांग की है। साथ ही, मृतक सत्यनारायण के परिवार के एक सदस्य को सात दिन के भीतर अनुकंपा नियुक्ति देने को कहा है।

# थिंक गैस की पाइपलाइन फूटी दुरुस्त कर की बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बावड़िया कलां रेलवे क्रॉसिंग के पास एक दूरसंचार कंपनी के थर्ड-पार्टी ठेकेदार द्वारा की जा रही खुदाई के दौरान थिंक गैस की सिटी गैस पाइपलाइन फूट गई। इस घटना से गैस रिसाव हुआ तथा आसपास की कई आवासीय सोसायटीज़ और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पीएनजी की आपूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित हुई। इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्रभावित पाइपलाइन खंड को अलग करते हुए आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू किया



और गैस आपूर्ति शीघ्र बहाल कर दी गई। संबंधित ठेकेदार ने खुदाई कार्य शुरू करने से पहले कोई पूर्व सूचना नहीं दी और न ही कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मामले में बिना पूर्व सूचना के खुदाई किए जाने के कारण थिंक गैस ने जिम्मेदार पक्ष के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

## विद्युत सब स्टेशनों का निरीक्षण कर एमडी ने दिए निर्देश

# सिंहस्थ-2028 के लिए एमपी ट्रांसको के कार्यों में समय-सीमा का रखा जाए विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से किए जा रहे पारेषण अधोसंरचना विकास कार्यों का निरीक्षण कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने किया। उन्होंने 132 केवी सब स्टेशन चिंतामन तथा उज्जैन के प्रथम 132 केवी जीआईएस सब स्टेशन त्रिवेणी विहार के निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। प्रबंध संचालक ने अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ से संबंधित नोटिफाइड कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर तथा उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए।

### 750 मेगावाट की तैयारी

सिंहस्थ -28 के दौरान विद्युत की अनुमानित अधिकतम 750 मेगावाट की मांग रहने का आकलन किया गया है। इस मांग की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एमपी ट्रांसको द्वारा उज्जैन में विभिन्न सब स्टेशनों का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में दो नए एक्स्ट्रा हाई टेंशन (ईएचटी) विद्युत सब स्टेशनों के कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए सभी परियोजनाओं को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक के साथ निरीक्षण में उज्जैन एवं इंदौर क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

---

## जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र का मामला

# नाबालिग से रेप के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार, गर्भवती होने पर खुला राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगांव थाना पुलिस ने डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिक बालिका को गांव से दूसरी जगह ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैं,नाबालिग पीड़िता के गर्भवती होने के बाद इस पूरे मामले का खुलासा हुआ।

पीड़िता के परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया हैं, आरोपी द्वारा नाबालिक के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। पूरा मामला जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र का हैं, जहां नाबालिक के पेट दर्द होने के कारण उसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए




भर्ती कराया गया। इस दौरान पीड़िता 6 माह की गर्भवती पाई गई, जिसके बाद पूरे मामले में पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल शुरू की गई। डोंगरगांव थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इस पूरे प्रकरण की जांच की, जिसमें आरोपी के द्वारा नाबालिक पीड़िता को गांव से दूसरी जगह ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम देना पाया गया।

## पारदर्शी कृषि विपणन व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

देश में पहली बार लागू की गई एक अभिनव व्यवस्था

# मप्र की भावांतर भुगतान योजना को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड-2026

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन की किसान हितैषी एवं नवाचार आधारित भावांतर भुगतान योजना-2025 को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार शनिवार 20 जून को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में भावांतर योजना-2025 तथा ई-मंडी योजना को एकीकृत डिजिटल ढांचे के तहत लागू किया गया है। यह पहल किसानों को मूल्य संरक्षण, त्वरित भुगतान और पारदर्शी कृषि विपणन व्यवस्था



उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भावांतर योजना-2025 के तहत सोयाबीन की खरीदी पूर्णतः ई-मंडी एप्लीकेशन के माध्यम से की गई। यह देश में पहली बार लागू की गई एक अभिनव व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य किसानों को बाजार भाव में गिरावट से सुरक्षा प्रदान करना है।

### यह उपलब्धि मप्र की कृषि के लिए राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल की ओर से यह सम्मान प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में सहायक संचालक योगेश नागले, गोविंद शर्मा एवं निरंजन सिंह ने ग्रहण किया। दोनों एप्लीकेशन एनआईसी भोपाल से विकसित की गई हैं। पुरस्कार समारोह में अध्यक्ष प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद प्रो. एस. महेंद्र देव, अपर सचिव विधि एवं न्याय मंत्रालय डॉ. मनोज कुमार, संचालक इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन

### मप्र पर्यटन के 'रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन' को 'स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2026'

**भोपाल**। मप्र पर्यटन बोर्ड ने पर्यटन क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करते हुए अपने 'रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन' के लिए प्रतिष्ठित 'स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2026' प्राप्त किया है। यह सम्मान राज्य में सतत, समुदाय-केंद्रित एवं पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिये किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान 108वें स्कॉच समिट 'विकसित भारत' के अंतर्गत नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह प्रदान किया गया। इस अवसर पर देश से नीति-निर्माता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की ओर से रेसिडेंट मैनेजर देवेंद्र राय ने यह सम्मान ग्रहण किया। यह उपलब्धि प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में नवाचार, समावेशिता एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के प्रति मप्र पर्यटन की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

चिंतन

# होर्मुज को हथियार नहीं बनाएं ऊर्जा आपूर्ति का मार्ग रहने दें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब होर्मुज जलडमरूमध्य में टोल लगाने की चेतावनी देकर नया तनाव खड़ा कर दिया है। इससे एक बार फिर अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। चूंकि दुनिया के ऊर्जा व्यापार का एक बड़ा हिस्सा होर्मुज से होकर ही गुजरता है। ट्रंप का यह फैसला खाड़ी देशों के लिए भी परेशानी खड़ी कर सकता है। ऐसा होने पर दुनियाभर के देश ऊर्जा आपूर्ति के लिए दूसरे रास्ते तलाशने शुरू कर देंगे। ट्रंप के बयान ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। उनका तर्क है कि मध्य-पूर्व की सुरक्षा पर अमेरिका ने जो खर्च किया है, उसकी भरपाई इस शुल्क से की जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि क्या दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग को किसी देश की राजनीतिक या आर्थिक रणनीति का उपकरण बनाया जा सकता है? होर्मुज जलडमरूमध्य केवल एक समुद्री रास्ता नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन है। दुनिया के समुद्री मार्ग से होने वाले तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी संकरे जलमार्ग से होकर गुजरता है। खाड़ी देशों से निकलने वाला कच्चा तेल एशिया, यूरोप और दुनिया के कई हिस्सों तक इसी रास्ते पहुंचता है। यदि यहां किसी प्रकार का अवरोध, टोल या सैन्य तनाव पैदा होता है तो उसका असर केवल क्षेत्रीय देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अमेरिका यदि सुरक्षा खर्च के नाम पर यहां टोल लगाने की कोशिश करता है तो यह अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों और मुक्त व्यापार व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करेगा। समुद्री मार्ग किसी एक देश की जागीर नहीं होते। वे वैश्विक संपदा हैं, जिनका उपयोग अंतरराष्ट्रीय नियमों और पारस्परिक सहमति के आधार पर होता है। यदि शक्तिशाली देश अपनी सैन्य ताकत के आधार पर ऐसे मार्गों पर शुल्क लगाने लगे तो भविष्य में अन्य रणनीतिक समुद्री मार्गों पर भी इसी प्रकार के दावे सामने आ सकते हैं। इससे वैश्विक व्यापार व्यवस्था में अस्थिरता बढ़ेगी। खाड़ी देशों के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय है। उनकी अर्थव्यवस्था बड़े पैमाने पर ऊर्जा निर्यात पर निर्भर करती है। अतिरिक्त शुल्क या राजनीतिक अनिश्चितता उनके निर्यात को प्रभावित कर सकती है। यही कारण है कि क्षेत्र के अधिकांश देश चाहते हैं कि होर्मुज विवाद और शक्ति प्रदर्शन का मंच न बने, बल्कि सुरक्षित और निर्बाध समुद्री मार्ग बना रहे। भारत के लिए यह मुद्दा और भी अधिक महत्वपूर्ण है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। भारतीय तेल टैंकरों का सुरक्षित रूप से होर्मुज पार करना फिलहाल राहत की बात है, लेकिन यदि क्षेत्र में तनाव बढ़ता है या टोल जैसी व्यवस्था लागू होती है तो इसका सीधा असर भारत की आयात लागत पर पड़ेगा। महंगा तेल परिवहन, उद्योग और आम उपभोक्ता की जेब पर भी बोझ बढ़ाता है। ऐसे में भारत जैसे विकासशील देशों के लिए ऊर्जा सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बन सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय होर्मुज को राजनीतिक दबाव का हथियार बनने से रोके। इसे ऊर्जा आपूर्ति का मार्ग ही रहने दें। दुनिया पहले ही आर्थिक अनिश्चितताओं, महंगाई और क्षेत्रीय संघर्षों से जूझ रही है। ऐसे में होर्मुज को नई भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का अखाड़ा बनाना किसी के हित में नहीं होगा। बेहतर यही है कि इसे शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग और आर्थिक स्थिरता के प्रतीक के रूप में देखा जाए। क्योंकि होर्मुज में पैदा होने वाली हलचल केवल समुद्र तक सीमित नहीं रहती, उसकी लहरें पूरी दुनिया को प्रभावित करती हैं।

आर्थिकी
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# आयात निर्भरता होगी कम 100 उत्पाद होंगे चिन्हित

आयात निर्भरता कम करने की दिशा में भारत सरकार ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। देश में आयात में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है तो इलेक्ट्रोनिक उत्पादों का आयात 100 अरब डॉलर के आंकड़े को भी पहली बार पार कर गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र प्रथम, मेड इन इण्डिया और वोकल फॉर लोकल को केवल जुमला के स्थान पर धरातल पर उतारने को कटिबद्ध हो गए हैं। पिछले दिनों देश में 100 सर्वाधिक आयात होने वाले उत्पादों को चिन्हित कर उनका देश में ही उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास शुरू किए गए हैं। उद्योग एवं व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर 3 सप्ताह में सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसके लिए 6 क्षेत्र विशेष कार्य समूह का गठन किया गया है। कमेटी द्वारा एक मोटे अनुमान के अनुसर 500 आयात होने वाले प्रमुख उत्पादों का अध्ययन किया जाएगा और इनमें से पहले चरण में 100 उत्पादों का चयन किया जाएगा। इन 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाया जाएगा ताकि विदेशों से आयात पर निर्भरता कम हो सके। दरअसल देश में 2025-26 में 7.5 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 775 अरब अमेरिकी डॉलर के उत्पाद आयात हुए हैं। इनमें भी 18 प्रतिशत की विकास दर के साथ सर्वाधिक 116 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद आयात किए गए हैं। देश में प्रमुखतः 6 क्षेत्रों में आयात हो रहा है। इनमें फार्मास्यूटिकल, बायोटेक, मेडिकल क्षेत्र, रसायन और पेट्रोकेमिकल, कपड़े, जूते आदि सेक्टर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन ईवी और पूजीगत सामानों का आयात सेक्टर, उर्जा क्षेत्र, निर्माण और संरचना क्षेत्र और रक्षा, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक आदि सेक्टर हैं। यह कमेटी इन सेक्टरों के 500 प्रमुख उत्पादों में से 100 उत्पाद चिन्हित करेंगी, जिनका उत्पादन देश में बढ़ाया जा सके और आयात में निर्भरता को कम किया जा सके। कमेटी ने काम आरंभ कर दिया है और सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि कमेटी को 3 सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देने के लिए कहा गया है। इसका मतलब यह है कि सरकार सर्वाधिक आयात होने वाले 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाने के लिए संकल्पित है। दरअसल प्रधानमंत्री वोकल फॉर लोकल की बात हवा में नहीं करते रहे हैं। मेड इन इंडिया और इसकी ब्रॉण्डिंग की बात भी हवा-हवाई ना होकर इसके पीछे आयात को कम करने और भारतीय उत्पादों की विदेशों में पहचान बनाने और बाजार विकसित करने में हैं। इसी दिशा में बढ़ता एक कदम सरकार को एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम है। एक बात तो यह साफ हो जानी चाहिए कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और पहचान रही है। आगे भी इसके ठोस प्रयास करने होंगे। दूसरी यह कि आयात का सीधा अर्थ है कि इन उत्पादों की हमारे देश में काफी मांग है और इस मांग की पूर्ति नहीं हो पर रही है और विदेशों से आयात पर निर्भरता बनी हुई है। ऐसे में योजनाबद्ध तरीके से आयात घटाने, स्थानीय आवश्यकता की देश में ही आपूर्ति सुनिश्चित करने और निर्यात बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है और सरकार के इन प्रयासों में यही परिलक्षित हो रहा है। किसी भी देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए आयात पर निर्भरता कम होनी चाहिए। देश में ही उत्पादन होने लगता है तो एक और विदेशी मुद्रा की बचत होती है तो दूसरी और देश में ही रोजगार, निवेश और सरकारी राजस्व के साथ ही इकोनॉमी का बूस्ट मिलता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना सहित अनेक कदम उठाने जा रही है। इसे इस दृष्टि से शुभ संकेत व सरकार की गंभीरता के रूप में समझा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए पीएलआई यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव योजना लागू की है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक, फार्मा, ऑटोमोबाइल, रसायन सहित 14 प्रमुख क्षेत्रों को प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव के दायरें में लाया गया है। देश में आरएण्डी सेल बनाकर शोध एवं अनुसंधान पर जोर दिया जा रहा है। विदेशों से आयात कर डंपिंग पर रोक लगाने के लिए एंटी डंपिंग शुल्क लगाने के साथ ही योजनाबद्ध तरीके से मेड इन इंडिया को प्रोत्साहित किए जाने पर जोर दिया जा रहा है। देश को आर्थिक दृष्टि से सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए आयात पर निर्भरता तो कम करनी ही होगी। आज विदेशी के नाम पर देशवासियों खासतौर से अमीर लोगों की खरीद की प्रवृति को भी बदलने की आवश्यकता है। माना जाना चाहिए कि उद्योग सचिव की कमेटी द्वारा 100 उत्पादों के चिन्हिकरण और ठोस योजना के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और सरकार द्वारा भी कमेटी की सिफारिश के अनुसार चिन्हित इन उत्पादों के उत्पादन बढ़ाने की खासतौर से स्थानीय मांग की पूर्ति की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करना होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अश्लीलता की सजा सिर्फ माफी क्यों?



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

एक वह दौर था जब हास्य कवि अपनी कविता से, विदूषक अपनी हूनर से, मिमिक्री आर्टिस्ट अपने हाव-भाव से और फिल्मों के हास्य अभिनेता अपने अभिनय और संवाद से लोगों को गुदगुदाते थे और हंसाते थे। विडंबना है कि आज सोशल मीडिया से लेकर टेलीविजन पर कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता और गाली पर ठहाके लग रहे हैं और तालियां पीटी जा रही है। देश में इन दिनों स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे के शो पर बवाल मचा हुआ है। इस शो में एक 22 साल के वेब डेवलपर हिमांशु जांगड़ा के 370 रुपए के बिरयानी के बदले अपने गर्लफ्रेंड से सेक्सुअल फेवर के जरिए पैसे वसूल पर मचा बवाल शांत भी नहीं हुआ था कि इसी शो से जुड़ा एक विवाद सामने आ गया। विवाद के केंद्र में मुंबई के केईएम अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के एक मेडिकल स्टूडेंट सेजल पवार है जिसमें वह शो में बता रही है कि मेडिकल की पढ़ाई के दौरान मानव शव (कैडेवर)का कैसे विच्छेदन (डिसेक्शन) किया जाता है? इस बीच वह पुरुष जननांग को लेकर मजाक करते दिखाई देती है।

शर्मनाक यह कि शो के होस्ट प्रणीत मोरे और मेडिकल छात्रा के बीच हो रहे इस बेहुदा और आपत्तिजनक बातचीत के दौरान शो में शामिल लोग जोर से हंसने लगते हैं। दूसरी ओर शो के होस्ट मानव शव के बारे में किए जा रहे फूहड़ कमेंट को रोकने के बजाय स्टूडेंट को उकसाते नजर आते हैं। अलबत्ता उक्त दोनों वीडियो के वायरल होने के बाद एक ओर जहां हिमांशु जांगड़ा को उनके कंपनी से नौकरी से निकाल दिया है वहीं दूसरी ओर मेडिकल स्टूडेंट को केईएम अस्पताल प्रबंधन ने 15 दिनों के जबरिया छुट्टी पर भेज दिया है। सोशल मीडिया पर इस शो के दोनों वीडियो वायरल होने के बाद यूजर्स से लेकर जन सामान्य में काफी तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। महाराष्ट्र पुलिस के साइबर सेल और गुरुग्राम पुलिस ने प्रणीत मोरे, हिमांशु जांगड़ा और मेडिकल छात्रा सेजल पवार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले पर सख्ती बरतते हुए प्रणीत और हिमांशु को आयोग के सामने पेश होने का आदेश दिया है।

अलबत्ता शो पर मचे भारी बवाल के बाद तीनों किरदारों ने सार्वजनिक तौर पर माफीनामा जाहिर किया है बावजूद लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। गर्लफ्रेंड को 370 रुपए के बिरयानी के बदले पैसे वसूलने जैसे शर्मनाक हरकत का सार्वजनिक प्रदर्शन सीधे तौर पर लैंगिक उत्पीड़न और महिलाओं के अपमान से जुड़ा मसला है। वहीं दूसरी ओर मेडिकल स्टूडेंट द्वारा मानव शव के बारे में की गई फूहड़ और आपत्तिजनक टिप्पणी सीधे तौर पर मेडिकल एथिक्स और पेशेवर कदाचरण से जुड़ा मुद्दा। कैडेवर के किसी भी अंग के बारे में की गई इस आपत्तिजनक से उन परिजनों के भावनाओं पर आघात पहुंचा है जिन लोगों ने मेडिकल स्टूडेंट्स की पढ़ाई के लिए अपना देहदान किया था। किसी शो में हास्य के नाम पर मेडिकल स्टूडेंट द्वारा मानव शव के बारे में प्रयुक्त आपत्तिजनक भाषा से देहदान जैसे स्तुत्य कार्य के प्रति लोगों में नकारात्मक भाव पैदा होगा। उक्त के दृष्टिगत अहम सवाल यह कि क्या कॉमेडी के नाम पर फूहड़ता भरे शो की सजा संबंधितों द्वारा माफी मांग लेना या शो पर कुछ दिन के लिए बैन लगा देना ही पर्याप्त है? बिलाशक नहीं।



गौरतलब है कि सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में यूट्यूबर्स और इन्फ्लुएंसर्स के बीच विवाद पैदा कर पॉपुलर होने का सनक सवार है जिसके चलते वे किसी भी धर्म, व्यक्ति या महिला समुदाय के प्रति अपमान और फूहड़ता की सारी हदें लांघ रहे हैं। आलम यह है कि ऐसे शो के खिलाफ जब भी कोई शिकायत होती है तब या तो होस्ट पर छोटी- मोटी पुलिस कार्रवाई होती है अथवा शो को कुछ दिन बैन कर दिया जाता है। ऐसे लचर और लचीला कार्रवाई के कारण ही इन दिनों कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता का ज्वार उफान पर है। बहरहाल सोशल मीडिया पर मनोरंजन के नाम पर आपत्तिजनक और अश्लील कंटेंट परोसने का यह पहला मामला नहीं है। कालांतर में कुछ स्टैंडअप कॉमेडियन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और गिरफ्तारियां भी हुई है लेकिन फूहड़ता का सिलसिला थमा नहीं है। बीते साल यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फलुएंसर रणवीर अलाहबादिया को 'इंडिया गॉट लेटेस्ट' शो में उनके द्वारा अपने माता-पिता के नितांत निजी क्षणों के बारे में किए गए अत्यंत भद्दी टिप्पणी को लेकर संसद से लेकर सड़क में काफी विवाद हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने शो से जुड़े रणवीर को कड़ी फटकार लगाते हुए सोशल मीडिया पर उनके शो पर प्रतिबंध लगा दिया था। बीते साल ही सोशल मीडिया के एक एप्प के वेब शो ' हाउस अरेस्ट ' के अत्यंत अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद भी काफी बवाल मच था तथा शो को बैन करने की मांग उठने लगी थी। एक संगठन के कार्यकर्ता के शिकायत पर इस शो के होस्ट और अभिनेता एजाज खान और इस ऐप के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। हालांकि शो पर विवाद बढ़ते ही ऐप ने इस शो के सभी एपिसोड को हटाते हुए बजरंग दल से माफी मांगी ली थी।

गौरतलब है कि मनुष्य और मनोरंजन का अटूट रिश्ता है, मानव सभ्यता के विकास के साथ ही मनोरंजन के साधनों का विकास हुआ है। इंटरनेट क्रांति ने मनोरंजन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसने मनोरंजन से जुड़ी सामग्रियों को प्राप्त करने और देखने के तरीके को बदल कर रख दिया है। डिजिटल मीडिया के इस दौर में 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स इन दिनों किशोरों और युवाओं से लेकर हर उम्र के लोगों के लिए पसंदीदा मनोरंजन माध्यम बन चुके हैं लेकिन इसकी दुश्वारियां भी सामने आ रही है। देश में सोशल मीडिया से जुड़े कड़े नियमन कानूनों के अभाव के चलते यह मीडिया अनियंत्रित है। सोशल मीडिया पर मनोरंजन, हास्य या व्यंग्य के नाम यूजर्स को कुछ भी परोसा जा रहा है। सोशल मीडिया से जुड़े अधिकांश इन्फ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स फ़ूहड़ और आपत्तिजनक कंटेंट के जरिए नाम और पैसा दोनों कमा रहे हैं लेकिन इस कमाई में मर्यादा तार- तार हो रही है। इसके इतर सोशल मीडिया से जुड़े यू-ट्यूब और ओटीटी प्लेटफॉर्म में एडल्ट और पोर्न कंटेंट का भरमार है जो स्कूली बच्चे से लेकर सभी उम्र के लोगों के पहुंच में है। यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इंटरनेट और मोबाइल फोन ने मनोरंजन के साथ ही परिवारों को भी बांट दिया है।

वर्तमान दौर में परिवार के प्रत्येक सदस्य अपने - अपने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर अपने पसंदीदा सोशल मीडिया या ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मशगूल हैं। इन प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले रियलिटी और कॉमेडी शो तथा वेब सिरीज में बेहद अश्लील दृश्य, भद्दी गालियां, नशाखोरी और हिंसा के दृश्य परोसे जा रहे हैं। ऐसे शो और वेब सिरीज़ के चलते जहां किशोरों और युवाओं के मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ रहा है वहीं हमारी सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर चोट पहुंचा रही है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक देश में महिलाओं के साथ बढ़ते दुष्कर्म, हिंसा, अपराध और नशाखोरी के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार इंटरनेट और सोशल मीडिया में मौजूद आपत्तिजनक और अश्लील कंटेंट हैं। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट ने अनेकों बार सरकार से इंटरनेट में प्रसारित होने वाले अश्लील और हिंसक प्रसारणों पर चिंता जताते हुए आवश्यक कदमों की जानकारी चाही थी लेकिन नतीजा सिफर रहा। इंटरनेट और सोशल मीडिया में आपत्तिजनक सामाग्रियों को रोकने के लिए आईटी एक्ट में धारा 66 ए का प्रावधान था लेकिन साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने उस कानून को रद्द कर दिया था। इस कानून के रद्द होने के बाद सरकार ने सोशल मीडिया में आपत्तिजनक कंटेंट के रोकथाम हेतु कोई कानून नहीं बनाया है बल्कि सरकार पुराने भारतीय दंड संहिता 'आईपीसी' और भारतीय न्याय संहिता 'बीएनएस' के तहत कार्रवाई करती है।

संसद में ऐसे मामलों पर सांसदों द्वारा कड़े कानून बनाने की मांग की जा रही है। केंद्र सरकार भी सोशल मीडिया पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून बनाने का पक्षधर है लेकिन देश का एक तबका इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बताते हुए विरोध पर उतारू हो जाता है। इस दलील के पैरोकारों को समझना होगा कि बोलने की आजादी का अर्थ स्वच्छंदता कदापि नहीं हो सकता लिहाजा मनोरंजन और मर्यादा के बीच लक्ष्मण रेखा जरूर होनी चाहिए। सोशल मीडिया से जुड़े तमाम इंफ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स को समझना होगा कि भारतीय समाज लज्जा और मर्यादा के तानेबाने में गूंथा है लिहाजा अभिव्यक्ति की आजादी और खुलेपन के नाम पर कुछ भी बोलना और दिखाना उचित नहीं है इस दिशा में स्व- नियमन और आत्मानुशासन की जरूरत है।

## पसंद और नापसंद से मुक्त होना जरूरी



संकलित
दर्शन

आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।' क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यह सोच सचमुच आपकी स्वाधीनता से जन्मा है? यह स्वाधीनता नहीं है, यह तो बेबसी है, लाचारी है। पसंद और नापसंद की बेड़ियों में आज लगभग पूरी मानवता जकड़ी हुई है। सभी पारिवारिक झगड़ों की जड़ में लोगों की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद ही होती हैं। पसंद और नापसंद को लेकर समाज, राष्ट्र और धर्म तक बंटे हुए हैं। जब हमारे सोच का दायरा बहुत सीमित होता है, हम कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हो जाते हैं, फिर हम पर पसंद और नापसंद की सनक सवार हो जाती है। तब हम उसे नहीं देख पाते, जिसकी जरूरत है। हम वही करते हैं, जिसे हम पसंद करते हैं। वह नहीं करते, जिसे किए जाने की आवश्यकता है। फिर शुरू होता है अविराम झंझटों व विवादों का सिलसिला और उसी में उलझकर रह जाता है हमारा लघु-जीवन। योग परंपरा में भीतरी आयाम को बहुत गहराई से देखा गया और भीतरी पराधीनता से मुक्त होने की कई तकनीकों का आविष्कार किया गया, क्योंकि जो भीतरी पराधीनता का शिकार नहीं है, उसे कोई बाहरी शक्ति उस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पसंद और नापसंद की सनक से मुक्त होने के लिए हमें अपनी चेतना पर काम करना होगा। एक जागरूक व्यक्ति ही यह देख पाने में सक्षम होता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है और क्या किया जाना चाहिए।

## मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

अंतर्मन




## आज की पाती

### अपराध की दुनिया में महिलाओं की सक्रियता

आधुनिक डिजिटल युग में देश जैसे-जैसे स्मार्ट और तकनीकी रूप से उन्नत होता जा रहा है, वैसे-वैसे अपराधों की संख्या और उन्हें अंजाम देने के तौर तरीकों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। भारत में अपराध जगत में महिलाओं की भागीदारी अभी भी पुरुषों की तुलना में कम है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में इसमें आई बढ़ोतरी निश्चित रूप से चिंतन और चिंता का विषय है। वर्तमान समय में महिलाओं की अपराधों में संलिप्तता केवल परिवार के पुरुष सदस्यों के अवैध कारोबार में सहयोग करने तक सीमित नहीं रह गई है। मादक पदार्थों की तस्करी, आर्थिक अपराध, साइबर धोखाधड़ी, बच्चों की चोरी, मानव तस्करी और हत्या जैसे जघन्य अपराधों में भी महिलाओं की भागीदारी के मामले सामने आ रहे हैं। इस संबंध में प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

*-प्रदीप डांगे, भिलाई*

## ट्रेंड

### महिला हॉकी टीम को बधाई



भारतीय हॉकी खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया और खुशियां दीं ! एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप जीतने पर महिला टीम को बधाई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया। टीम को बहुत शुभकामनाएं।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### मां के नाम एक पेड़



12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर "मां के नाम एक पेड़" अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। आइए, ग्रीन वॉरियर बनकर जन-भागीदारी के साथ इस अभियान से जुड़ें और एक हरित, स्वस्थ और विकसित दिल्ली बनाने में योगदान दें।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### स्वस्थ समाज का निर्माण



देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू योग को शारीरिक स्वास्थ्य और चेतना के उत्कर्ष का माध्यम मानते थे। हम उनके विचारों को आत्मसात कर स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए संकल्पित हैं।
-**सुखविंदर सिंह सुखु**, सीएम, हिमाचल प्रदेश


### हिंदुओं की आस्था का केंद्र



राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। उसी राम मंदिर से करोड़ों रुपये का दान चोरी हो गया, फिर भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस पाप में शामिल लोग चाहे कितने भी बड़े क्यों न हों, उन्हें सीधे जेल में डाल देना चाहिए। करोड़ों लोगों की आस्था की रक्षा करना ज़रूरी है।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

## सिंगापुर में योग प्रेमियों ने योग दिवस मनाया



सिंगापुर में रविवार को एक राज्य मंत्री और भारतीय मूल के लोगों समेत सैकड़ों योग प्रेमियों ने उत्साह और समावेशन की भावना के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में अपनाए जाने के बाद से, हर साल 21 जून को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस साल के कार्यक्रम का विषय ' बढ़ती उम्र में योग से रहें निरोग' है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत भारत के उच्चायोग ने इस प्राचीन अभ्यास को लोगों के करीब लाने के लिए कई आरंभिक कार्यक्रम और योग सत्र आयोजित किए। इस मौके पर सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पाक अंबुले ने कहा, 'सिंगापुर ने बहुसंस्कृतिवाद , कल्याण और संपोषणीय विकास के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता संग योग को उत्साह और समावेशन भावना के साथ अपनाया है।' भारतीय उच्चायुक्त ने 'गार्डन बाय द बे' में सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों और इस द्वीप-देश के बहु-राष्ट्रीय समुदाय के योग प्रेमियों का स्वागत किया। संस्कृति, समुदाय और युवा मंत्रालय तथा परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री बे याम केंग भी सिंगापुर सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें लगभग 350 योग प्रेमी मौजूद थे।

ऑफ बीट

## धीरे-धीरे दौड़ने के कई फायदे आए सामने




धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है - चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# समुद्र की गहराई से लेकर 14000 फीट की ऊंचाई तक बना योग का एक बड़ा संयोग, समूचे भारत ने इस कार्यक्रम में की अपनी भागीदारी

देशभर में आज 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस वर्ष का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में आयोजित किया गया, जहां प्रधानमंत्री ने हजारों लोगों के साथ सामूहिक योग किया। लखनऊ, पटना, जयपुर, अहमदाबाद, हैदराबाद और दिल्ली समेत देश के कई बड़े शहरों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। योग दिवस के कार्यक्रम में कई मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।


योग करते हुए सीजेआई सूर्यकांत

**योग अब बन गया एक वैश्विक जन-आंदोलन देशभर में मनाया गया योग दिवस**

### दिसबर 2014 से लेकर अब तक दुनिया के 190 देशों ने इस आयोजन को अपनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में आज 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस वर्ष का मुख्य कार्यक्रम पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आयोजित किया गया, जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने हजारों लोगों के साथ सामूहिक योग किया। कोलकाता की रेड रोड पर आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 35 से 40 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। आयोजकों का दावा है कि यह आयोजन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हो सकता है। योग दिवस के अवसर पर लखनऊ, पटना, जयपुर, अहमदाबाद, हैदराबाद और दिल्ली समेत देश के कई बड़े शहरों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही पार्कों, स्कूलों, सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों ने योगाभ्यास किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा एक प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद हर वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। इतने वर्षों में यह आयोजन एक वैश्विक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। आज दुनिया भर के लाखों लोग योग सत्रों, स्वास्थ्य एवं कल्याण संबंधी गतिविधियों में भाग लिया।

#### कार्यक्रम का उद्देश्य

योग दिवस पर पूरी दुनिया में एक समान अभ्यास के लिए आयुष मंत्रालय ने कॉमन योग प्रोटोकॉल तैयार किया गया। करीब 45 मिनट के कार्यक्रम में प्रार्थना, हल्के व्यायाम, विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान शामिल होते हैं। इसका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' रखी गई है। इसका मकसद बढ़ती उम्र में बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना है।

**इस वर्ष योग दिवस की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' रखी**


लेह में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन योग करते हुए।

#### स्वस्थ जीवन का संदेश

योग दिवस अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहा। लद्दाख की बर्फीली चोटियों, सियाचिन ग्लेशियर, नौसेना के युद्धपोतों से लेकर पेरिस के एफिल टॉवर और टाइम्स स्क्वायर तक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इससे योग एक वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन के रूप में स्थापित हो चुका है। योग दिवस के साथ-साथ 21 जून का दिन कई ऐतिहासिक घटनाओं का भी साक्षी रहा है। यही वजह है कि यह तारीख स्वास्थ्य, संस्कृति और इतिहास के लिहाज से विशेष महत्व रखती है। आज दुनिया भर में करोड़ों लोगों ने स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

## केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने प्रतिबद्धता को दोहराया

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज देशभर में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अत्यधिक उत्साह और सक्रिय जनभागीदारी के साथ मनाया। इस अवसर पर योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य, आरोग्य और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।


ध्यान मुद्रा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा

#### स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था का एक समग्र मार्ग

इस वर्ष के विषय बढ़ती उम्र में स्वस्थ रहने के लिए योग का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि योग शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देकर स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था का एक समग्र मार्ग प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तनाव, निष्क्रिय जीवनशैली और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के इस दौर में योग शरीर और मन के बीच संतुलन एवं सामंजस्य स्थापित करने का एक कुदरती और स्थायी उपाय है। नड्डा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है, जो व्यक्ति और सार्वभौमिक चेतना के बीच गहरे संबंध को विकसित करती है। योग हमें मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है।



## योग मानसिक शांति, धैर्य और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने का सशक्त माध्यमः लोकसभा अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- योग भारत की सॉफ्ट पावर नहीं, मानवता के लिए भारत की जिम्मेदारी है: बिरला
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संसद भवन परिसर में लोक सभा अध्यक्ष ने सांसदों के साथ किया योगाभ्यास

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संसद भवन परिसर में सांसदों के साथ योगाभ्यास का नेतृत्व किया। इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि यह दिवस भारत की उस शाश्वत सभ्यतागत विरासत का उत्सव है, जिसने मानवता को स्वास्थ्य, संतुलन और आंतरिक शांति का मार्ग प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को नहीं, विचारों को भी संतुलित करता है। संसद में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन योग हमें संवाद और संयम का मार्ग दिखाता है। योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बिरला ने कहा कि भारत के ऋषियों-मनीषियों ने सदियों तक योग परंपरा के संरक्षण के लिए प्रयास किए और इसे जीवन जीने की पद्धति के रूप में स्थापित किया। इसका उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और मानव चेतना का जागरण था। उन्होंने कहा कि आज योग एक वैश्विक जनआंदोलन बन चुका है और दुनिया इसे अपना रही है, पर यह भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान-परंपरा का उपहार है।



### खबर संक्षेप

#### आजम की बढ़ीं मुश्किलें आईटी ने भेजा नोटिस

**रामपुर।** जेल में सजा काट रहे सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। खान के जौहर ट्रस्ट को आयकर विभाग ने सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में नोटिस जारी किया है। भाजपा के विधायक आकाश सक्सेना का कहा कि ट्रस्ट में खान के परिवार के लोग हैं।



#### मोशेरेफ हुसैन का टीएमसी से इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भीतर मची आंतरिक कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। अब पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है, जिससे टीएमसी का अल्पसंख्यक सेल भी टूटता हुआ नजर आ रहा है। सेल के स्टेट प्रेसिडेंट मोशरेफ हुसैन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हुसैन इटाहार से टीएमसी के विधायक हैं।



#### रॉय पर धोखाधड़ी और जालसाजी का नया केस

**कोलकाता।** टीएमसी नेता और सांसद अभिषेक बेनर्जी के करीबी सहयोगी सुमित रॉय की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का नया मामला दर्ज किया गया है।

### राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की एसआईटी कर रही जांच पड़ताल

# प्राथमिक रिपोर्ट आज पेश होने के संकेत 'जिम्मेदारों' पर कार्रवाई की तैयारी

जांच एजेंसी रिपोर्ट लेकर पहुंची लखनऊ

टीएन मिश्र ▶▶ लखनऊ

अयोध्या राम मंदिर में चंदा, भूमि खरीद, प्रसाद वितरण और अन्य वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच कर रही एसआईटी प्राथमिक रिपोर्ट सोमवार को सरकार को सौंप सकती है। सूत्रों के मुताबिक एक सप्ताह तक चली गहन जांच के बाद करीब 170 पेज से अधिक की रिपोर्ट तैयार की गई है। टीम ने ट्रस्ट से जुड़े दस्तावेजों, वित्तीय अभिलेखों और विभिन्न शिकायतों का परीक्षण किया है। रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपे जाने के बाद आगे की कार्रवाई पर फैसला लिया जा सकता है।एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट में राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े कुछ पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य अनिल मिश्र और विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल राव के नाम चर्चा में हैं। माना जा रहा है कि जिम्मेदारियों का निर्धारण किया जा सकता है। साथ ही ट्रस्ट के ढांचे में बदलाव और प्रशासनिक सुधार की सिफारिशें भी रिपोर्ट का हिस्सा हो सकती हैं।

**170** पेज की रिपोर्ट तैयार ट्रस्ट के 3 पदाधिकारियों पर उठे सवाल



#### पूर्व कर्मचारियों की शिकायतों को भी बनाया आधार

जांच में पूर्व चंदा प्रभारी इंजीनियर दीनानाथ वर्मा और पूर्व कर्मचारी महिपाल द्वारा लगाए गए आरोपों को भी शामिल किया गया है। आरोप था कि कार्यालय निर्माण सहित कई मामलों में अनियमितताएं हुईं।जांच टीम ने इन शिकायतों से जुड़े दस्तावेजों और उपलब्ध साक्ष्यों का भी परीक्षण किया है। इसी को आधार बनाया है।

#### चंदा, भूमि खरीद और खर्चों की गहन जांच की

एसआईटी ने जांच में दानपात्रों की धनराशि के उपयोग, भूमि खरीद, जमीन अधिग्रहण, निर्माण कार्यों और अन्य खर्चों की विस्तार से समीक्षा की । 2021 तक के पुराने रिकॉर्ड भी खंगाले गए। बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई। रिपोर्ट में वित्तीय लेन-देन और निर्णय प्रक्रिया से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया गया है।

#### रिपोर्ट के बाद मुकदमा और गिरफ्तारी की अटकलें शुरू

यदि प्राथमिक रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि होती है तो संबंधित मामलों में मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। चंदा गबन और अन्य वित्तीय अनियमितताओं में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों की गिरफ्तारी की संभावना भी जताई जा रही है। ट्रस्ट के प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलाव किए जा सकते हैं। चर्चा है कि भविष्य में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में किसी वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। अंतिम निर्णय सरकार और संबंधित प्राधिकारियों द्वारा रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद ही लिया जाएगा।

**सुरक्षा अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई तय**

प्रारंभिक रिपोर्ट में केवल वित्तीय मामलों ही नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े पहलुओं की भी जांच की गई है। जिन अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही के आरोप मिले हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की सिफारिश की जा सकती है। जांच पूरी होने तक ट्रस्ट पदाधिकारियों और संदिग्ध कर्मचारियों के अयोध्या से बाहर जाने पर रोक लगाए जाने की भी चर्चा है।

### केवल 200 करोड़ की नकदी चोरी कई बड़े नाम शामिलः केजरीवाल



चढ़ावे से जुड़ी गड़बड़ी मामले को लेकर विपक्ष ने भाजपा पर हमला तेज कर दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने वीडियो जारी कर केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि केवल नकदी के रूप में ही करीब 200 करोड़ रुपए चोरी होने की बात कही जा रही है।

#### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर के दान पर उठे सवाल

### फलाहारी महाराज ने मांगा 15 साल का हिसाब- किताब



**मथुरा स्थित मंदिर का मामला**

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर की दान व्यवस्था और वित्तीय पारदर्शिता को लेकर संत समाज के प्रमुख संत दिनेश फलाहारी महाराज ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मंदिर के प्रबंध न्यासी अनुराग डालमिया को पत्र लिखकर पिछले 15 वर्षों में मंदिर में प्राप्त दान, आभूषण, सोना, चांदी और अन्य भेंटों का विस्तृत विवरण सार्वजनिक करने की मांग की है। बाबा ने आरोप लगाया है कि दान की गणना और दान-पात्र खोलने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी नहीं है।

#### सीआईएसएफ सुदृढ़ बनेगा

## हेडक्वार्टर का नया भवन जल्द आज भूमि पूजन करेंगे शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के बुनियादी ढांचे को और अधिक आधुनिक एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को नई दिल्ली स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीआईएसएफ के नए मुख्यालय भवन का भूमिपूजन करेंगे।

यह कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे आयोजित होगा, जिसमें गृह मंत्रालय, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के वरिष्ठ अधिकारी, सीआईएसएफ के शीर्ष नेतृत्व तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। सीआईएसएफ देश के सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा बलों में से एक है, जो हवाई अड्डों, मेट्रो रेल नेटवर्क, परमाणु एवं अंतरिक्ष प्रतिष्ठानों, बंदरगाहों, सरकारी एवं निजी क्षेत्र के महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रतिष्ठानों सहित देश की रणनीतिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहा है। हाल के वर्षों में बल की जिम्मेदारियों और कार्यक्षेत्र में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके मद्देनजर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए मुख्यालय भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

भवन को अत्याधुनिक प्रशासनिक एवं तकनीकी सुविधाओं से लैस किए जाने की योजना है। इससे बल के विभिन्न प्रशासनिक, परिचालन और समन्वय संबंधी कार्यों को एकीकृत और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी। माना जा रहा है कि नया परिसर सीआईएसएफ की भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया जाएगा। शाह ने पिछले कुछ वर्षों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के आधुनिकीकरण, तकनीकी सशक्तीकरण और कर्मियों के कल्याण से जुड़े कई कदमों पर जोर दिया है। नए भवन का निर्माण भी इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा माना जा रहा है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि देश की अहम अवसंरचनाओं की सुरक्षा में सीआईएसएफ की बढ़ती भूमिका को देखते हुए आधुनिक और सुव्यवस्थित मुख्यालय संगठन के लिए दीर्घकालिक रूप से लाभकारी साबित होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के साथ ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी।

#### 62.42 करोड़ बैंक धोखाधड़ी मामला

## मुंबई की 'वन वर्ल्ड सोर्सिंग' पर सीबीआई ने की छापेमारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने मुंबई स्थित फर्म एम/एस वन वर्ल्ड सोर्सिंग और उसके साझेदारों के खिलाफ कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया है। आरोप है कि फर्म ने बैंकों से अधिक ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए वित्तीय दस्तावेजों में हेराफेरी की, जिससे भारतीय बैंक को लगभग 62.42 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

सीबीआई ने यह मामला 18 जून को इंडियन बैंक, सैम शाखा, मुंबई की शिकायत के आधार पर दर्ज किया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फर्म, उसके साझेदारों, अज्ञात लोक सेवकों और अन्य निजी व्यक्तियों ने आपराधिक साजिश रचकर बैंकों को गलत वित्तीय जानकारी उपलब्ध कराई। आरोपियों ने कथित रूप से देनदारों के आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया तथा अन्य वित्तीय सूचनाओं में भी हेरफेर की। इंडियन बैंक और एक अन्य बैंक से अधिक कैश क्रेडिट सुविधा हासिल की गई। मामले में नामजद साझेदारों में आशिमा मनोज खुशालानी और राकेश कुमार सिंह शामिल हैं। सीबीआई ने शनिवार को मुंबई और अन्य स्थानों पर साझेदारों से जुड़े कई परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई मुंबई स्थित सीबीआई मामलों की विशेष अदालत द्वारा जारी सर्च वारंट के आधार पर की गई।

जांच एजेंसी को कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं। कई देनदार संस्थानों के दस्तावेज सामने आए हैं। ऋण सीमा बढ़वाने के लिए कथित रूप से बढ़ाए गए देनदार आंकड़ों से संबंधित दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। सीबीआई यह पता लगाने में जुटी है क्या किसी बैंक अधिकारी की मिलीभगत थी और ऋण का वास्तविक उपयोग किस प्रकार किया गया। मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और खुलासे होने की संभावना है।

#### गुरुग्राम में जुटेंगे ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्री, 26 जून को अहम बैठक होगी

# इसमें ऊर्जा सुरक्षा से हरित भविष्य तक बनेगी साझा रणनीति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की अध्यक्षता में आयोजित होने जा रही ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रिस्तरीय बैठक 25 और 26 जून को हरियाणा के गुरुग्राम में होगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में ब्रिक्स समूह के सभी 11 सदस्य देशों के ऊर्जा मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

बैठक का उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा, सतत विकास और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत बनाना है। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता वर्ष 2026 की थीम "बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी" (लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण) पर आधारित है। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप बैठक में वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

#### तीन प्रमुख मुद्दों पर रहेगा फोकस

- दो दिवसीय बैठक में तीन प्रमुख विषयों को प्राथमिकता दी जाएगी
- ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास
- ऊर्जा तक समान पहुंच और न्यायसंगत उपलब्धता

#### प्रौद्योगिकी और नवाचार

बैठक में ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने, ऊर्जा संक्रमण की चुनौतियों से निपटने तथा नई तकनीकों के विकास और साझा उपयोग जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श होने की संभावना है।

#### वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में बढ़ रहा है ब्रिक्स का महत्व

ब्रिक्स समूह में वर्तमान में भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान और इंडोनेशिया शामिल हैं। दुनिया की बड़ी आबादी, ऊर्जा खपत और आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा इन देशों से जुड़ा है। ऐसे में ऊर्जा क्षेत्र में इन देशों के बीच सहयोग वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण जैसी चुनौतियों के बीच ब्रिक्स देशों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। गुरुग्राम में होने वाली बैठक इन मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। इसमें अन्य कई वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत होने की संभावना बताई जा रही है।

#### ग्लोबल साउथ की आवाज को मिलेगा मंच

भारत इस बैठक के माध्यम से ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) की प्राथमिकताओं को प्रमुखता से उठाने की कोशिश करेगा। ऊर्जा तक सस्ती और समान पहुंच, विकासशील देशों के लिए वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग तथा न्यायपूर्ण ऊर्जा संक्रमण जैसे विषय भारत के एजेंडे में प्रमुख रह सकते हैं।

सरकारी सूत्रों के अनुसार यह बैठक न केवल सदस्य देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को नई दिशा देगी, बल्कि एक अधिक समावेशी, टिकाऊ और संतुलित वैश्विक ऊर्जा भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।गुरुग्राम में होने वाली यह बैठक भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत आयोजित प्रमुख कार्यक्रमों में से एक मानी जा रही है और इससे ऊर्जा क्षेत्र में बहुपक्षीय सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप




### एसबीआई म्यूचुइल फंड को आईपीओ लाने मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी संपत्ति प्रबंधन कंपनी एसबीआई म्यूचुअल फंड को बाजार नियामक सेबी से अपना आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। मार्च में दाखिल विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित सार्वजनिक पेशकश पूरी तरह से 20.37 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है, जिसमें कोई नया निर्गम शामिल नहीं है। इस पेशकश में प्रवर्तकों, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और एमुंडी इंडिया होल्डिंग अपनी हिस्सेदारी कम करेंगे।

### बीते सप्ताह सोयबीन और मूंगफली तेल में रहा सुधार

**नई दिल्ली।** आम तौर पर बाजार में लिवाली प्रभावित रहने के बीच बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन



तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) और बिनौला तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। सोयाबीन के बड़े प्लांट वालों द्वारा खरीद दाम बढ़ाने के कारण सोयाबीन तिलहन, आयातित सूरजमुखी तेल से सस्ता होने और मांग बढ़ने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया।

### बीकानेरवाला, मैरिको और परम डेयरी को नोटिस

**नई दिल्ली।** खाद्य नियामक, एफएसएसएआई ने बीकानेरवाला, मैरिको लिमिटेड और परम डेयरी समेत खाद्य पदार्थों के कारोबार से जुड़ी कंपनियों को नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस उत्पादों के बारे में कथित भ्रामक दावों, लेबलिंग नियमों के उल्लंघन और ग्राहकों की शिकायतों के कारण जारी किए गए हैं।

# फसाई ने कसा शिकंजा, अब खाने-पीने की चीजों पर झूठा दावा पड़ेगा भारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीवी ऐड हो या मार्केट या फिर सोशल मीडिया, कई बार आपने कंपनियों के ऐसे प्रोडक्ट देखे होंगे जिन पर नेचुरल या फिर प्योर जैसे बड़े दावे किए जा रहे हों। पर सवाल ये है कि क्या ये दावे सच्चाई पर खरा उतरते हैं? जवाब आपको ज्यादातर ना में ही मिलेगा। इन बढ़ते फेक मामलों को देखते हुए फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) के साथ कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी यानी सीसीपीए ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। हाल ही में दो अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है।

## सौ प्रतिशत का झूठा दावा और तेल का नाम नहीं छुपा पाएंगे

### फसाई के रडार पर 'रिश्ते नमकीन'

पहला मामला फसाई से जुड़ा है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक ग्राहक की शिकायत के बाद फसाई ने रिश्ते नमकीन को एक नोटिस दिया है। ग्राहक ने शिकायत की थी कि कंपनी के दो पॉपुलर प्रोडक्ट्स फरसान स्ट्रीट मसाला पत्ता और फरसान स्ट्रीट रोस्टेड मिलेट भेल के पैकेट पर सिर्फ खाद्य वनस्पति तेल लिखा था। लेकिन ये साफ नहीं किया था कि वो कौन सा तेल है। फसाई के अनुसार ये फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स रेगुलेशंस, 2020 के नियमों का उल्लंघन है। इन नियमों के अनुसार कंपनी को बताना जरूरी है कि वो प्रोडक्ट में किस तेल, जैसे पाम ऑयल, मूंगफली का तेल, या राइस ब्रैन ऑयल का इस्तेमाल कर रही हैं।




### फसाई ने मांगा जवाब

इस पूरे मामले पर फूड सेफ्टी अथॉरिटी ने कंपनी को निर्देश देते हुए कहा है कि, कंपनी ये बताए कि उसने लेबल पर तेल का नाम क्यों नहीं लिखा? साथ वो साबित करे कि उन्होंने 2020 के लेबलिंग नियम नहीं तोड़े हैं। साथ ही एक कार्रवाई रिपोर्ट जमा करे, जिसमें बताए कि गलती सुधारने और भविष्य में ऐसी कमी दोबारा ना होने देने के लिए क्या कदम उठाए हैं।

### स्टोरिया फूड्स और मिसेज बेक्टर्स पर जुर्माना

वहीं दूसरे केस में सीसीपीए ने स्टोरिया फूड्स और मिसेज बेक्टर्स नाम की बड़ी कंपनियों पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। पीआईबी के अनुसार इन कंपनियों पर आरोप है कि इन्होंने अपने प्रोडक्ट्स के ऐड और पैकेजिंग पर 100 प्रतिशत शब्द का झूठा दावा किया। सीसीपीए ने साफ कहा कि 100 प्रतिशत वाले दावा मतलब एब्सोल्यूट न्यूमेरिकल क्लेम की कैटेगरी में ये आता है। मतलब ये कि अगर आप 100 प्रतिशत लिख रहे हैं तो आपकी कही हुई बात प्रोडक्ट में होनी ही चाहिए।

## कंपनी के पोर्टफोलियो में प्राकृतिक गैस का हिस्सा अधिक हो गया

# ओएनजीसी अब 'तेल और गैस' नहीं 'गैस और तेल' कंपनी बन चुकी : चेयरमैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) अब केवल 'तेल और गैस' नहीं बल्कि 'गैस और तेल' कंपनी बन चुकी है। कंपनी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने यह बात कही है। सिंह ने कहा कि अब कंपनी के पोर्टफोलियो में प्राकृतिक गैस का हिस्सा कच्चे तेल से अधिक हो गया है। सिंह ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि ओएनजीसी के कुल उत्पादन में अब गैस का योगदान तेल से थोड़ा अधिक है और भविष्य में कंपनी की वृद्धि मुख्य रूप से गैस उत्पादन के दम पर होगी। उन्होंने कहा कि बड़े नए तेल भंडारों की खोज नहीं होने की स्थिति में कच्चे तेल का उत्पादन लगभग स्थिर रहने की संभावना है, जबकि गैस उत्पादन लगातार बढ़ेगा।

■ भविष्य में कंपनी की वृद्धि मुख्य रूप से गैस उत्पादन के दम पर होगी




### नए गैस कुओं का हिस्सा तेजी से बढ़ रहा

सिंह ने कहा कि गैस को भारत के ऊर्जा परिदृश्य में अधिक मूल्यवान ईंधन माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओएनजीसी के कुल गैस उत्पादन में 'नए गैस कुओं' का हिस्सा तेजी से बढ़ रहा है और यह फिलहाल कुल गैस उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत है। निकट भविष्य में इसके 30-36 प्रतिशत तक पहुंचने और आगे चलकर कंपनी के गैस पोर्टफोलियो में प्रमुख हिस्सेदारी लेने की संभावना है, क्योंकि पुराने गैस क्षेत्रों का उत्पादन धीरे-धीरे घटेगा।

### परिवहन क्षेत्र में गैस के उपयोग का विस्तार

चेयरमैन ने कहा, ''गैस अब हमारे पोर्टफोलियो में तेल से थोड़ी अधिक है। इसलिए हमें तेल एवं गैस कंपनी नहीं, बल्कि गैस एवं तेल कंपनी कहा जाना चाहिए।'' सिंह के अनुसार, भारत में प्राकृतिक गैस की मांग लगातार बढ़ रही है। परिवहन क्षेत्र में गैस के उपयोग का विस्तार, सरकार की मूल्य निर्धारण सुधार नीतियां और नए गैस क्षेत्रों का विकास इसे अधिक आकर्षक बना रहे हैं।

### गैस उत्पादन में 8 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य चल रहा

सिंह ने कहा कि कंपनी अगले कुछ वर्षों में गैस उत्पादन में सालाना 7-8 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह वृद्धि डीयूडीपी, डीएसएफ क्षेत्रों तथा 98/2 जैसी अपतटीय (ऑफशोर) परियोजनाओं से मिलेगी, जिनमें से कई अगले वित्त वर्ष में उत्पादन शुरू करेंगी।

### नई नीतियों से आर्थिक स्थिति बेहतर हुई

चेयरमैन ने कहा कि सरकार द्वारा रॉयल्टी में कमी, बाजार आधारित मूल्य निर्धारण व्यवस्था को बढ़ावा और गहरे समुद्र में अन्वेषण के लिए समर्थन जैसी नीतियों से इस क्षेत्र की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है तथा अपस्ट्रीम कंपनियों के पास अधिक राजस्व बच रहा है। ओएनजीसी समूह के कारोबार में अन्वेषण एवं उत्पादन (ईएंडपी) खंड की हिस्सेदारी लगभग दो-तिहाई है।

### कंपनी हर वर्ष 500 कुओं की खुदाई करती है

कंपनी हर वर्ष करीब 500 कुओं की खुदाई करती है, जिनमें खोजी और उत्पादन दोनों प्रकार के कुएं शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का आरक्षित नियोजन अनुपात 1.1 से अधिक रहा, जो यह दर्शाता है कि उत्पादित भंडारों की भरपाई सफलतापूर्वक की जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की स्वच्छ ऊर्जा रणनीति और बढ़ती गैस खपत को देखते हुए ओएनजीसी का यह गैस-केंद्रित बदलाव कंपनी के दीर्घकालिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

# भारत की ईवी कंपनियों की निगाह ब्रिटेन के इलेक्ट्रिक वाहन बाजार पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारतीय वाहन विनिर्माताओं के लिए ब्रिटेन के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में नए अवसर खुलने की उम्मीद है। मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स जैसी कंपनियां इस समझौते के तहत ब्रिटेन में इलेक्ट्रिक वाहन के निर्यात की संभावनाओं का आकलन कर रही हैं। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते से 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 100 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह समझौता 15 जुलाई से लागू होगा। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के अनुसार, भारत को ब्रिटेन के इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड और हाइड्रोजन चालित यात्री वाहनों के बाजार में चरणबद्ध तरीके से शुल्क-मुक्त निर्यात की सुविधा मिलेगी। यह व्यवस्था समझौते के छठे वर्ष से लागू होगी और निर्धारित कोटा प्रणाली के तहत संचालित होगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष (वाहन कारोबार) वेलुसामी आर ने कहा कि यह समझौता भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है।

■ मुक्त व्यापार समझौते से बाजार में नए अवसर खुलने की उम्मीद

### टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने वाला कदम

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रवक्ता ने भी इस समझौते को भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने तथा टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध और कोटा-आधारित व्यवस्था भारत निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ब्रिटेन में नए निर्यात अवसर उपलब्ध कराएगी।

### कोटा के भीतर ब्रिटेन में शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा

समझौते के तहत 80,000 पाउंड तक की कीमत वाले भारतीय इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड और हाइड्रोजन यात्री वाहनों को निर्धारित कोटा के भीतर ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। छठे वर्ष में कुल 17,600 वाहनों के निर्यात की अनुमति होगी, जबकि 15वें वर्ष तक यह कोटा बढ़कर 88,000 वाहनों तक पहुंच जाएगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेंगी सोने-चांदी की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान वार्ता से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़े अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

बाजार की नजर विशेष रूप से स्विट्जरलैंड में होने वाली वार्ता पर रहेगी, जहां अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत का नेतृत्व करने की उम्मीद है। यह बातचीत पिछले




सप्ताह बनी उस रूपरेखा पर आगे बढ़ेगी, जिसका उद्देश्य तनाव समाप्त करना है। विश्लेषकों के मुताबिक, इन वार्ताओं का प्रभाव निवेशकों के जोखिम लेने की धारणा और ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर सकता है, जिसका सीधा असर बहुमूल्य धातुओं पर पड़ेगा। घरेलू जिंस बाजार शुक्रवार को सुबह के सत्र में मुहर्रम के कारण बंद रहेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, "सोने और चांदी का रुझान फिलहाल सीमित दायरे में बना हुआ है, क्योंकि बाजार की नजर अमेरिका-ईरान वार्ता तथा खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते कच्चे तेल, एलएनजी की आपूर्ति पर है।

# टाटा मोटर्स को मिले 3,400 से अधिक ईवी वाहन के ऑर्डर




एजेंसी ▶▶| मुंबई

वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स को माल ढुलाई, लॉजिस्टिक्स और यात्री परिवहन के लिए 3,400 से अधिक ईलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों (ई-सीवी) के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि इन ऑर्डर में लगभग 2,000 छोटे वाणिज्यिक वाहन और पिक-अप, 900 ट्रक तथा 500 बसें शामिल हैं। इन वाहनों का उपयोग ई-वाणिज्य, लॉजिस्टिक, रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली वस्तुएं बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों, शहर के भीतर परिवहन सेवाओं आदि में किया जाएगा। टाटा मोटर्स ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में इन वाहनों की तैनाती वास्तविक परिचालन परिस्थितियों में ई-परिवहन समाधान के प्रति ग्राहकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। साथ ही यह संकेत देती है कि विद्युत वाहनों का उपयोग अब केवल परीक्षण परियोजनाओं तक सीमित न रहकर बड़े पैमाने पर नियमित परिचालन का हिस्सा बन रहा है।

■ कंपनी को इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों का ऑर्डर मिला

### 12 महीनों से पोर्टफोलियो को मजबूत किया

*कंपनी ने कहा कि पिछले 12 महीनों में उसने अपने इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन पोर्टफोलियो को काफी मजबूत किया है और विभिन्न परिचालन आवश्यकताओं तथा कार्य परिस्थितियों के अनुरूप नयी पीढ़ी के ई-वाणिज्यिक वाहन पेश किए हैं।*

# तेल व विदेशी निवेशक तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली वार्ता के नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों पर निर्भर करेगी। विश्लेषकों ने यह राय व्यक्त की है। विश्लेषकों के अनुसार, रविवार को स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक में अमेरिका और ईरान के बीच तकनीकी स्तर की वार्ता होने वाली है। शुक्रवार को 'मुहर्रम' के कारण शेयर बाजार बंद रहेंगे। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, "निवेशकों का ध्यान आगामी सप्ताह में अमेरिका-ईरान शांति प्रक्रिया से जुड़े घटनाक्रमों पर केंद्रित रहेगा। कच्चे तेल की कीमतें एक प्रमुख कारक बनी रहेंगी। इनकी स्थिरता भारत के वृहद आर्थिक दृष्टिकोण को समर्थन देगी, जबकि पश्चिम एशिया में संबंधों में किसी भी तरह की गिरावट से बाजार में फिर से अस्थिरता बढ़ सकती है। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार मानसून की प्रगति पर भी नजर रखेगा। जियोजीत



इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "आगे चलकर बाजार में देखो और इंतजार करो की स्थिति बनी रहने की संभावना है, हालांकि मौलिक रुख धीरे-धीरे सकारात्मक हो रहा है। भारत धीरे-धीरे दो प्रमुख बाधाओं शुल्क संबंधी अनिश्चितता और वैश्विक तनाव से बाहर निकल रहा है, जिससे मूल्यांकन में सुधार को समर्थन मिलेगा। वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार आया विश्लेषकों के अनुसार, भारतीय शेयर बाजार ने पिछले सप्ताह भी अपनी सुधार की प्रक्रिया जारी रखी, जिसे वैश्विक चिंताओं में कमी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार का समर्थन मिला। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,274.95 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

### खुले बाजार में शेयरों की पुनर्खरीद एक अगस्त से

**मुंबई।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजार के माध्यम से खुले बाजार में शेयरों की पुनर्खरीद को एक अगस्त से दोबारा शुरू करने का फैसला किया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल की बैठक में यह तय किया गया कि पुनर्खरीद की प्रक्रिया निर्गम खुलने की तारीख से 66 कार्य दिवसों के भीतर पूरी करनी होगी। साथ ही, निर्धारित राशि का कम-से-कम 40 प्रतिशत हिस्सा पुनर्खरीद अवधि के पहले आधे हिस्से में उपयोग करना अनिवार्य होगा। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि कंपनियों को अब अलग से पुनर्खरीद खिड़की बनाए बगैर नियमित खरीद-बिक्री व्यवस्था के जरिए सीधे शेयरों की पुनर्खरीद करने की अनुमति होगी

## राशिफल

**मेष** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

# आरबीआई ने किसान क्रेडिट कार्ड के मानदंडों में किया संशोधन

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के मानदंडों में संशोधन किया है। इसके तहत ऋण मंजूर करने एवं चुकाने के कार्यक्रमों में एकरूपता लाने के मकसद से फसल सीजन की परिभाषा को एक जैसा किया गया है। आरबीआई (वाणिज्यिक बैंक–केसीसी योजना) निर्देश 2026 अगले वर्ष जनवरी से लागू होंगे।




केंद्रीय बैंक ने कहा कि ये निर्देश केसीसी योजना के तहत बैंक प्रणाली से पर्याप्त और समय पर ऋण सहायता की रूपरेखा तैयार करने के लिए जारी किए जा रहे हैं। इसका मकसद खेती और उससे जुड़े कामों में लगे कर्जदारों की कार्यशील पूंजी और निवेश ऋण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना है।

## शब्द पहेली - 6264



बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

### शब्द पहेली -6263 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ■ | बु | आ | ■ | द | ■ | स | खत | ■ | मु |
| र | क्त | ■ | कु | क | र | मु | त्ता | ■ | जा | ला |
| तू | ■ | म | ल | ■ | मि | ■ | धी | र | ■ | य |
| स | क्रि | य | ता | ■ | या | ■ | श | ब | न | म |
| ■ | या | ■ | ■ | ■ | न | ■ | ■ | ■ | या | ■ |
| रा | शी | क | र | ण | ■ | भा | र | ही | न | ता |
| ■ | ल | ■ | ■ | ■ | टी | ■ | ■ | ■ | बे | ■ |
| री | ता | प | न | ■ | ना | ■ | न | ह | ला | ना |
| ई | ■ | स | जा | ■ | मु | ■ | का | म | ■ | का |
| ब | लि | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | छ | बि |
| सँ | ■ | गी | त | ■ | म | ■ | ना | नी | ■ | ल |



ग्रुप ई : क्यूरासाओ ने इक्वाडोर को बराबरी पर रोका

# एलोय बने दीवार, इक्वाडोर के 15 हमले किए नाकाम, हासिल किया पहला अंक

एजेंसी ▶▶ कनसास सिटी

*क्यूरासाओ के गोलकीपर एलोय रूम ने इक्वाडोर के लगातार हमलों का डटकर सामना करते हुए 15 बचाव किए, जिससे विश्व कप फुटबॉल में भाग ले रहे सबसे छोटे देश ने ग्रुप ई का यह मैच गोलरहित बराबरी पर रोककर अपना पहला अंक हासिल किया। इस परिणाम से जर्मनी को ग्रुप ई में शीर्ष स्थान हासिल करने का मौका मिल गया। जर्मनी ने इससे पहले आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराया था। 37 वर्षीय रूम ने पिछले साल नवंबर में जमैका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके क्यूरासाओ को पहली बार विश्व कप में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने जर्मनी से 7-1 की हार के बाद शानदार वापसी की और विश्व कप इतिहास में किसी गोलकीपर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में अपना नाम लिखाया।*



## एलोय ने बनाया वर्ल्ड कप रिकॉर्ड

क्यूरासाओ के गोलकीपर एलोय रूम ने इक्वाडोर के खिलाफ गोलरहित बराबरी पर छूटे मैच में 15 बचाव करके विश्व कप फुटबॉल में नया रिकॉर्ड बनाया। विश्व कप में सर्वाधिक बचाव करने की आंकड़े 1966 से ही रखे जाने लगे थे और रूम 15 बचाव करके इस सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। रिकॉर्ड 16 बचाव करने का है जो एक जुलाई, 2014 को अमेरिका के टिम हॉवर्ड ने बेल्जियम के खिलाफ बनाया था। हॉवर्ड ने हालांकि 120 मिनट तक चले मैच में यह रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह से रूम ने 90 मिनट के निर्धारित समय में सर्वाधिक बचाव करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। रूम ने कहा, 'यह एक अविस्मरणीय अनुभव है। जब आप ऐसा करते हैं तो आप इसके बारे में नहीं सोचते, लेकिन निश्चित रूप से यह एक ऐसा पल है, जिसे मैं ताउम्र याद रखूंगा। मेरे लिए एक गोलकीपर के रूप में यह लगभग परफेक्ट मैच है।'

■ ब्रोबे और गाकपो ने दागे दो-दो गोल

## ग्रुप एफ : नीदरलैंड की स्वीडन पर बड़ी जीत

**ह्यूस्टन।** ब्रायन ब्रोबे और कोडी गाकपो ने दो-दो गोल करके नीदरलैंड को स्वीडन के खिलाफ 5-1 से बड़ी जीत दिलाकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंचा दिया। ब्रोबे ने पांचवें और 17वें मिनट में गोल करके नीदरलैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। गाकपो ने दूसरे हाफ के शुरू में 47वें और 54वें मिनट में गोल किए। उसकी तरफ से पांचवां गोल क्रिसेनसियो समरविले ने 89वें मिनट में किया। स्वीडन की तरफ से एकमात्र गोल एंथनी एलंगा ने 59वें मिनट में किया। नीदरलैंड ने अपना पहला मैच जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था और उसे बड़ी जीत की जरूरत थी। स्वीडन अपने पहले मैच में ट्यूनीशिया को 5-1 से हराने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन को बरकरार नहीं रख सका। नीदरलैंड से मिली यह हार 1950 में ब्राजील से 7-1 से मिली हार के बाद विश्व कप में उसकी सबसे बड़ी हार थी। इस जीत के साथ नीदरलैंड चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। स्वीडन के तीन अंक हैं।



# आखिरी मिनटों में उंदाव ने दागे गोल जर्मनी ने छीनी आइवरी कोस्ट से जीत

**टोरंटो।** डेनिज उंदाव ने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरने के बाद दो गोल किए, जिससे जर्मनी ने लगभग 40 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। ग्रुप ई के इस मैच में उंदाव ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में दूसरा और निर्णायक गोल किया। उन्हें गोलपोस्ट के सामने फेलिक्स नमेचा से एक पास मिला और उन्होंने आइवरी कोस्ट के गोलकीपर याहिया फोफाना को चकमा देते हुए गोल दाग दिया। उंदाव ने इससे पहले मैच का पहला गोल 68वें मिनट में किया। तब नादिएम अमीरी ने एक लंबा पास दिया, जिसे स्ट्राइकर काई हावर्ट्ज़ ने उंदाव के पास जाने दिया, जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की। अमीरी और उंदाव दोनों आठ मिनट पहले ही मैदान में आए थे। इससे पहले आइवरी कोस्ट के कप्तान फ्रैंक केसी ने 30वें मिनट में गोल करके जर्मनी पर दबाव बढ़ा दिया था। जर्मनी लगातार दूसरी जीत से ग्रुप ई में शीर्ष पर काबिज है जबकि आइवरी कोस्ट के तीन अंक हैं।



ग्रुप ई : जर्मनी लगातार दूसरी जीत से ग्रुप में शीर्ष पर काबिज

## 'समुराई ब्लू' ने विश्व कप में पहली बार दागे चार गोल

ग्रुप-एफः जापान ने दी ट्यूनीशिया को करारी शिकस्त



**मोंटेरी।** अयासे उएदा के दो गोल की मदद से जापान ने फीफा विश्व कप के ग्रुप-एफ मुकाबले में ट्यूनीशिया को 4-0 से करारी शिकस्त देकर लगातार चौथी बार नॉकआउट चरण में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया। यह मुकाबला इसलिए भी खास था क्योंकि यह फीफा पुरुष विश्व कप का 1000वां मैच था। 'समुराई ब्लू' के नाम से मशहूर जापान की टीम ने विश्व कप इतिहास में पहली बार किसी मैच में चार गोल दागे। जापान ने इस एकतरफा मुकाबले में पूरे मैच के दौरान ट्यूनीशिया पर दबदबा बनाए रखा। ट्यूनीशिया इस विश्व कप में अपना पहला मैच खेलने के बाद मुख्य कोच को हटाने वाली पहली टीम भी बनी। उएदा के अलावा दाइची कामादा और जुन्या इतो ने एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ जापान के चार अंक हो गए और वह अंक तालिका में नीदरलैंड के बराबर पहुंच गया।



एथलेटिक्स अवार्ड समारोह

## नीरज बेस्ट मेल एथलीट और पूजा इमर्जिंग प्लेयर

**रोहतक।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा दिल्ली के ताज पैलेस में भव्य 'भारतीय एथलेटिक्स अवार्ड समारोह' का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी सेरेमनी में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी.टी. उषा सहित देश की कई दिग्गज खेल हस्तियों ने शिरकत की। हरियाणा एथलेटिक्स के महासचिव प्रदीप मलिक और फरीदाबाद मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि इस समारोह में हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। पानीपत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को वर्ष 2025 का 'बेस्ट मेल एथलीट अवार्ड' और 10 लाख रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया गया। वहीं, फतेहाबाद की हाई जंप खिलाड़ी पूजा को 'इमर्जिंग एथलीट खिलाड़ी अवार्ड 2025' के साथ 2.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। अतिथियों में डॉ. ललित के. भनोट, बहादुर सिंह सागू, रविन्द्र चौधरी, मधुकांत पाठक और राजकुमार मिटान ने सभी विजेता विभूतियों को पुरस्कार सौंपे। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का यह सम्मान आने वाली खेल पीढ़ी को बड़े सपने देखने और देश का नाम रोशन करने की नई प्रेरणा देगा।



कोहली-बुमराह की वापसी, यशस्वी बाहर

## इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे टीम का ऐलान



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को फिटनेस मंजूरी मिलने की शर्त पर इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली तीन मैच की वनडे श्रृंखला के लिए रविवार को भारतीय टीम में चुना गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए रविवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। कोहली फिटनेस टेस्ट के लिए सोमवार को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करेंगे। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टीम में वापस बुलाया गया है। अक्षर पटेल ने भी वापसी की है।

### इंग्लैंड के लिए वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली (फिटनेस मंजूरी मिलने पर निर्भर), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़।

### आयरलैंड के खिलाफ टी-20 के लिए 'अपडेटिड' टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी, प्रसिद्ध कृष्णा।



आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप

## मारिजाने काप का अर्धशतक, दक्षिण अफ्रीका से छह विकेट से हारा भारत

**मैनचेस्टर।** मारिजाने काप ने जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 45 गेंद में 81 रन की नाबाद पारी खेली जिससे दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप एक के मैच में भारतीय टीम को पांच गेंद रहते छह विकेट से हरा दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' काप ने इससे पहले गेंदबाजी करते हुए दो विकेट झटके। उन्होंने अपनी पारी के दौरान सात चौके और चार छक्के जमाए। स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक राधा यादव ने दो बार काप का कैच छोड़ा। इससे दक्षिण अफ्रीका ने जीत के लिए 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.1 ओवर में चार विकेट पर 161 रन बनाकर दूसरी जीत दर्ज की जिससे टीम तालिका में चार अंक लेकर भारत (चार अंक) के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने चार ओवर में एक मेडन से 24 रन देकर तीन विकेट झटके। श्री चरणी ने छठे ओवर में 25 रन पर दक्षिण अफ्रीका को दोहरे झटके दिए। उन्होंने खतरनाक लौरा वोलवार्ट (20 रन) को आउट करने के दो गेंद बाद एनेरी डर्कसेन (शून्य) को आउट कर दिया। लेकिन काप ने तजमिन ब्रिट्स (40 रन) के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 63 गेंद में 97 रन की साझेदारी निभाकर जीत की नींव रखी।

• भारतीय टीम की पहली हार

## विश्व मुक्केबाजी कप : चीन में छाईं रोहतक की बेटियां, ज्योति को सोना और मीनाक्षी को चांदी

▶▶ भारत ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य सहित 6 पदक कब्जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विश्व मुक्केबाजी कप में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को खेले गए मैचों में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक सहित चार पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता चीन में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में भारत ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य सहित कुल 6 पदक जीते। ज्योति ने 48 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान की फरज़ोना फोजिलोवा, जो ब्राजील विश्व मुक्केबाजी कप की मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता हैं, को 5-0 से हराकर भारत का एकमात्र स्वर्ण पदक हासिल किया। 48 किलोग्राम वर्ग में विश्व नंबर 1 रैंक पर काबिज मीनाक्षी, जो 51 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने फाइनल में चीन की वू यू से 0-5 से हारने के बाद रजत पदक हासिल किया। 57 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही प्राची ने फाइनल में उज्बेकिस्तान की निगीना उक्तामोवा से 0-5 से हारने के बावजूद रजत पदक जीता।






*▶▶ रोहतक की ज्योति ने 48 किलो में उज्बेकिस्तान की फरजोना को दी मात*

*▶▶ रोहतक की मीनाक्षी 51 किलो चीन की वू यू से हारी, रजत जीता*

*▶▶ झज्जर की प्राची उज्बेकिस्तान की निगीना से हारी सिल्वर मेडल मिला*

### पुरुषों में दीपक को रजत पदक

*पुरुषों की स्पर्धाओं में दीपक (70 किलोग्राम) ने फाइनल में कजाकिस्तान के अबलाइखान झुसुपोव से 0-5 से हारकर रजत पदक हासिल किया। इससे पहले, भारत ने जुगनू (85 किलोग्राम) और निखिल (55 किलोग्राम) के माध्यम से दो कांस्य पदक जीते।*

### मेजर सत्यपाल सिंधु ने दी बधाई

*हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने यह सफलता हमारे मुक्केबाजों के निरंतर अभ्यास, अनुशासन और देश के लिए कुछ कर गुजरने के जज्बे का परिणाम है। हरियाणा बॉक्सिंग संघ और पूरा देश इन खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर गर्व महसूस करता है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह खिलाड़ी आने वाली आगामी खेल प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह देश का तिरंगा ऊंचा रखेंगे।*



टीम इंडिया ने दूसरी बार किया खिताब अपने नाम, प्रो लीग में बनाई जगह

# बेटियां बनी चैंपियन, न्यूजीलैंड को 2-0 से दी मात

एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए फाइनल में मेजबान न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर दूसरी बार एफआईएच महिला नेशंस कप का खिताब अपने नाम करने के साथ ही अगले सत्र के लिए एफआईएच महिला प्रो लीग में भी जगह बना ली।

नवनीत कौर ने चौथे मिनट में ही भारत को बढ़त को दिला दी जबकि सुनेलिता टोप्पो ने 15वें मिनट में दूसरा गोल दागकर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद भारतीय टीम ने मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए बढ़त को अंत तक बनाए रखा और खिताब अपने नाम किया।

### टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रहीं दीपिका

फाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए लालरेमसियामी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया जबकि दीपिका टूर्नामेंट में छह गोल के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्कोरर रहीं। उन्होंने अमेरिका की एश्ले सेसा के साथ यह उपलब्धि साझा की। यह भारत का दूसरा नेशंस कप खिताब है। इससे पहले टीम ने 2022 में शुरुआती सत्र का खिताब अपने नाम किया था। भारत पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहा। टीम ने पूल चरण में अमेरिका को 3-2, जापान को 2-1 और उरुग्वे को 3-2 से हराया, जबकि सेमीफाइनल में चिली को 6-0 से एकतरफा मुकाबले में मात दी। टीम के शानदार प्रदर्शन को सम्मान देने के लिए हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी को तीन लाख रुपए और सहयोगी स्टाफ को डेढ़ लाख रुपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

लालरेमसियामी चुनी गई 'प्लेयर ऑफ द मैच'






ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम 2026

## भारतीय मुक्केबाजों ने 9 गोल्ड समेत 13 पदक कब्जाए

**रोहतक।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैयारियों के सिलसिले में यूरोपीय कप 'ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम 2026' में हिस्सा लेने उतरी भारतीय मुक्केबाजी टीम ने रिंग में जबरदस्त दबदबा दिखाते हुए पदकों की झड़ी लगा दी है। पुरुष और महिला मुक्केबाजों ने 9 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक अपने नाम किए हैं।

**महिला वर्गः** चार स्वर्ण पदक जीते, जिसमें प्रीति पवार(54 किग्रा), साक्षी चौधरी(51 किग्रा), प्रिया घनघस (60 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने गोल्ड जीता। वहीं, परवीन हुड्डा (65 किग्रा) ने रजत पदक जीता।

**पुरुष वर्ग :** टीम ने चार स्वर्ण पदक जीते। इसमें जदुमणी सिंह(55 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा) और नरेन्द्र बेरवाल (+90 किग्रा) ने गोल्ड जीते। इसके अलावा, आदित्य प्रताप (65 किग्रा) और कपिल पोखरिया(90 किग्रा) ने रजत और सुमित(70 किग्रा) को कांस्य पदक मिला।




## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिलांग में वायुसेना की पूर्वी कमांड मुख्यालय में 1 हजार वायुवीरों संग किया योगाभ्यास

# सियाचिन की बर्फीली चोटियों से सुदूर दक्षिण में कन्याकुमारी तक योगासन करते नजर आए सैन्यकर्मी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रविवार को 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना-तटरक्षकबल) में गजब का उत्साह देखने को मिला। दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र कहे जाने वाले सियाचिन ग्लेशियर से लेकर कच्छ के रण तक और पूर्वोत्तर की पर्वत श्रृंखलाओं से सुदूर दक्षिण में स्थित कन्याकुमारी (इंदिरा प्वाइंट) तक सेना, वायुसेना, नौसेना और तटरक्षकबल के कर्मियों ने पूरी एकजुटता के साथ एक से बढ़कर एक योगासन किए। नौसेना के पनडुब्बी दल ने पानी के अंदर योग आसन करके दिखाए। कुल मिलाकर सैन्यकर्मियों का योग को लेकर यह अद्भुत उत्साह उनकी शारीरिक मजबूती, अनुशासन, मानसिक दृढ़ता, समर्पण की भावना और लचीलेपन को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। सैन्य बलों की प्रत्येक कमांड में योग शिविरों का आयोजन किया गया और उनमें बड़ी तादाद में सैन्यकर्मियों की भागीदारी रही।

**देश में 8.30 लाख से अधिक एनसीसी कैडेटों, कर्मियों ने योग कार्यक्रमों में लिया भाग**



### सेनाप्रमुख ने योग किया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मेघालय की राजधानी शिलांग में वायुसेना की पूर्वी कमांड के मुख्यालय में वायुसेनाध्यक्ष एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह और 1 हजार वायुवीरों के साथ योग किया, नौसेनाध्यक्ष कोलकाता में और सेनाप्रमुख असम के तेजपुर में सैनिकों के साथ योग करते हुए नजर आए। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने नई दिल्ली में सीजीडीए कार्यालय में योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए।

### सीडीएस ने एनडब्ल्यूएम में किया योग

अधिकारियों ने बताया कि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची विश्वविद्यालय में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में योग किया। जबकि सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) में आयोजित किए गए कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। उप-सेनाप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने राजधानी के करियप्पा परेड ग्राउंड में 3,500 भागीदारों के साथ योग कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें सैन्यकर्मी, उनके परिजन, सेवानिवृत्त कर्मी, एनसीसी कैडेट, महिलाएं, बच्चे व बड़ी तादाद में आम लोग शामिल हुए। सेना द्वारा किए गए इस कार्यक्रम में 17 से अधिक देशों के रक्षा अताशे भी शामिल हुए। जो साफ तौर पर योग की वैश्विक स्वीकारोक्ति और बढ़ती हुई मान्यता की प्रतीक है।



### 8.30 लाख एनसीसी कैडेटों ने किया योग

देश में 5 हजार से अधिक स्थानों पर 8.30 लाख से अधिक राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों, अधिकारियों, प्रशिक्षकों व कमियों ने योगासन किए। कार्यक्रम में युवाओं में शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य सहित सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के संगठन के संकल्प को पुनः दोहराया गया। कोर के कई योग सत्र कुछ ऐतिहासिक स्थलों पर भी हुए। जिनमें अहमदाबाद का साबरमती रिवर फ्रंट, हैदराबाद का गोलकुंडा किला, बिहार में बोधगया, मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम, गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी का तट, वाराणसी का नमो घाट, कोलकाता में मिलेनियम पार्क, चंडीगढ़ की सुखना झील, चेन्नई का मरीना बीच और ओडिशा में कोणार्क सूर्य मंदिर शामिल थे।

### योग को दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं

रक्षा मंत्री ने एक्स पर पोस्ट में सैन्यकर्मियों से यह आग्रह किया कि वह योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं। यह केवल स्वस्थ शरीर का आधार नहीं है। बल्कि संतुलित और संयमित जीवन जीने का मार्ग है। उनके मुताबिक, योग पूरी मानवता को एकजुट करता है। क्योंकि ये देश और महाद्वीपों में लोगों को जोड़ता है।

### यह रही तटरक्षकबल की भागीदारी

तटरक्षकबल के कर्मियों ने वरद, समुद्र, प्रताप, सार्थक,आरूष, सी-445, सी-161 और सी-156 जैसे जहाजों पर योगासन किए। बल के एक अधिकारी ने बताया कि यह आयोजन हमारी एकता और स्वास्थ्य, समन्वय के शानदार प्रदर्शन का प्रतीक है। मुख्य आयोजन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के तत्वाधान में नोएडा में हुआ। जिसकी अध्यक्षता तटरक्षकबल के महानिदेशक पी.शिवमणि ने की। साथ ही उन्होंने 1 हजार कर्मियों, उनके परिवारजनों को संबोधित किया।

---

**कोलकाता में दूनागिरी, संशोधक और अग्रय जहाज को नौसेना में शामिल करने के लिए आयोजित किए गए समारोह में बोले पीएम मोदी**

# मजबूत समुद्री सामर्थ्य वाले देश का ही आर्थिक-रणनीतिक प्रभाव भी मजबूत होगा: प्रधानमंत्री

**जहाजों में लगाई गई 75% से ज्यादा स्वदेशी सामग्री, निर्माण में 200 एमएसएमई का योगदान**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर रविवार को आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेश में निर्मित 'आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय' नामक तीन जंगी जहाजों को एक साथ राष्ट्र को समर्पित किया है। जिसके बाद अब यह सभी आधिकारिक रूप से भारतीय नौसेना का हिस्सा बन गए हैं। आगामी दिनों में समुद्री बल द्वारा इनकी देश के अंदर समुद्र सीमाओं की सुरक्षा से लेकर विदेशों में की जाने वाली अभियानगत तैनाती देखने को मिलेगी। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह तीनों जहाज उस भारत के प्रतीक हैं। जो 21वीं सदी में अपने सामर्थ्य को पहचान रहा है, अपनी क्षमताओं पर भरोसा करते हुए विश्व के सामने नए आत्मविश्वास के साथ तेज गति, ऊर्जा से भरे हुए संकल्प के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है। आयोजन में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर.एन.रवि, मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी, नौसेनाध्यक्ष एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन मौजूद रहे। यह जानकारी नौसेना ने एक बयान जारी कर दी है।




### समुद्री क्षमता से बनेंगे बड़ी शक्ति

उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया इस बात की गवाह है कि समुद्री क्षमता के बिना कोई भी देश बड़ी शक्ति नहीं बन सकता है। इसी से विकास, सुरक्षा और समृद्धि जुड़ी हुई है। वर्तमान में दुनिया का ज्यादातर व्यापार समुद्री मार्गों से ही होता है। साथ ही उसे जोड़ने वाले डेटा के विशाल नेटवर्क समुद्र के नीचे से गुजरते हैं। भविष्य में दुर्लभ, जटिल खनिज, समुद्र की गहराई में मौजूद संसाधन और नई ऊर्जा के स्रोत भी इसी समुद्र से ही जुड़ेंगे। जिसे देखते हुए मैं यह कह सकता हूं कि जिस देश का समुद्री सामर्थ्य मजबूत होगा। उसका आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव भी उतना ही सशक्त होगा। हमारा देश इस सच्चाई को भली भांति समझता है और इसके लिए खुद को तैयार कर रहा है।

### निर्माणाधीन हैं 45 बड़े जहाज

आज का भारत रक्षा क्षेत्र में सिर्फ खरीदार बनकर नहीं रहना चाहता है। हमारी सैन्य शक्ति दुनिया के लिए बाजार नहीं बन सकती। उनकी पहचान विश्व के बाजार बनने से नहीं बल्कि उनकी शक्ति की सामर्थ्य मेरी आत्मनिर्भरता पर है। हमारा देश निर्माता बनना चाहता है। क्योंकि जिस दिन हम निर्माता होंगे, उसी दिन हम निर्णायक भी होंगे। इस दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पिछले कुछ सालों में 40 से ज्यादा स्वदेशी युद्धपोत, पनडुब्बियां नौसेना का हिस्सा बनी हैं। यानी करीब हर कुछ सप्ताह में बल को एक नई शक्ति मिली है। मौजूदा समय में 45 बड़े नौसैनिक प्लेटफॉर्म निर्माणाधीन हैं। ये केवल संख्या नहीं है, देश की औद्योगिक क्षमता का प्रमाण है। जो भारत के भविष्य का संकेत है।

### 80 देशों में हथियार भेजता भारत

उन्होंने बताया कि एक समय था जब भारत की दुनिया में पहचान सबसे बड़े रक्षा आयातकों में होती थी। कारण, देश के सामने मौजूद रणनीतिक और सुरक्षा जैसी दोनों चुनौतियां रहीं। लेकिन 2014 में हमने सरकार बनने के बाद स्थिति को बदलने का संकल्प लिया। कई बड़े नीतिगत सुधार किए, आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी। नतीजा ये कि आज रक्षा क्षेत्र में डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और आयात की नई संभावनाएं बनी हैं। 2014 तक रक्षा उत्पादन 40 हजार करोड़ से आज बढ़कर 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपए तक जा पहुंचा है। इसी अवधि में रक्षा उत्पादों का निर्यात 700 करोड़ से बढ़कर 40 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। भारत में बने रक्षा उपकरण अब दुनिया के 80 से अधिक देशों तक पहुंच रहे हैं।

### समुद्री विरासत में बंगाल महत्वपूर्ण

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता की यात्रा अभी बहुत कुछ करना बाकी है। मैं, इसे शुरुआत मानता हूं। लेकिन 12 सालों में जो प्रगति हुई है। वो ये बताती है कि जब नीति स्पष्ट हो, दिशा ठीक हो, साथ-साथ मिलकर काम करें तो देश में बहुत बड़ा परिवर्तन हो सकता है। समुद्री विरासत की चर्चा पर बंगाल का नाम स्वाभाविक रूप से सामने आता है। हुगली की धाराओं ने इतिहास बदलते देखा है, व्यापार के नए अध्याय, नई यात्राएं और संयोग देखे हैं। देश आज जिस नए समुद्री युग की ओर बढ़ रहा है। उसमें बंगाल की अहम भूमिका होने वाली है। यहां बंदरगाहों, उद्योगों, प्रतिभा, कौशल, समुद्री अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता है। आगामी वर्षों में ये राज्य भारत की ब्लू इकॉनमी, समुद्री मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स व तटीय विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

### जहाजों की खूबियां

दूनागिरी, नौसेना की प्रोजेक्ट-17-ए स्टेल्थ फ्रिगेट परियोजना का हिस्सा है। ये ब्रह्मोस और बराक-8 जैसी अति विध्वंसक मिसाइलों से लैस है। जो युद्धपोत को दुश्मन पर घात लगाकर हमला कर उसे भारी क्षति पहुंचाने की ताकत प्रदान करती हैं। संशोधक, चौथा सर्वेक्षण जहाज (लॉर्ज) है। जिसे रक्षा-नागरिक एप्लीकेशन के लिए समुद्र तट से लेकर गहरे पानी में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण, समुद्र विज्ञान तथा भू-भौतिकीय विज्ञान का डेटा इकट्ठा करने और मैपिंग के लिए बनाया गया है। अग्रय, अर्नला श्रेणी का चौथा एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है। जिसमें हल्के भार वाले टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले पानी में कार्य करने में सक्षम सोनार सिस्टम लगाया गया है। समुद्री तटीय जल, दूर समुद्र के अंदर मौजूद खतरों को पकड़कर अग्रय उन्हें नष्ट कर सकता है।

## जहाजों का बढ़ना आत्मनिर्भरता का प्रतीक

पीएम ने कहा, कुछ साल पहले जब आईएनएस विक्रांत को नौसेना में कमीशन किया गया था। तब भारत ने दुनिया के सामने अपने सामर्थ्य के एक नए अध्याय का उद्घोष किया था। तब से लेकर आज तक ही हमारी यात्रा केवल नए युद्धपोतों की यात्रा नहीं है। बल्कि यह भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता की यात्रा भी है। उक्त तीनों जहाज हमारी उसी यात्रा को नई गति देने के साथ ही 3 अहम संकल्पों के प्रतीक हैं। जिनका डिजाइन सहित निर्माण देश में किया गया है। भारतीय उद्योगों की प्रतिभा, इंजीनियरों का कौशल और परिश्रम लगा है। ये सब नए भारत की सबसे बड़ी ताकत है। हमने हमेशा से ही समुद्र को सहयोग का जरिया माना है। लेकिन हम ये भी जानते हैं कि शांति की रक्षा के लिए सामर्थ्य भी उतना ही आवश्यक है। समृद्धि की रक्षा के लिए सुरक्षा और भविष्य निर्माण के लिए आत्मनिर्भरता अनिवार्य है।

### समुद्री क्षेत्र, विकसित भारत का इंजन

प्रधानमंत्री के मुताबिक, आगामी वर्षों में देश का समुद्री क्षेत्र लाखों की संख्या में नए रोजगार सृजन की क्षमता रखता है। इसलिए हम इसे महज एक क्षेत्र, पृथक क्षेत्र नहीं मानते हैं। बल्कि हम इसे विकसित भारत के रोजगार के इंजन के रूप में देखते हैं। उदाहरण के लिए जैसे एक आधुनिक जहाज में सैकड़ों टन स्टील, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, हजारों कलपुर्जे लगते हैं। सबके पीछे हजारों कंपनियां काम करती हैं यानी हजारों युवाओं को रोजगार मिलता है। तीनों जहाजों में 200 से ज्यादा एमएसएमई का योगदान रहा है।

### अगले चरण में प्रवेश करे भारत

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जब भारत समुद्री शक्ति के अगले चरण में प्रवेश करे। सरकार ने जहाज निर्माण क्षेत्र को लेकर एक नई दृष्टि के साथ आगे बढ़ना शुरू किया है। कई नीतिगत सुधारों के साथ घरेलू निर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इस क्षेत्र, जहाजों की मरम्मत, रिसाइक्लिंग व मरम्मत रिपेयर डिपो (एमआरओ) को एक बड़े राष्ट्रीय मिशन के रूप में देखा जा रहा है। जहाजरानी क्षेत्र के लिए 70 हजार करोड़ रुपए का प्रोत्साहन पैकेज दिया गया है। जो मात्र एक आर्थिक निर्णय नहीं है। वह भारत के समुद्री भविष्य या औद्योगिक विकास में केंद्र द्वारा किया गया निवेश है। हम आज अपने समूचे समुद्री इकोसिस्टम को मजबूत बना रहे हैं। बंदरगाहों के आधुनिकीकरण से लेकर नई क्षमता, कनेक्टिविटी, नदी जलमार्गों का विस्तार जारी है। जिससे व्यापार लागत घटती है, उद्योगों को नई गति मिल रही है और तटीय क्षेत्रों में नए अवसर बन रहे हैं।

---

**निर्यातकों को बड़ा लाभ मिलेगा**

# मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स : यूरोप के विशाल बाजार में उतरेगा भारतीय उत्पाद वो भी शुल्क-मुक्त

**भारत के 93 फीसदी निर्यात को होगा फायदा**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर इस वर्ष दिसंबर तक हस्ताक्षर होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद यह समझौता अगले वर्ष फरवरी-मार्च तक लागू हो सकता है।

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि यह समझौता भारतीय उद्योग और निर्यात क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।

इसके लागू होने के बाद भारतीय कंपनियों को लगभग पूरे यूरोपीय बाजार में बेहद कम या शून्य सीमा शुल्क (ड्यूटी) के साथ अपने उत्पाद निर्यात करने का अवसर मिलेगा, जिससे भारतीय निर्यात को नई गति मिलेगी।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित समझौते के तहत भारत के लगभग 93 प्रतिशत निर्यात को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने की उम्मीद है। इससे भारतीय उत्पादों की यूरोपीय बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी और निर्यातकों को बड़ा लाभ मिलेगा।

### भारतीय निर्यातकों के लिए खुलेंगे नए अवसर

गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ दुनिया के सबसे बड़े और समृद्ध उपभोक्ता बाजारों में से एक है। ऐसे में यह समझौता भारतीय विनिर्माण, वस्त्र, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण जैसे कई क्षेत्रों के लिए नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी भूमिका लगातार मजबूत कर रहा है और यह समझौता देश को एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा। इसके साथ ही विदेशी निवेश को आकर्षित करने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में भी यह समझौता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### दो दशक की बातचीत के बाद बनी सहमति

भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ के बीच यह व्यापार समझौता लगभग दो दशकों से चर्चा और वार्ता का विषय रहा है। कई दौर की बातचीत और जटिल मुद्दों पर लंबे विमर्श के बाद इस वर्ष की शुरुआत में दोनों पक्षों ने समझौते के मूल स्वरूप पर सहमति बनाई थी। नीतिनिर्माताओं द्वारा इस समझौते को अक्सर "मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स" कहा जाता है, क्योंकि इसका दायरा और आर्थिक प्रभाव बेहद व्यापक माना जा रहा है। जनवरी में इसकी सैद्धांतिक घोषणा की गई थी और वर्तमान में यह कानूनी परीक्षण, तकनीकी समीक्षा तथा अन्य औपचारिक प्रक्रियाओं से गुजर रहा है।

### भारत-यूरोप आर्थिक संबंधों को मिलेगी नई मजबूती

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि यह समझौता केवल व्यापार बढ़ाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच आर्थिक, औद्योगिक और रणनीतिक साझेदारी को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा। इससे दोनों पक्षों के बीच निवेश, तकनीक हस्तांतरण, नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समझौता निर्धारित समय सीमा के अनुसार लागू होता है, तो यह भारत के निर्यात क्षेत्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक उपलब्धियों में से एक साबित हो सकता है और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

---

**आज के ही दिन वायुसेना ने महिलाओं के लिए खोले अपने दरवाजे, 12 को किया कमीशन**

# वायुसेना की प्रशासनिक और शिक्षा शाखाओं में शामिल हुआ था महिलाओं का पहला बैच

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

21 जून यानी रविवार की तारीखभारतीय वायुसेना के लिए बेहद खास होने के साथ ही ऐतिहासिक भी है। क्योंकि इसी दिन वर्ष 1993 में उसकी प्रशासनिक और शिक्षा जैसी दो शाखाओं में कुल 12 महिलाओं का पहला बैच शामिल (कमीशन) हुआ था।

यह वही दिन है जब पहली बार वायुसेना ने अपने दरवाजे महिलाओं के आधिकारिक रूप से खोले थे। इस दिन को देश का हवाई सुरक्षा प्रदान करने वाले सैन्य बल अपनी राष्ट्र सेवा की यात्रा में और अधिक समावेशिता और जागरूकता के साथ आगे बढ़ने के कदम के रूप में परिभाषित करता है। यह जानकारी वायुसेना ने एक्स पर एक पोस्ट साझा कर दी है।

**यह जानकारी वायुसेना ने एक्स पर एक पोस्ट साझा कर दी**



### पोस्ट में शामिल की पेपर की कटिंग

वायुसेना ने पोस्ट में यह भी बताया कि 21 जून 1993 को भारतीय वायुसेना के प्रशासन और शिक्षा शाखाओं में 12 महिला अधिकारियों का पहला बैच शामिल किया गया था। उस समय अग्रदूत, अब प्रेरणास्रोत, उनकी विरासत पीढ़ियों को ऊंचा लक्ष्य रखने और गर्व के साथ राष्ट्र सेवा करने के लिए सशक्त बनाने का कार्य जारी रखती है। इसके अलावा पोस्ट में वायुसेना ने देश के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी अखबार की 1993 की एक बेहद पुरानी न्यूज कटिंग को भी शामिल किया है। जो वायुसेना के इस ऐतिहासिक कदम का अद्भुत प्रमाण प्रस्तुत करती है। औपचारिक रूप से वायुसेना ने अपने दरवाजे महिलाओं के लिए वर्ष 1992 में ही खोल दिए थे।

### वर्तमान में संख्या बढ़कर हुई 1880

वर्तमान में वायुसेना में महिला अधिकारी युद्धक मोर्चे (अग्रिम अड्डों, पायलट, हथियार प्रणाली संचालकों सहित ग्राउंड ड्यूटी) पर भी तैनात हैं यानी वह अपने पुरुष समकक्ष अधिकारियों के साथ लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर तक उड़ा रही हैं। वहीं, अब इनकी अनुमानित संख्या वायुसेना में 1 हजार 880 तक पहुंच गई है। जो कि कुल अधिकारी कैडर का 14.6% है। बीते दिनों हैदराबाद की डिंडीगुल वायुसेना अकादमी में पासिंग आउट परेड में 37 महिला कैडेट को वायुसेना में आधिकारिक रूप से कमीशन किया गया है। दिसंबर 2023 से अग्निवीर वायु योजना के तहत भी बल में महिलाओं की तैनाती जारी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109